आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 143, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पूजा-राधा के सामने दक्षिण अफ्रीका ढेर 13

कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ 14

# कठुआ आतंकी हमले में शहीद पांचों जवानों के पार्थिव शरीर पहुंचे देहरादून

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** जम्मू कश्मीर के कठुआ आतंकी हमले में शहीद उत्तराखंड के पांचों जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम दिग्गजों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से शहीदों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेज दिए जाएंगे। जवानों के बलिदान से देवभूमि में शोक की लहर है।

बीती रोज जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकियों ने घात लगाकर सेना पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। सेना ने भी काउंटर अटैक कर जवाबी फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। इस आतंकी हमले में उत्तराखंड के पांच वीर सपूत शहीद हो गए। जिसमें जेसीओ (नायब सूबेदार) आनंद सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सिंह, राइफलमैन अनुज सिंह, नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी में शामिल हैं।

राइफलमैन आदर्श नेगी टिहरी जिले के कीर्तिनगर में थाती डागर के रहने वाले थे। नायक विनोद सिंह टिहरी के जाखणीधार तालुक के चौंद जसपुर गांव के रहने वाले थे। नायब सूबेदार आनंद सिंह रुद्रप्रयाग जिले के कांडाखाल के रहने वाले थे। हवलदार कमल सिंह पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के पापरी गांव के रहने वाले थेष जबकि राइफलमैन अनुज नेगी पौड़ी जिले के रिखणीखाल तालुक के डोबरिया गांव के रहने वाले थे। पांचों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर देहरादून पहुंच गए। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर बलिदानियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, डीएम व एसएसपी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयरपोर्ट से पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास स्थान को भेजा जाएगा। वहीं शहीदों को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री धामी ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार



अनुज नेगी | आनंद सिंह रावत | कमल सिंह | आदर्श नेगी | विनोद सिंह

## जवानों की शहादत पर मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुःख

**देहरादून।** जम्मू के कठुआ में हुए आतंकवादी हमले में उत्तराखंड के पांच जवानों के शहीद होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से शहीदों की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान की कामना की है। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हरसंभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे रणबांकुरों ने उत्तराखंड की समृद्ध सैन्य परंपरा का पालन करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। मां भारती की रक्षा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध शहीदों का यह सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस कायरतापूर्ण हमले के दोषी, मानवता के दुश्मन आतंकवादी किसी भी क़ीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे और इनको पनाह देने वाले लोगों को भी इसके परिणाम भुगतने होंगे।

## डोडा में आतंकवादियों से सुरक्षा बलों की मुठभेड़

- कठुआ में आतंकियों की तलाश में जुटे सुरक्षाबल

**जम्मू/कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के सुदूर वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जब घड़ी भगवा जंगल में तलाशी एवं घेराबंदी अभियान चलाया तो मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी जारी थी। वहीं, कठुआ जिले में सेना के गश्ती दल पर घातक हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए मंगलवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डीजीपी आरआर स्वैन अभियान की निगरानी के लिए पहुंचे। एडीजी आनंद जैन के साथ डीजीपी स्वैन ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। तलाश अभियान का दायरा बढ़ाकर उधमपुर और कठुआ के समीपवर्ती जिलों के बड़े क्षेत्रों को शामिल कर लिया गया है, जिनमें बसंतगढ़, सेओज और कठुआ जिले के बानी, डग्गर और किंडली के ऊपरी इलाके शामिल हैं। सेना की पैरा इकाई के विशेष सुरक्षा कर्मियों को विशिष्ट क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ लक्षित अभियान के लिए तैनात किया गया है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# एसडीएम, सीओ समेत 6 निलंबित

## हाथरस हादसा : एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट, गहन जांच की बताई जरूरत, साजिश से इनकार नहीं

- आयोजकों की लापरवाही से हुआ हादसा, भीड़ को आमंत्रण देकर नहीं किया पर्याप्त इंतज़ाम
- पुलिस एवं प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी समुचित जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे के जिम्मेदारों पर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सिकंदराराऊ के एसडीएम, सीओ और तहसीलदार समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया है। इनमें चौकी इंचार्ज कचौरा और चौकी इंचार्ज पोरा भी शामिल हैं। हाथरस में 2 जुलाई को सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। दुर्घटना के एक सप्ताह के अंदर एसआईटी की 300 पन्नों की जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच में चश्मदीद गवाहों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे के लिए कार्यक्रम के आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना, साजिश से भी इनकार नहीं किया है।

मंगलवार को यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट में भोले बाबा को नहीं बल्कि आयोजकों और अफसरों को जिम्मेदार माना गया है। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति एसआईटी ने संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद सिकंदराराऊ के एसडीएम रावेंद्र कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार, थानाध्यक्ष आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार के अलावा चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह एवं चौकी इंचार्ज पोरा को शासन ने निलंबित कर दिया।

**अब न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का इंतजार :** हाथरस हादसे में दो सदस्यीय एसआईटी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद अब इंतजार न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट का है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट भी न्यायिक आयोग के पास है। आयोग को दो माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को देनी है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों उन्हें रोकने के लिए भी अपने सुझाव देने हैं। न्यायिक जांच के मुख्य बिन्दु में घटना कोई दुर्घटना है या फिर कोई षड्यंत्र? या कोई अन्य सुनियोजित आपराधिक घटना? जैसे सवालों को भी तलाशना है।



### जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हाथरस के भगदड़ मामले की जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मैंने कल ही याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता और वकील विशाल तिवारी ने इस याचिका पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। जनहित याचिका में भगदड़ मामले की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति का अनुरोध किया गया है।

### एसआईटी ने लिए 125 लोगों के बयान

हाथरस के सिकंदराराऊ में बीते दिनों सत्संग के बाद मची भगदड़ मामले की जांच को गठित एडीजी जोन आगरा और मंडलायुक्त अलीगढ़ की एसआईटी ने 2, 3 और 5 जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कुल 125 लोगों का बयान लिया गया, जिसमें प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों का बयान भी लिया गया। घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, स्थलीय वीडियोग्राफी, छायाचित्र, विडियो क्लिपिंग का भी संज्ञान लिया गया।

### तथ्यों को छिपाकर ली गई अनुमति

जांच समिति ने हादसे के पीछे किसी बड़ी साजिश से भी इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है। दरअसल, उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सिकंदराराऊ द्वारा बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी गई और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत भी नहीं कराया। उक्त अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया गया। आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति ली। अनुमति के लिए तय शर्तों का अनुपालन भी नहीं किया गया।

### जांच के मुख्य तथ्य

- अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित कर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई।
- कार्यक्रम के लिए दी गई अनुमति की शर्तों का पालन किया गया।
- बिना पुलिस वेरिफिकेशन के जोड़ा गया, उनसे अव्यवस्था फैली।
- आयोजक मंडल द्वारा पुलिस के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया।
- स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास हुआ।
- सत्संगकर्ता और भीड़ को बिना सुरक्षा प्रबंध आपस में मिलने की छूट दी गई।
- किसी प्रकार की बैरीकेटिंग अथवा पैसेज की व्यवस्था नहीं बनाई थी
- हादसा घटित होने पर आयोजक मंडल के सदस्य घटनास्थल से भाग गए।

## एक नजर

### सिख फॉर जस्टिजस पर प्रतिबंध 5 वर्ष बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष के लिए और बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करके कहा कि सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि 10 जुलाई से पांच वर्ष के लिए बढ़ाई जाती है। अधिसूचना में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त है, इसलिए अधिनियम 1967 की धारा दो की उप धारा के एक के अंतर्गत यह कदम उठाया है।

### ईडी की चार्जशीट पर केजरीवाल तलब

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र पर यहां की एक अदालत ने मंगलवार को संज्ञान लिया। संघीय जांच एजेंसी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद और आम आदमी पार्टी का नाम लिया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आरोपपत्र पर संज्ञान लिया और 12 जुलाई के लिए सम्मन जारी किया।

## उत्तराखंड सरकार ने निलंबित किए थे लाइसेंस

# पतंजलि ने रोकी 14 उत्पादों की बिक्री

नई दिल्ली, एजेंसी

### सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

- 5606 फ्रेंचाइजी स्टोरों से उत्पादों को वापस लेने के दिए निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दी थी अवमानना नोटिस, निर्णय सुरक्षित

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री रोक दी है, जिनके निर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अप्रैल में निलंबित कर दिए थे। कंपनी ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि उसने 5,606 फ्रेंचाइजी स्टोर को इन उत्पादों को वापस लेने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि मीडिया मंचों को भी इन 14 उत्पादों के सभी विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को दो हफ्ते के भीतर एक हलफनामा दायर कर यह बताने का निर्देश दिया कि क्या विज्ञापन हटाने के लिए सोशल मीडिया मंचों से किए गए अनुरोध पर अमल किया गया है और क्या इन 14 उत्पादों के विज्ञापन वापस ले लिए गए हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की।

शीर्ष अदालत भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया गया है। उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने न्यायालय को बताया था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी के 14 उत्पादों के निर्माण लाइसेंस को 'तत्काल प्रभाव से निलंबित' कर दिया गया है। सर्वोच्च अदालत ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

## टनकपुर-तवाघाट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ सड़कें अभी भी बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** कुमाऊं मंडल में भारी बारिश और भूस्खलन से करीब 100 सड़कें बंद हैं। टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग दूसरे दिन भी बंद रहा। सैकड़ों वाहन हाईवे पर फंसे हैं।

नैनीताल जिले में दो राज्य मार्ग सहित 16 सड़कें बंद हैं। इसमें हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून राज्य मार्ग भी शामिल है। चकलुआ के पास निहाल नदी के तेज बहाव में पुलिया का नीचे का हिस्सा बह जाने से तीन दिनों पहले यह मार्ग अवरुद्ध हुआ था। हल्द्वानी से देहरादून का ट्रैफिक वाया रुद्रपुर जा रहा है। बागेश्वर जिले में बारिश से 20 सड़कें बंद थीं। जिनमें से कई को खोला भी गया है। इनके अलावा अन्य भी कई मार्ग बंद चल रहे हैं। बारिश कम होने के साथ ही सड़कों को तेजी के साथ खोले जाने का काम किया जा रहा है। चम्पावत जिले में दो दिन से 29 सड़कें अभी भी बंद हैं। इनमें टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल है। शनिवार शाम को इस हाईवे को खोल दिया गया था, लेकिन रविवार सुबह फिर कई जगह मलबा आने से हाईवे बंद हो गया। अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में कुल 12 सड़कें पिछले दो दिनों से बंद हैं।

## नशेड़ी भतीजे ने चाचा को मारी गोली

- पालतू कुत्ते को लेकर हुई थी कहासुनी, देर रात घर जाकर दिया वारदात को अंजाम
- हालत गंभीर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** टनकपुर कोतवाली से लगे ग्राम नायकगोठ में सोमवार की देर रात नशेड़ी भतीजे ने चाचा को गोली मार दी। उन्हें बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी है।

जानकारी के मुताबिक नायकगोठ निवासी खनन व्यवसायी दीपक सिंह उर्फ बिट्टुल पुत्र जोत सिंह (39) सोमवार रात घर पर थे। देररात करीब 11 बजे उनका भतीजा वहां आया।दीपक सिंह के बरामदे में आए तो भतीजे की उनसे पालतू कुत्ते को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो भतीजे ने दीपक पर तमंचे से फायर झोंक दिया। पेट में गोली लगने से दीपक सिंह बरामदे में लहूलुहान हालत में गिर पड़े। चाचा के नीचे गिरते ही हमलावर ने एक हवाई फायर किया और फिर वहां से फरार हो गया। दो फायर की आवाज सुनते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहां दीपक लहूलुहान हालत में पड़े थे। आनन-फानन में परिजन ग्रामीणों की मदद से घायलावस्था में दीपक को उपजिला चिकित्सालय ले गए। चिकित्सकों के मुताबिक गोली पेट में लगी है। गंभीर हालत देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया।

उनका बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाल योगेश उपाध्याय ने मौके का निरीक्षण किया और घटना की जानकारी ली। कोतवाल का कहना है कि गोली तमंचे से चलाई गई है, लेकिन अभी मामले में तहरीर नहीं आई है। रिपोर्ट लिखते ही आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल के मुताबिक हमलावर नशेडी है और आए दिन झगड़ा करता रहता है।



घायल खनन व्यवसायी दीपक सिंह। ● अमृत विचार

## शिक्षा विभाग में 11 हजार पदों पर होगी भर्ती : रावत

- शिक्षा मंत्री बोले- अधिकारी शीघ्र शुरू करें भर्ती प्रक्रिया

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्तमान शैक्षणिक सत्र में विभिन्न संवर्ग के 11 हजार पदों को भरा जाएगा। विभागीय अधिकारियों को शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्राथमिक शिक्षकों, माध्यमिक शिक्षकों, समग्र शिक्षा, प्रधानाचार्यों एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने मंगलवार को अपने शासकीय आवास में विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा में लंबे समय से विभिन्न सवंर्गों में रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न संवर्गों में लगभग 11 हजार पद रिक्त हैं, जिन्हें वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भरा जाएगा। जिसमें प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षकों के 3900, माध्यमिक शिक्षा के तहत सहायक अध्यापकों के 1500, प्रवक्ता 700, प्रधानाचार्य 650, उप खंड शिक्षा 100, डायट के 624, समग्र शिक्षा के अंतर्गत सीआरपी-बीआरपी सहित विभिन्न संवर्ग के 1500 पद तथा चतुर्थ श्रेणी के लगभग 2500 पद भरे जाएंगे।

## बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

## मुंबई में दंपती को टक्कर मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से स्कूटी को टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार मुख्य आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया है।

शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटी को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया। मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिहिर के पिता राजेश शाह ने अपने बेटे को भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई और वारदात में शामिल वाहन को वहां से हटाने की साजिश रच रहा था।

## प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

### राष्ट्रपति पुतिन ने सौंपा ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल



**मॉस्को।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। उन्होंने यहां एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद 'एक्स' पर लिखा कि ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं। वर्ष 1698 में यीशू के प्रथम प्रचारक और रूस के संरक्षक संत सेंट एंड्रयू के सम्मान में जार पीटर द ग्रेट द्वारा स्थापित ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

## नीट-यूजी : पटना से दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक बिहार से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात के लातूर और गोधरा में में एक-एक व्यक्ति को तथा साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# नैनी झील ने बनाया रिकॉर्ड, दस दिनों में भरा सात फीट पानी

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी की झील ने ऐसा रिकार्ड बनाया है, जो चिंता में डालने वाला है। पहली बार दस दिन में सात फीट पानी झील में भरा है। झील नियंत्रक झील में पानी भरने की तीव्र रफ्तार को अव्यावहारिक मान रहे हैं। नैनी झील का अस्तित्व शायद लाखों-करोड़ों वर्ष पुराना हो। मगर झील में पानी भरने के स्रोत मानसून और पश्चिमी विक्षोभ की बारिश प्राकृतिक जलस्रोत हैं। मानसूनी बारिश सबसे बड़ा स्रोत रहा है। जलस्तर घटने और बढ़ने की पैमाइश ब्रिटिशकाल से शुरू हुई, जो आज तक जारी है। झील भरने का क्रम एक नियंत्रित गति के साथ रहा है, जो बारिश की मात्रा पर निर्भर करता है। मगर इस बार झील में पानी बारिश की मात्रा की तुलना में कहीं अधिक भरा है, जो वास्तव में चिंता का विषय है। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक 26 जून से छह जुलाई के बीच बारिश लगभग दो फीट हुई और झील में पानी की मात्रा सात फीट को पार कर गई, जबकि नालों व प्राकृतिक स्रोतों से आने वाले पानी की मात्रा बारिश की मात्रा से दोगुने के लगभग ही होनी चाहिए, लेकिन इसके बावजूद करीब तीन फीट अधिक बढ़ गया। जिस कारण चिंता स्वाभाविक है।



नैनीताल झील में बढ़ा पानी। ● अमृत विचार

## जलस्तर में इतनी तेज वृद्धि बनी चिंता का सबब

### भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना बड़ा कारण

**नैनीताल।** झील नियंत्रण कक्ष के निरीक्षक रमेश सिंह गैड़ा के अनुसार झील भरने की रफ्तार का बड़ा कारण भूमि के जल सोखने की क्षमता कम होना है। नगर के अधिकांश मार्ग सीमेंट से बने होने के कारण पानी बहकर झील में चला जाता है। साथ ही अधिक भवन निर्माण के चलते जमीन के पानी सोखने का दायरा कम हो चला है। जिस कारण बारिश का पूरा पानी झील में चला जाता है। नैनी झील की गहराई में कमी आई है। इसका कारण झील में बेशुमार गाद भर जाना है। पिछले करीब चार दशक पहले तक झील की अधिकतम गहराई 90 फीट से अधिक थी, जो अब घटकर 72 फीट रह गई है। नगर में भवन निर्माण का मलबा झील में पहुंचना इसका बड़ा कारण माना जाता है। झील के चारो ओर हरे-भरे जंगलों में पिछले कुछ दशक से वैध-अवैध निर्माणों की बाढ़ से भूमि की नमी बनाए रखने वाले हरे-भरे पेड़ों का पतन भी तेजी से बढ़ा है। रिहायशी कालोनियों के बनने व सीसी मार्ग के मकड़जाल से भी जमीन में धीमी गति से रिसने वाला बरसाती पानी अब सीधे झील मे पहुंच रहा है। झील में तेजी से जलभराव का भी ये एक मुख्य कारण है।

## सार-संक्षेप

### रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज का भूमियाधार में शिविर 13 से



**भवाली** : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली क्षेत्र में मेडिकल कैम्प आयोजित करने जा रहा है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक सरिता आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज की ओर से यह कैंप नि :शुल्क लगाया जाएगा। इसमें आंखों की जांच, कान की मशीन, मोतियाबिंद के आपरेशन, दवाओं सहित अन्य सुविधाएं नि :शुल्क मिलेंगी। शिविर का आयोजन दो दिन 13 और 14 जुलाई (शनिवार व रविवार) को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक भूमियाधार स्थित प्राइमरी विद्यालय के पास किया जाएगा। विधायक सरिता आर्या ने अधिक से अधिक लोगों से व ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### बंद मार्गों को खोलने को जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**भीमताल** : पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री हरीश पनेरू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर विकासखंड ओखलकांडा में बंद पड़े मोटर मार्गों को खोलने की मांग की है। ज्ञापन में अवज्ञत कराया कि पतलोट से छिड़ाखान सड़क पिछले तीन दिनों से बंद होने के कारण सुवाकोट–पोखरी, पदमपुर–मिडार, अधौड़ा–डुगरी सहित एक दर्जन गांवों की मुख्य सड़क बंद है। ग्रामीण क्षेत्र की जनता पतलोट में पिछले तीन दिनों से फंसी है तथा ग्रामीण जनता को रोजमर्रा की सामग्री के लिए काफी परेशानी हो रही है, इसके अतिरिक्त गौनियारौ, हरीश ताल, कौंता, पटरानी, ककोड़ निर्माणाधीन मोटर मार्ग, देवली पश्यां मोटर मार्ग भी बंद है। वहीं तेज बरसात के कारण डालकन्या में गोशाला टूटने के कारण एक गाय दब कर मर गई। उम्मेद सिंह, नयाल पुरा का मकान खतरे की जद में है। उन्होंने क्षेत्र की बंद पड़ी मोटर मार्ग को शीघ्र खोलने की मांग की। वहीं प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग भी की है।

### भीमताल में मकान के ऊपर आया मलबा

**भीमताल** : भीमताल में वार्ड संख्या छह में स्थान–स्थान पर भूस्खलन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। तीन दिन की लगातार बारिश में जून स्टेट में दुर्गा दत्त पांडे के घर में बरसात के कारण मलबा आने से मकान को काफी नुकसान हुआ है। निर्वतमान सभासद बंटी आर्या ने बताया कि ऊपर से मलबा पूरा मकान के अंदर समा गया और भवन को काफी क्षति हुई। वहीं उन्होंने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए प्रभावित परिवार को राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं वार्ड के ही कुआंताल क्षेत्र में बिशन राम के परिवार के भवनों के ऊपर खतरा बरकरार है। यहां ऊपर से काफी अधिक मात्रा में आरबीएम उनके तीन मकानों के ऊपर गिरा हुआ है। ऐसे में प्रभावित परिवार ने अब तक कोई राहत कार्य प्रारंभ नहीं होने की जानकारी दी है।



लालकुआं तहसील में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते मोहल्लेवासी।

### क्षतिग्रस्त सीसी मार्ग व नाली बनवाने को सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं** : रेलवे यार्ड में जलभराव के बाद खड्डी मोहल्ले की क्षतिग्रस्त सीसी मार्ग व नाली को लोगों ने आपदा राहत कोष से बनाने की मांग की है। बकायदा मोहल्ले वासियों ने इस आशय का ज्ञापन तहसील लालकुआं में दिया है। नाली व सीसी मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण नाली का पानी पूरे मोहल्ले में फैल रहा है। इसी से क्षुब्ध होकर नगर वासियों ने तहसीलदार लालकुआं को संबोधित ज्ञापन उनकी अनुपस्थिति में तहसील के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इससे पूर्व तहसीलदार लालकुआं मनीषा बिष्ट के निर्देश पर हल्का पटवारी एलएन यादव ने क्षतिग्रस्त नाली व मार्ग का मौका मुआयना किया। ज्ञापन देने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवन पांडे, सचिव जितेंद्र पाल, हाजी रहीश अहमद, राजाराम, श्याम सिंह चौहान, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद हारुन, पूर्व सभासद हेमन्त पांडेय आदि शामिल थे।

### बिना कागजात के घूम रहे फेरी वालों को लौटाया

**भीमताल** : भीमताल में इन दिनों अचानक फेरी लगाकर उत्पाद बेचने वालों की संख्या बढ़ गई है। इन लोगों की लगातार बढ़ती संख्या से व्यापारी परेशान हैं। स्थानीय व्यापारियों ने स्थानीय उपभोक्ताओं से विभिन्न संचार माध्यमों से गुणवत्ता वाला माल बाजार से खरीदने का निवेदन किया है। व्यापारी नेता पंकज जोशी और भाष्कर भगवाल लवेन्द्र रौतेला ने बताया कि घर घर घूमने वाले यह फेरी लगाने वाले महिलाओं और बच्चों को अपना माल अच्छा बताकर बेच रहे हैं। वहीं स्थानीय उपभोक्ताओं ने भी अवगत कराया कि ढोलक बस्ती हल्द्वानी से कुछ युवक बरसाती बेच गए जो कि बारिश होने पर कार्य नहीं कर रही है और पूरा पानी बरसाती से शरीर के अंदर आ रहा है। वहीं स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि यह घर घर फेरी लगाने वालों के पास फेरी लगाने के लिए आवश्यक दस्तावेज भी नहीं है। जिस कारण संदेह है। इधर कुछ व्यापारियों ने इस प्रकार फेरी लगाकर माल बेचने वालों को बाजार और आसपास से वापस भेज दिया। फिलहाल व्यापारियों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए कोई रास्ता निकालने की बात भी अन्य व्यापारियों से की है।

### पुलिस ने गुमशुदा को खोजकर परिजनों को सौंपा

**भीमताल** : भीमताल पुलिस ने गरमपानी से चार जुलाई से गुमशुदा 22 वर्षीय युवती को हल्द्वानी से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपनी पुत्री को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा नैनीताल पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

### लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया

**भीमताल** : भीमताल पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी ने बताया कि फरार वारंटी नीरज कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी दाडिमा मुक्तेश्वर को मुक्तेश्वर पुलिस की मदद से अभियुक्त के घर दाडिमा थाना मुक्तेश्वर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### भाजपा पदाधिकारियों ने किया चार्टन लॉज का निरीक्षण

**नैनीताल** : बीते दिनों चार्टन लॉज में हुए भूस्खलन क्षेत्र का मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में बताया, जिसको लेकर भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने ईओ पूजा चंद्रा को क्षेत्र की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा प्रभावित परिवारों की समस्या को दूर करने की मांग की। इस दौरान अरविंद पडियार, भूपेंद्र रावत, मोहित लाल साह आदि मौजूद रहे।

# वर्तमान में सरोवर नगरी में तीन शत्रु संपत्तियां चिन्हित हैं : जिलाधिकारी

## मेट्रोपोल के निरीक्षण को पहुंची केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम को दी जानकारी

संवाददाता, नैनीताल



मेट्रोपोल क्षेत्र का निरीक्षण करते केंद्रीय गृह मंत्रालय से आए अधिकारी व जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : राज्य अतिथि गृह में केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को अभिरक्षक शत्रु संपत्ति और केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम ने मेट्रोपोल तथा अन्य शत्रु संपत्ति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के बाद अधिकारियों ने मेट्रोपोल का निरीक्षण भी किया। उसके बाद टीम ने नैनीताल की शत्रु संपत्ति का विवरण और कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि तीन शत्रु संपत्ति वर्तमान में चिन्हित हैं जिसमें मेट्रोपोल हिल्स होटल प्रा.लि. मल्लीताल की 8.72 एकड़ शत्रु संपत्ति है, जिसमें 0.690 एकड़ भूमि पर मेट्रोपोल के पुराने भवन निर्मित है, जो जीर्ण क्षीर्ण अवस्था में है। शेष 1.22 एकड़ भूमि नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग से नीचे की तरफ स्थित है, जिसका अवैध कब्जा हटा दिया गया, जबकि 0.050 एकड़ भूमि नैनीताल कालाढूंगी मार्ग में निर्मित है। शेष भूमि खाली है, जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा वर्तमान में पार्किंग की जा रही है। सनी बैंक स्थित अयारपाटा में शत्रु संपत्ति का क्षेत्रफल में 716.81 वर्ग मीटर है, जबकि कोठी नंबर-75 ए काशनाई अहमद काटेज राजभवन रोड तल्लीताल जिसका क्षेत्रफल 381.71 वर्ग मीटर है।

डीएम ने कहा कि मेट्रोपोल वाले क्षेत्र में पार्किंग बनाने से पर्यटन नगरी में जाम की समस्या का समाधान होगा। साथ ही पार्किंग बनाने के लिए प्लान से भारत सरकार की टीम को अवगत कराया। कहा कि पहले चरण सरफेस पार्किंग बनाई जाएगी। मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति पर राज्य सरकार को पार्किंग बनाए जाने की अनुमति के संबंध में पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री से अनुरोध किया था, जिसके बाद केंद्र सरकार और अभिरक्षक की टीम ने नैनीताल का दौरा किया। इस दौरान शत्रु संपत्ति संरक्षक राहुल रमेश नंगारे, सलाहकार कर्नल संजय साह, अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, एसडीएम राहुल शाह, एसडीएम प्रमोद कुमार, लोनिवि एंक्शन रत्नेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# लोवर माल रोड के ट्रीटमेंट को छठी बार निविदा जारी

संवाददाता, नैनीताल

**विशेष परियोजना**

**▸▸ पांच बार से नहीं मिल रहा कोई ठेकेदार, 3.48 करोड़ रुपये रखा गया है बेस प्राइज**

सोमवार को लोवर मॉल के ट्रीटमेंट के लिए छठी बार टेंडर अपलोड किया गया है। साथ ही टिहरी हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन (टीएचडीसी) को डिजाइन में परिवर्तन करने के लिए भी पत्र भेजा गया है। लगभग एक माह बाद टेंडर खोले जाएंगे। **–जीएस जनौटी**, सहायक अभियंता लोनिवि

**अमृत विचार** : लोक निर्माण विभाग की ओर से सोमवार को लोवर माल रोड के बुनियादी ढांचे के पुनर्विकास के लिए निविदा अपलोड करने का एक और प्रयास किया गया है। यह छठवां अवसर है जब इस विशेष परियोजना के लिए निविदा जारी की गई है।

लोनिवि ने पहले इस प्रक्रिया का पांच बार प्रयास किया है, जिसमें ठेकेदारों की ओर से आवश्यकताओं का अनुपालन न करने के कारण असफल रहे थे। इन असफल प्रयासों के बाद, टिहरी हाइड्रो पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (टीएचडीसी) को निविदा विनिर्देशों का नया स्वरूप तैयार करने के लिए लोनिवि की ओर से पत्र भेजा गया गया है।

लोवर माल रोड के उपचार की अनुमानित लागत लगभग 3.48 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि निविदा एक महीने बाद खोली जाएगी, जिसके बाद एक ठेकेदार का चयन किया जाएगा। लोनिवि ने उम्मीद जताई है कि यह छठी बार निविदा सफल परिणाम देगी।

लोवर माल रोड का ट्रीटमेंट में देरी होना और भूस्खलन होना स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। माल रोड के पुनः डिजाइन का उद्देश्य लगातार भूस्खलन के खतरों को कम करना है, जिसने क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर दिया है।

## पांच दिन से बिजली नहीं आने पर ग्रामीणों में रोष

**भीमताल**: विकासखंड से कुछ ही दूरी पर मलवाताल से ताडा तक पिछले पांच दिनों से बिजली नहीं आने से अब ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। गांव के ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता खीम सिंह गंगोला ने बताया कि वह पिछले पांच दिनों से बिजली विभाग में बिजली नहीं आने की सूचना दे रहे हैं। बिजली विभाग के द्वारा पिछले पांच दिनों से आदमियों के क्षेत्र की लाइन में कार्य किए जाने की सूचना दी जा रही है। ग्रामीणों ने अब आंदोलन करने का ऐलान किया है। इस दौरान सामाजिक कार्यकरता खीम सिह गंगोला, भवान सिंह गंगोला, हरीश सिंह गंगोला, शेर सिंह नयाल, दीवान सिंह नयाल, गंगा सिंह गंगोला आदि लोग मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

**भीमताल** : विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई। इस दौरान जल जीवन मिशन के धीमे गति से हो रहे कार्य पर नाराजगी व्यक्त की। सीडीओ ने कार्य को पूर्ण करने के निर्देश के साथ 15 दिनों के भीतर योजना में खासा कार्य करने के निर्देश दिए।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# सुरक्षा दिलाने की याचिका दूसरी खंडपीठ को भेजी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने सूचना का अधिकार कार्यकर्ता चोरगलिया निवासी भुवन चंद्र पोखरिया को सुरक्षा दिलाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामला दूसरी खंडपीठ को भेज दिया है।

मामले के अनुसार पोखरिया ने कहा कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने स्टोन क्रेशर, खनन भंडारण सहित एनजीटी व हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना की। इसका घोर विरोध पोखरिया ने किया, लेकिन सरकार ने कृत्यों को छिपाने के लिए उन्हीं के खिलाफ चोरगलिया पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 107, 116 की कार्यवाही की। फिर उनका लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर मालखाने में जमा करा दिया। जब उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल ने उन्हें दोषमुक्त करार दिया। पुलिस ने दोषमुक्त अपराधों को आईपीसी की धारा 16 व 17 में उन्हें दोषी दिखाकर गुंडा एक्ट की कार्यवाही करते हुए जिला बदर की कार्यवाही कर दी, लेकिन न्यायालय ने इस मामले में भी उन्हें 2022 में दोषमुक्त कर दिया और बीती 15 जनवरी 2024 व 18 जनवरी 2024 को उन्होंने डीजीपी से शिकायत की। राज्य सूचना आयोग ने उनके प्रकरण पर सुनवाई करते हुए एसएसपी नैनीताल को सुरक्षा देने के निर्देश दिए। एएसपी हल्द्वानी ने गलत जांच रिपोर्ट बनाकर पेश की। याचिका में राज्य सरकार, डीजीपी, डीआईजी, एसएसपी नैनीताल और एसएसपी ऊधम सिंह नगर को पक्षकार बनाया है।

# तीन मुख्य मार्गों पर 10 डेंजरजोन चिन्हित किए

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार**: मॉनसून सीजन में तेज बारीश के दौरान नैनीताल शहर में प्रवेश करना खतरनाक साबित हो सकता है। लोक निर्माण विभाग और एन एच के अधिकारियों ने शहर के तीन मुख्य मार्गों पर 10 स्थान पर डेंजर जोन चिन्हित किए हैं जहां पर बारिश के दौरान पत्थर और मलवा गिरने का सबसे ज़्यदा खतरा है।

बता दें कि नैनीताल शहर को अन्य शहरों हल्द्वानी, भवाली व कालाढूंगी से जोड़ने वाले तीन मुख्य मार्ग हैं। जिसमें से नैनीताल हल्द्वानी सड़क एनएच, नैनीताल-भवाली व नैनीताल-कालाढूंगी सड़क मार्ग लोनिवि के पास हैं। बरसात में तीनों सड़कों में भूस्खलन व पत्थर, मलबा गिरने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे कई बार हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में विभाग लगातार सड़कों की निगरानी करते हैं। इधर बरसात के दौरान भी सड़कों पर मलबा व पत्थर गिरना शुरू हो चुका है, जिसके चलते कई बार यातायात भी बाधित रहता है। विभागों की माने तो नैनीताल हल्द्वानी रोड में तीन स्थानों गुलाब घाटी, मड हाउस के समीप व हनुमान गढ़ी में डेंजर जोन चिन्हित किए हैं। वहीं नैनीताल- भवाली रोड में पाइंस व पुरानी चुंगी के पास और नैनीताल कालाढूंगी रोड बूड़ा पहाड़ व अन्य चार स्थानों पर डेंजर जोन चिन्हित किए हैं। लोनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी व एनएच के अपर सहायक अभियंता गोधन मनराल ने बताया कि चिन्हित डेंजर जोन में बारिश के दौरान विशेष नजर रखी जा रही है। बताया कि मलबा गिरने की संभावना के चलते क्षेत्रों में पहले से ही जेसीबी मशीने खड़ी की गई हैं।

## तहसील दिवस में मिलीं कई समस्याएं

**भीमताल, अमृत विचार** : विकासखंड ओखलकांडा में तहसील दिवस पर कई समस्याओं का पंजीकरण हुआ। इसमें क्षेत्र की आपदा से संबंधित समस्याएं एवं पानी-बिजली की समस्याओं का पंजीकरण अलग-अलग क्षेत्र के ग्रामीणों ने करवाया। क्षेत्र पंचायत सदस्य रवी गोस्वामी ने बताया कि उनकी ओर से विवाह पंजीकरण कराने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान साहसिक खेलों को एवं पर्यटन को बढ़ावा देने की विशेष अपील की गई। इस दौरान तहसीलदार खनस्यू रोहताश सागर, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपलब्ध थे।

# भूमियाधार में युवक ने फांसी लगा जान दी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : नैनीताल के समीप भूमियाधार गांव में एक युवक संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे में लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। भूमियाधार निवासी पवन कुमार (38) अपनी पत्नी व दो बच्चों के घर में रहता था। सोमवार को उसकी पत्नी व बच्चे उसके ससुराल गए हुए थे। देर शाम वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह देर तक दरवाजा न खोलने पर जब अन्य परिजनों ने उसके कमरे में झांका तो वह फंदे में लटका मिला। लोगों ने सूचना के बाद ज्योलिकोट चौकी इंचार्ज अविनाश मौर्य टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। अविनाश मौर्य ने बताया कि युवक घर के अंदर नायलॉन की रस्सी के फंदे में लटका था। युवक चार साल पहले भी ऐसा प्रयास कर चुका था। बताया कि सोमवार की रात भी वह शराब पीकर 10 बजे तक हल्ला कर रहा था, जिसके बाद वह अंदर सो गया जो देर रात बजे फंदे में लटक गया। जिसका पता सुबह चला।

## नदियों के चैनलाइजेशन की प्रगति रिपोर्ट पेश हो

**नैनीताल, अमृत विचार** : हाईकोर्ट ने नंधौर सहित प्रदेश की अन्य नदियों का चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत और हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी रिवर ड्रेजिंग नहीं कराने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की एकलपीठ ने राज्य सरकार से अगली तिथि तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

मंगलवार को हुई सुनवाई पर पोखरिया ने कहा कि 1 जुलाई 2024 को जिला प्रशासन ने तीन मशीन नंधौर नदी में सफाई के लिए उतारी गई।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

**हादसा** पड़ोसी बच्चों के साथ खेत किनारे गई थी 14 वर्षीय अनुष्का, पैर फिसलने से नदी में बही

# शांतिपुरी की किशोरी गौला नदी में बही, खोजबीन शुरू

संवाददाता, शांतिपुरी





मौके पर खोजबीन करती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: शांतिपुरी क्षेत्र में आठवीं कक्षा की छात्रा गौला नदी में बह गई। पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर खोजबीन शुरू कर दी है। साथ ही खटीमा से एसडीआरएफ की टीम भी छात्रा की खोज के लिए बुलाई गई है। परंतु खबर लिखे जाने तक छात्रा को नहीं ढूंढ़ा जा सका था।

मंगलवार शाम करीब छह बजे शांतिपुरी नंबर-3 निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट की 14 वर्षीय बेटी अनुष्का बिष्ट पड़ोसी बच्चों के साथ खेत किनारे गई थी। इसी दौरान अचानक छात्रा का पैर फिसलने से वह गौला नदी के तेज बहाव में बह गई। साथी बच्चों ने घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीण और परिजनों को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने छात्रा की खोजबीन शुरू कर दी और इसकी सूचना जिला प्रशासन व पुलिस को भी दे दी। रात करीब नौ बजे एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच कर छात्रा की खोजबीन में लग गई। लेकिन गौला का तेज बहाव और पानी गंदा होने के चलते छात्रा को ढूंढना बहुत मुश्किल था। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने खटीमा से छात्रा की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी बुला ली। देर रात समाचार लिखे जाने तक लापता छात्रा की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम भी जुटी रही। परिजनों ने बताया कि लापता छात्रा अनुष्का बिष्ट शांतिपुरी के ग्लोबल स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा थी। पिता राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बीती चार जुलाई को अनुष्का का जन्मदिन मनाया था, वह अपने चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

### आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रहेंगे कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है

32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.20 | सूर्यास्त 07.14

## एक नजर

### एक घंटा देरी से काठगोदाम पहुंची गरीब रथ

**हल्द्वानी :** कानपुर से काठगोदाम चलने वाली गरीब रथ मंगलवार को अपने निर्धारित समय से एक घंटा देरी से काठगोदाम स्टेशन पहुंची। आमतौर पर यह ट्रेन दोपहर 3.55 बजे काठगोदाम पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन करीब 5.02 बजे काठगोदाम पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को काठगोदाम से तय समय पर रवाना किया गया।

### दैवीय आपदा में नहर, सड़क और पेयजल की 226 इकाइयां ध्वस्त

**हल्द्वानी :** जनपद नैनीताल में अतिवृष्टि से 226 इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गईं। जिससे 102.63 लाख का नुकसान हुआ। अब इन इकाइयों को बनाने में 492.43 लाख रुपये का खर्च होगा। इसके अलावा दो पशु और एक गोशाला भी क्षतिग्रस्त हुई है। डीएम वंदना सिंह ने सभी विभागों को क्षतिग्रस्त संपत्तियों से नुकसान का आकलन और मरम्मत का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि जनता को बिजली, पानी, सड़क कनेक्टिविटी मिल सके।

# डॉक्टर को पीटने वाले छात्रसंघ अध्यक्ष पर लूट का मुकदमा

## एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला व साथियों पर डॉ. पुनीत गोयल के केबिन में घुसकर 40 हजार रुपये लूटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रंगदारी से इनकार करने पर एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला ने साथियों के साथ मिलकर शहर के प्रतिष्ठित डॉ. पुनीत कुमार गोयल पर हमला कर दिया। घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब डॉ. पुनीत रेडिएंट अस्पताल की ओपीडी में मरीज देख रहे थे। उन्हें अस्पताल में पीटते हुए खींच कर सड़क तक लाया गया और फिर लोगों से भरी सड़क पर पीटा। उन्हें जान से मारने और अपहरण करने की भी कोशिश की गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। डॉ. पुनीत की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लूट, बलवा समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में हिल्स व्यू एन्क्लेव लोहरियासाल मल्ला निवासी डॉ. पुनीत कुमार गोयल पुत्र हरि प्रकाश गोयल ने लिखा कि बीती 5 जुलाई की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह मुखानी रोड केवीएम स्कूल के पास स्थित रेडिएंट अस्पताल में अपने केबिन में मरीजों को देख रहे थे। तभी छात्र नेता विशाल सैनी अपने साथियों के साथ केबिन में घुसा आया और गालियां देने लगा। पुनीत कुछ समझ पाते इससे पहले ही विशाल सैनी व उसके साथियों ने गिरेबान पकड़ कर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। उक्त लोगों ने उनकी टेबल की दराज में रखे 40 हजार रुपये भी निकाल लिए। पीटते-घसीटते हुए वह डॉ. पुनीत को केबिन से बाहर ले आए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। करीब आधे घंटे बाद विशाल सैनी अपने साथी छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज रमोला, हितेश जोशी, राहुल मठपाल, मनीकेत तोमर, मोहित खोलिया व अन्य के साथ फिर आ धमका। केबिन में बैठे डॉ. पुनीत को फिर पीटना शुरू कर दिया। वह किसी तरह बचकर मदद की गुहार लगाते हुए अस्पताल से बाहर भागे। उन्होंने बगल के विवेकानंद अस्पताल में शरण लेनी चाही, लेकिन तभी पीछा कर आरोपियों ने उन्हें सड़क पर पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। उन्हें गाड़ी में डालकर अपहरण की कोशिश की गई। जिसके बाद उन्होंने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 333, 309(4), 115(2), 352, 351(2), 351(3) व 191(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**05** आरोपियों के खिलाफ मुखानी थाना पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के तहत दर्ज किया मुकदमा

**05** जुलाई की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल पुलिस ने भी लिया संज्ञान



मुखानी रोड स्थित इसी अस्पताल के बाहर छात्रसंघ अध्यक्ष और उसके साथियों ने डॉ. पुनीत को पीटा था। ● अमृत विचार

### साथियों ने दी हिम्मत तो कराया मुकदमा

डॉ. पुनीत ने पुलिस को बताया कि इस घटना के बाद से वह गहरे सदमे में है। इसी वजह से मुकदमा दर्ज कराने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। कुछ शुभचिंतकों ने उनकी हिम्मत बढ़ाई और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने को प्रोत्साहित किया। जिसके बाद वह मुखानी पुलिस के पास तहरीर लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घटना का वीडियो वायरल होने से वह मानसिक तौर पर प्रताड़ित हुए और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा खराब हुई है।

### परिवार की सुरक्षा की लगाई गुहार

डॉ. पुनीत ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि आरोपी उसका अपहरण करने में कामयाब नहीं हुए तो उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। डॉ. पुनीत का कहना है कि आरोपी ऊंचे रसूख और राजनीतिक पहुंच वाले लोग है। ऐसे में उन्हें और उनके परिवार को जान का खतरा है। पुनीत ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।


पांच जुलाई की घटना के दौरान आरोपियों के बीच घिरे डॉ. गोयल (पीली हाफ शर्ट में)

### आरोपियों पर लगी हैं ये धाराएं

- धारा 333- चोट पहुंचाना, हमला करना और गलत तरीके से रोकना। इसमें सात साल तक कारावास या अर्थदंड की सजा का प्रावधान।
- धारा 309 (4)- लूट। इसमें 10 से 14 साल तक कारावास का प्रावधान।
- धारा 115(2)- इरादतन चोट पहुंचाना। इसमें चालान, हिरासत और अर्थदंड का प्रावधान।
- धारा 352-शांतिभंग। इसमें दो साल तक कारावास का प्रावधान।
- धारा 351(2)- धमकी देना। इसमें दो साल कैद या अर्थदंड अथवा दोनों।
- धारा 351(3)- गंभीर चोट पहुंचाना। इसमें सात साल कैद का प्रावधान।
- धारा 191(2)- बलवा करना। इसमें दो साल तक कैद का प्रावधान।

### चुनाव लड़ने को रुपये नहीं दिए तो रची साजिश

डॉ. पुनीत कुमार गोयल का कहना है कि विशाल सैनी ने छात्रसंघ चुनाव के दौरान उनसे चुनाव लड़ने के लिए रुपये मांगे थे, लेकिन उन्होंने रुपये देने से इनकार कर दिया था। उसी दिन विशाल ने धमकी दी कि थी कि वह उन्हें छोड़ेगा नहीं। घटना के दिन जब विशाल अस्पताल पहुंचा तो उसने कहा कि 'तू चंगुल में फंस गया है। सुंदर नाम का मरीज जो अस्पताल में भर्ती है वह मेरे कहने पर ही तेरे अस्पताल में भर्ती हुआ था। अब मैं उसे डिस्चार्ज कराकर ले जा रहा हूं। उसके इलाज का जो रुपया दे दिया, उससे संतुष्टी कर। अब कोई रुपया नहीं मिलेगा, वैसी भी हम रुपये देने वालों में नहीं बल्कि लेने वालों में से हैं, बस मान ले कि बाकी के बचे रुपये वही हैं, जो मैंने तुझसे पहले छात्र संघ चुनाव के दौरान मांगे थे।

## गौला से 58 घंटे बाद फिल्टर प्लांट को मिला पानी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश थमने के बाद अब पेयजल व्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर आने लगी है। गौला नदी से पानी मिलने के बाद मंगलवार को फिल्टर प्लांटों से जलापूर्ति शुरू हो गई है। हालांकि अभी भी कुछ क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बारिश के चलते गौला नदी का जलस्तर 37 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया था। जिस पर सिंचाई विभाग ने काठगोदाम गौला बैराज के सभी गेट खोल दिये थे। इस कारण गौला नदी से जल संस्थान के फिल्टर प्लांटों को पानी नहीं मिल पा रहा था। शनिवार की रात 8 बजे से शीशमहल फिल्टर प्लांट की जलापूर्ति बंद हो गई थी, जो मंगलवार की सुबह 6 बजे शुरू हुई। गौला नदी से करीब 58 घंटे बाद जलापूर्ति सुचारू हुई। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि बैराज से पानी की आपूर्ति सुचारू होने से फिल्टर प्लांट को रिस्टोर होने में 4 घंटे तक का समय लग जाता है। इसके बाद ही पेयजल आपूर्ति की जाती है, अभी पेयजल आपूर्ति सुचारू होने में दो दिन का समय और लग जाएगा।

इधर, शीशमहल फिल्टर प्लांट से जलापूर्ति सुचारू होने के बाद मंगलवार को कई घरों में मटमैला पानी पहुंचा। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नैनीताल रोड, दमुवाढूंगा, इंदिरानगर, राजपुरा समेत अन्य इलाकों में पेयजल आपूर्ति के साथ मटमैला पानी पहुंच रहा है। फिल्टर करने के बाद ही लोग पानी का उपयोग कर रहे हैं।


सीसीटीवी कैमरे में कैद पेट्रोल पंप कर्मचारी को पीटता आरोपी। ● अमृत विचार

## पेट्रोल उधार न देने पर पंप कर्मी को बेरहमी से पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पेट्रोल उधार न देने पर नशे में धुत युवक की पेट्रोल पंप कर्मचारी से कहासुनी हो गई। पंप कर्मी नहीं माना तो युवक ने दुकान से मंगाकर उसे पैसे दिए और फिर उसे बुरी तरह पीट दिया। पूरी घटना पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

प्रेम सिनेमा के पास स्थित पेट्रोल पंप पर सोमवार देर रात एक युवक बाइक में पेट्रोल डलवाने पहुंचा। उसने 100 रुपये का पेट्रोल डलवाया और रुपये बाद में देने की बात कही। इस पर पंप कर्मचारी और युवक में तीखी बहस हो गई। पुलिस के मुताबिक युवक ने किसी परिचित से 100 रुपये मंगवाए और पेट्रोल पंप कर्मचारी को दिए। रुपये देने के बाद दोनों में फिर कहासुनी हो गई और अबकी युवक ने पंप कर्मचारी को पंप कार्यालय में घुस कर बुरी तरह पीट दिया। इस बीच पंप के दूसरे कर्मी पहुंचे और पहले वाले वाले कर्मी को बचाया। यह पूरी घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी में दर्ज हो गई। इस बीच मौका पाकर आरोपी फरार हो गया।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवक की तलाश के लिए टीम लगी है।

### बस अड्डे में महिला कर्मी के हाथ पर डंडा मारा

**हल्द्वानी :** बस अड्डे पर परिवहन निगम की महिला कर्मचारी को डंडा मारकर घायल कर दिया। डंडा मारने वाली भी महिला है। रोडवेज प्रशासन ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस में की है। सोमवार की देर शाम एक महिला बस अड्डा परिसर में अभद्रता कर रही थी जिस वजह से वहां माहौल असहज हो रहा था। यह देख रोडवेज की एक महिला कर्मचारी ने उसे रोका और ऐसा नहीं करने के लिए कहा तो आरोपी महिला आग बबूला हो गई। उसने महिला कर्मी के हाथ पर डंडे से प्रहार कर दिया। महिला के हाथ में चोट आई और खून बहने लगा। उसे बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हाथ में टांके लगाने पड़े। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बस अड्डा परिसर में अराजक तत्व घूमते रहते हैं। घटना की शिकायत पुलिस में कर दी है।

# वर्कशॉप लाइन बंद, नैनीताल रोड जाम

**बदइंतजाम**

- चोरगलिया की ओर जाने वालों की हो रही फजीहत
- वर्कशॉप लाइन में भूमिगत नहर धंसने से यातायात बाधित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वर्कशॉप लाइन में भूमिगत नहर के धंसने से नैनीताल रोड पर यातायात का भारी बोझ है। इसके चलते नैनीताल रोड और रेलवे स्टेशन रोड पर पूरे दिन जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। मंगलवार को भी नैनीताल रोड पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।

सीजन की पहली बारिश में बीते शुक्रवार को भूमिगत नहर का एक हिस्सा धंस गया था। वर्कशॉप लाइन की सड़क के लगभग बीच में हुए बड़े गड्ढे की वजह से इस सड़क पर अगले दिन से यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। शनिवार से सड़क सुधारीकरण का काम शुरू किया गया तो तिकोनिया की ओर से वर्कशॉप लाइन में यातायात के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई। जिसके बाद हल्द्वानी से चोरगलिया की ओर जाने वाले नैनीताल रोड से प्रेम सिनेमा हॉल होते हुए, रोडवेज बस अड्डे से या फिर मुख्य बाजार से वाया बनभूलपुरा होते हुए गुजर रहे हैं। यह सभी मार्ग बेहद संकरे हैं, जिसके चलते शुक्रवार को इन सभी स्थानों पर यातायात पूरे दिन रेंगता रहा।



नैनीताल रोड में एसडीएम कोर्ट के सामने जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

## मधुमक्खियों ने 65 लोगों को काटा, तीन हुए भर्ती

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कॉलटैक्स में मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। करीब 65 लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



लोगों के अनुसार नहर कवरिंग रोड पर एक होटल के पीछे पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता था। मंगलवार की दोपहर किसी अराजक तत्व ने छत्ते पर पत्थर मार दिया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते मधुमक्खियों का झुंड उनपर टूट पड़ा। नैनीताल और कॉलेटैक्स रोड पर हड़कंप मच गया। मधुमक्खी से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आये। कई लोग आसपास की दुकानों में घुस गये। मधुमक्खियों से बचने के लिए लोगों ने दुकानों के शटर तक गिरा दिए। मधुमक्खियां लोगों के घरों में भी घुस गईं। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक मधुमक्खियों ने लोगों को काटा। हमले से कॉलटैक्स चौराहा पर यातायात भी बाधित रहा। मधुमक्खियों के हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. हर्षित जोशी ने बताया कि तीनों मरीजों की हालत ठीक है। देर सायं मरीजों को घर भेज दिया गया।

## नहाते समय गधेरे के तेज बहाव में डूबा फौजी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** धारी विकासखंड के पदमपुरी मार्ग पर सड़क से नीचे बसे बमेटा गांव के गधेरे में मंगलवार शाम एक फौजी डूब गया।

एसडीएम धारी केएन गोस्वामी के मुताबिक पांच फौजी छुट्टी मनाने बमेटा गांव पहुंचे थे। ये लोग पास ही स्थित गधेरे में नहाने के लिए चले गए। नहाते वक्त एक फौजी गधेरे के तेज बहाव में डूब गया। विनोद सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी देवलचौड़ हल्द्वानी ने प्रशासन को घटना सूचना दी। बताया कि वह अपने दोस्त हिमांशु देफौटिया पुत्र पुष्कर देफौटिया निवासी बागेश्वर हाल निवासी कुसुमखेड़ा, प्रदीप नेगी पुत्र नंदन सिंह निवासी सोमेश्वर, आकाश बिष्ट पुत्र लाल सिंह निवासी शेरपुर देहरादून, चंदन सिंह निवासी मानपुर वेस्ट हल्द्वानी के साथ गधेरे में नहा रहा था। तभी हिमांशु देफौटिया पानी में डूब गया। वह और उसके सभी साथी कुमाऊं रेजीमेंट के नाइन यूनिट में तैनात हैं।

# दो हादसों में दो मौतें, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**दुखद**

- बीती 6 और 7 जुलाई की रात रामपुर रोड में हुए थे हादसे
- एक में बैंक कर्मचारी और एक में हुई थी कार सवार की मौत

**अमृत विचार :** रामपुर रोड में एक के बाद एक हुए दो हादसों में दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहली घटना 6 जुलाई और दूसरी 7 जुलाई को टीपीनगर चौकी क्षेत्र में हुई थी। पहली घटना में बैंक कर्मचारी को ट्रक ने रौंद दिया था। दूसरे मामले में दो कारों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

बरेली रोड स्थित शिशु भारती स्कूल के पास रहने वाले मोहन गोपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटी दीपक मनराल (29 वर्ष) गदरपुर स्थित एचडीएफसी बैंक में कर्मचारी था। बीती 6 जुलाई की रात करीब 10 बजे दीपक अपनी बाइक पर सवार होकर गदरपुर से हल्द्वानी लौट रहा था। बेलबाबा के पास एस मोड़ पर पीछे से आए राजस्थान नंबर के ट्रक ने दीपक को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे मामले में श्रीजी विहार पीलीकोठी बड़ी मुखानी निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 7 जुलाई की रात करीब साढ़े 9 बजे उनके पिता जयपाल सिंह (67 वर्ष) और मां रश्मि रानी बिजनौर से हल्द्वानी घर लौट रहे थे। रामपुर रोड स्थित नेक्सा शोरूम के पास हल्द्वानी की ओर से आई कार ने जयपाल की कार में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जयपाल की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी गई है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से घायल युवक की मौत

**हल्द्वानी :** गौलापार में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। लछमपुर कुंवरपुर गौलापार निवासी गौरव बेलवाल (36 वर्ष) पुत्र प्रकाश चंद्र 25 जून को बाइक से जा रहे थे। दौलतपुर के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गए। पहले उन्हें नैनीताल रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से परिजन उन्हें गंगाराम अस्पताल ले गए। वहां से एसटीएच ले आए। सोमवार रात इलाज के दौरान गौरव की मौत हो गई।

**अपराध** 50 लाख का माल उड़ाया, घर में ताला लगाकर इलाज कराने परिवार के साथ दिल्ली गए थे वरिष्ठ लिपिक

# कुसुमखेड़ा में चोरों ने खंगाला सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक का बंद घर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक का घर चोरों ने खंगाल डाला। सोने-चांदी के जेवर, नगदी व अन्य सामान सहित करीब 50 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। मुखानी थाना क्षेत्र में यह घटना सोमवार की रात हुई। चोर घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। घटना से पहले वरिष्ठ लिपिक घर में ताला लगाकर इलाज के लिए दिल्ली गए थे। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

कार्तिकेय कॉलोनी फेज टू कुसुमखेड़ा निवासी मोहन सिंह सूर्या वरिष्ठ लिपिक के पद से सेवानिवृत्त हैं। वह यहां पत्नी, बड़े बेटे व बहू के साथ रहते हैं। जबकि छोटा बेटा नितिन सूर्या नैनीताल हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं और वह नैनीताल में ही रहते हैं। नितिन के मुताबिक पिता सुगर के मरीज हैं। कुछ दिन पहले वह उपचार के लिए पूरे परिवार के साथ दिल्ली गए थे। सोमवार रात चोरों ने लोहे के चैनल को ईंट से मोड़ा और मुख्य द्वार तोड़ कर घर में घुस गए। चोरों ने सारे कमरे खंगाल डाले। अगली सुबह पड़ोसियों ने घर का चैनल टेढ़ा देखा तो सूचना नितिन को दी। जिसके बाद वह हल्द्वानी पहुंचे। नितिन के मुताबिक अलमारी के लॉकर में रखे करीब 50 लाख के जेवर, नगदी व अन्य सामान गायब है। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


चोरी के बाद घर में फैला सामान। ● अमृत विचार

### बेटे की शादी के लिए बनाये आभूषण भी चोरी

**हल्द्वानी :** कुछ वर्ष पहले मोहन सिंह सूर्या के बड़े बेटे सौरभ सूर्या की शादी हुई है। उनकी पत्नी व मां का लाखों का जेवर घर में पड़ा हुआ था। वहीं छोटे बेटे नितिन की शादी की तैयारी कर रहे हैं, इसलिए होने वाली बहू के लिए कई जेवर बनवाकर रखे थे। चोर सारा जेवर ले गए हैं।


खुली पड़ी अलमारी और बिखरा सामान।

## नशे में बस चला रहा चालक बर्खास्त

**हल्द्वानी:** चारधाम ड्यूटी में शराब पीकर बस चलाना चालक भारी पड़ गया। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर चालक को बर्खास्त कर दिया गया है।

काठगोदाम डिपो के एआरएम आलोक बनवाल ने बताया कि चालक कैलाश चंद्र (विशिष्ट श्रेणी) को रोडवेज बस लेकर चारधाम ड्यूटी पर भेजा गया था। सोनप्रयाग से वापसी के समय जब बस एक ढाबे पर रूकी तो तभी चालक ने शराब पी ली। इसके बाद एक अन्य ढाबे पर बस रोकी और फिर से शराब पी। नशे में धुत चालक से बस बेकाबू होने लगी। जिस पर यात्रियों ने बस को सड़क किनारे रूकवाकर डायल 112 को सूचना दी। घटना की विभागीय जांच में चालक को दोषी पाए जाने पर बर्खास्त कर दिया गया है।

## बारिश थमी, अब उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**मौसम**

- तापमान में आया उछाल, हल्की बारिश होने का अनुमान
- आने वाले दिनों में मिला जुला मौसम रहने के आसार

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश थमने के बाद अब लोग उमस से परेशान हो गए। मंगलवार को तेज धूप निकलने से पारे में उछाल आया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है।

मंगलवार को सुबह से धूप खिली थी। दोपहर तक आसमान साफ था, धूप काफी तेज थी। आद्रता 66 प्रतिशत होने से उमस भरी गर्मी थी। बारिश से पिछले चार दिनों से तापमान में कमी थी। बारिश थमने के बाद पारे में भी उछाल आ गया। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जो विगत दिनों की अपेक्षा पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मंगलवार को जो पूर्वानुमान आया है, उसके अनुसार नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में अगले तीन से चार दिनों तक हल्की बारिश रहेगी। हालांकि मूसलाधार बारिश नहीं होने की संभावना है। आने वाले कुछ दिनों में मिलाजुला मौसम रहने के आसार हैं।

## सार-संक्षेप



ऐथनॉल प्लांट में मानकों की जांच करती एसडीएम रेखा कोहली। ● अमृत विचार

### ऐथनॉल फैक्ट्री को एनओसी जमा कराने के निर्देश

**कालाढूंगी :** चकलुवा सुरपुर गांव में बन रही ऐथनॉल फैक्ट्री का ग्रामीण कई समय से विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री का निमार्ण मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है। डीएम के निर्देश पर एसडीएम रेखा कोहली ने अधिकारियों के साथ ऐथनॉल फैक्ट्री में पहुंचकर ग्रामीणों के सामने मानक के पत्रों की जांच की, जिसमें कई पत्र फैक्ट्री की ओर से नहीं दिखा पाये। एसडीएम कोहली ने फैक्ट्री के मुंशी को जल्द एनओसी, मानकों के पत्र लाने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, महामंत्री विनोद बुढलाकोटी, कुंदन बसेडा, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, जोगेन्द्र प्रसाद, वनक्षेत्र अधिकारी प्रदीप असगोला, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, इन्द्र अटवाल, अनिल वालिया, दीपक जलाल अनेक अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।



रामनगर में एनएच पर बने गड्ढे। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

**रामनगर :** तेज बारिश ने राष्ट्रीय राजमार्ग में बने गड्ढों की पोल खोलकर रख दी है। बता दें कि भवानीगंज पर बड़ी नहर की पुलिया के पास काफी समय से छोटे बड़े गड्ढे हो गए थे। जिन्हें विभाग द्वारा फिलहाल पैचिंग करके पूर्व में भर तो दिया था। मगर चार दिन से पड़ रही बारिश ने विभाग के ठेकेदार द्वारा कराए गए कार्य की सारी कलाई खोद दी है। फिर स्थान पर गड्ढे हो गए है। कई बार तो स्कूटी चालक व बाइक सवार गिरते बचे हैं। गौरतलब है कि जिस स्थान पर यह गड्ढे हुए हैं उस स्थान से एक मार्ग हल्द्वानी को बाईपास के रूप में तैयार किया गया है। हल्द्वानी से आने वाले छोटे बड़े वाहन इसी से बाहर को निकलते हैं। जिस स्थान पर यह गड्ढे हैं वह नगर का सबसे सबसे ब्यस्ततम मार्ग है जहां अधिकांश : जाम बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसे दुरुस्त नहीं किया गया तो कभी भो कोई दुर्घटना हो सकती है।



रक्तदान करते विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### विद्यार्थी परिषद ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**रामनगर :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर रामनगर महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। परिषद की ओर से काशी चैरिटेबल ब्लड सेंटर की सहायता से लगभग 20 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री मनमोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। किसी के रक्तदान से दूसरे का जीवन बच सकता है। इस दौरान कुमाऊं छात्र महासंघ अध्यक्ष पीयूष जोशी, जिला सह सहयोजक हीरा सिंह भंडारी, नितेश शर्मा, छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवांग रस्तोगी, छात्र संघ उपसचिव दीपक नेगी, नीरज कंडारी, सूरज रावत, रितिक कांडपाल, इशांत चौधरी, पंकज ठाकुर, सूरज पांडेय, अजय चबड़ाल, अमित भंडारी, रोहित नेगी एवं अतिथि ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, इन्दर रावत, अमित कुमार, चंदन बिष्ट मौजूद रहे।

### आदित्य व आयुष का स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून के लिए चयन



आदित्य जोशी।



आयुष चौहान।

**लालकुआं :** निकटवर्ती क्षेत्र बिंदुखत्ता घोड़ानाला स्थित चाइल्ड सेक्रेड सीनियर सेकेंडरी के दो छात्रों का उत्तराखंड स्पोर्ट्स कॉलेज महाराणा प्रताप देहरादून के लिए चयन हुआ है। उक्त चयन पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं। आदित्य जोशी पुत्र नंदाबल्लभ जोशी निवासी पूर्वी राजीव नगर व आयुष चौहान पुत्र पंकज सिंह चौहान निवासी सुभाष नगर ने स्पोर्ट्स कॉलेज की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा पास की है। उक्त बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, विद्यालय प्रबंधक बसंत पांडे, प्रधानाचार्य ललित मोहन कांडपाल, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बीसी भट्ट, एमडी सुनीता पांडे, जिला जूडो कोच दिनेश कुमार, कविता आर्य ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।





संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च करते सीटीआर और वन प्रभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

### वन्यजीव संरक्षण को सीटीआर व वन प्रभाग का फ्लैग मार्च

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और रामनगर वन प्रभाग के वन कर्मियों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। मंगलवार को मानसून के दौरान वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त रूप से निकाले गए 15 किलोमीटर मार्च में बिजरानी, सर्पदुली रेंज, सुरक्षा इकाई और रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज के वन अधिकारियों और कर्मचारियों ने मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनतम करने का संदेश दिया। ऑपरेशन मानसून के तहत मंगलवार को सर्पदुली रेंजर बिन्दर पाल, बिजरानी रेंजर भानु प्रकाश हर्बोला ने वन कर्मियों को सम्बोधित कर मानसून काल में जंगल में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान रेंजर संजय कुमार पांडे, नवीन चन्द्र पपनै, सरत सिंह विष्ट, धर्मपाल सिंह नेगी, वीरेन्द्र पाण्डे, प्रमोद सत्यवली, मोहन उप्रेती मौजूद रहे।

### तैनाती स्थल में संशोधन की मांग

**हल्द्वानी :** प्रशिक्षण व सेवायोजन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की पदोन्नति के बाद उनके कार्य की अधिकता को देखते हुए कुछ कर्मचारियों के तैनाती स्थल में संशोधन करने की मांग उठाई है। बीती 30 जून को कर्मचारियों को पदोन्नति मिल चुकी है। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज पंत ने प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निदेशक संजय सिंह को तैनाती संशोधन के संबंध में पत्र भेजा है।

# मानसून की पहली बारिश में आपदा से भारी नुकसान, खतरा अभी बाकी

## बारिश के चलते जनपद में 11 सड़कें खस्ताहाल, प्रशासन के सामने पुनर्निर्माण बना चुनौती

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जनपद में भले ही मानसून की पहली बारिश पर फिलहाल विराम लग चुका है, लेकिन पहली बारिश में ही पांच करोड़ का नुकसान हो चुका है, जबकि अभी पूरा बरसात का सीजन बचा हुआ है।

अब तक कि बारिश व आपदा के चलते जनपद में 11 सड़कें खस्ता हाल हैं, इनमें सबसे ज्यादा सड़कें ग्रामीण मार्ग हैं, तो कालाढूंगी के पास सड़क को भी क्षति पहुंची है, वहीं खैरना के पास भी लगातार बोल्डर आने से सड़क खराब हो गई है। सबसे ज्यादा असर नैनीताल के ग्रामीण मार्गों में हुआ है। जिले में अब भी 11 सड़कें बंद है। सिर्फ सड़कें ही नहीं बल्कि जिले में बेतालघाट, ओखलकांडा, भीमताल के साथ हल्द्वानी कोटाबाग इलाकों में सिंचाई नहरों को भी नुकसान हुआ है। वहीं आपदा से विद्युत विभाग भी प्रारंभिक नुकसान का आंकलन जुटा रहा है। जनपद में हुए नुकसान के बाद जिला प्रशासन



बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार

के आगे अब चुनौती बन गई है कि पुनर्निर्माण के कामों को पूरा जल्द कैसे किया जाए।

जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर अब तक करीब पांच करोड़ का नुकसान हो चुका है। कहा कि बारिश से 30 सड़कें बंद हुई थी लेकिन 11 सड़कों को खोल दिया गया है। हैड़खान हल्द्वानी रोड और बेतालघाट रामनगर स्टेट हाईवे लगातार बंद हो रही है। कालाढूंगी के पास जो टूटा है उसका पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। कहा कि आपदा के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन जलभराव हल्द्वानी में जरूर हुआ है। उसको भी नियंत्रित किया गया है। बिंदुखत्ता में खतरे को देखते हुए उनको विस्थापित किया गया है। सभी विभाग अलर्ट पर हैं और सभी को कहा गया है कि अगर बारिश आपदा आती है तो रिस्पांस टीमें जल्द कार्रवाई करें। साथ ही नैनीताल के तराई वाले इलाकों में जल भराव से संकट है तो वहीं अब इन इलाकों में बिमारियों का भी खतरा बन गया है।

### बारिश के बाद डेंगू के साथ डायरिया का खतरा

डेंगू के साथ डायरिया का खतरा देख स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी इस पर तत्काल एक्शन लेने को कहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम को बारिश रुकने के बाद से लगा दिया था कई इलाकों केमिकल का छिड़काव किया गया है और दवा भी जरुरमंदों को बांटी गई है ताकि जल जनित रोग ना फैल सकें। जब तक स्थिति सामन्य नहीं होती तब तक इसे जारी रखा जायेगा। वहीं पीने के पानी में गंदगी पर लैब को एक्टिव किया गया है जो सैम्पल ले रहे हैं अगर धारे नौले में प्रदूषित जल आ रहा है तो उसमें चेतावनी बोर्ड लगा रहे हैं।

## पीलीकोठी में स्तरीय समूह का गठन किया

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में मंगलवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत क्षेत्र स्तरीय समूह का गठन हुआ। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने पीलीकोठी वार्ड 50 में समूह का गठन करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचारी प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को आजीविका के साथ-साथ संस्कृति बचाने में भूमिका निभानी चाहिए। नगर आयुक्त ने सिटी मिशन मैनेजर को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों के बनाए उत्पादों का प्रसार करें। इस दौरान उप नगर आयुक्त तुषार सैनी, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, एडीसीओ तुलसी बुंदियाल, सहायक लेखाधिकारी गणेश भट्ट, सीएमएए डॉ. आईपी पंत, रजनी, अर्चना मौजूद रहे।

## पिच तैयार करने का मंत्र दिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से कौशिकी क्रिकेट एकेडमी रामनगर में पिच क्यूरेटर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सीएयू के सचिव महिम वर्मा द्वारा प्रदेश में क्रिकेट के विकास के उद्देश्य से उत्तराखंड में क्रिकेट मैदान की स्थिति को सुधार व क्रिकेट पिच की गुणवत्ता लाने के उद्देश्य के लिए पिच क्यूरेटर के कोर्स का आयोजन कराया गया था। जिसमें कुल 12 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया।

इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बीसीसीआई के हेड क्वार्टर आशिक भौमिक द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने क्रिकेट मैदान व पिच को तैयार कराने को सरल तरीके से प्रशिक्षण दिया। अभ्यर्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रसन्न नजर आए। समापन पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर करन बिष्ट, मोहम्मद इकरार, हिमांशु चौहा, बलवंत सिंह रवि, संदीप तिवारी, संतोष पांडे, मनीष कुमार मौजूद रहे।





रामनगर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### क्या है पिच क्यूरेटर

क्रिकेट के खेल में पिच के बारे में हर विषय में बारीकी से नजर रखने का कार्य पिच क्यूरेटर का होता है मसलन पिच की कंडीशन और पिच से किस तरह के गेंदबाजों या बल्लेबाजों को फायदा होगा, इन बातों की भी गहनता से जानकारी रखते हैं।

## गुलदार की तलाश में वन विभाग के छूटे पसीने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में घूम रहे गुलदार को तलाशने में वन विभाग के पसीने छूट रहे हैं। गुलदार शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार चहलकदमी कर रहा है, मगर वन विभाग की टीम गुलदार को ट्रैक करने में सफल नहीं हो पाई है।

तिकोनिया, कलावती कॉलोनी, गुरुतेग बहादुर गली, पार्वती कॉलोनी, नवाबी रोड समेत कई इलाकों में पिछले 3 दिनों में गुलदार को देखा जा रहा है। जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल है। गुलदार दिखने की सूचना जब स्थानीय लोग वन विभाग की टीम को देते हैं, टीम के पहुंचने से पहले गुलदार वहां से निकल जाता है। जिसके चलते वन विभाग की टीम



के सामने मुश्किल बनी हुई है। गुलदार के दिखने से शाम के वक्त लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। वन विभाग की टीम लोगों से रात के समय अंधेरे रास्तों व झाड़ी वाले इलाकों में न निकलने की अपील की रही है। हल्द्वानी रेंज के रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि गुलदार की ट्रैकिंग के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। टीम संबंधित इलाकों में लगातार गश्त कर रही है, अभी तक गुलदार की सटीक लोकेशन नहीं मिल पाई है।

## योजनाओं को पारदर्शिता और समय पर करें पूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगाई ने मंगलवार को समस्त जिलों के समाज कल्याण अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को योजनाओं का कार्य पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वृद्धावस्था, विधवा दिव्यांग किसान पेंशन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन मिले आवेदन पत्रों को तीन दिन के भीतर अनिवार्य रूप से स्वीकृत करने के लिए कहा। जनपदों में संचालित विभागीय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, आईटीआई, डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास, दिव्यांग धर्मशाला, भिक्षुक गृह, वृद्ध आश्रमों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाकर जिला समाज कल्याण अधिकारियों को स्वयं मोबाइल के माध्यम से मॉनिटरिंग करने और कैमरों का एक्सेस निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा है। जिससे राज्य स्तर से संस्थाओं में चल रही गतिविधियों का निरीक्षण और मॉनिटरिंग किया जा सके।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जनपद स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा करने और अधीनस्थ अधिकारियों को प्रतिदिन पोर्टल खोलकर शिकायतों का निस्तारण करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपनै

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : मीडिया क्लब के अध्यक्ष, एनयूजे-आई के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपनै का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। 52 वर्षीय जितेंद्र मंगलवार की सुबह बाथरूम में गिरकर अचेत हो गए। आनन-फानन में उन्हें चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से सक्रिय पत्रकारिता से जुड़े थे। वह अपने पीछे एक पुत्र व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

उनकी मृत्यु का समाचार सुनते ही उनके नंदा लाइन स्थित आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनकी शव यात्रा में भारी संख्या में नगर के विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के लोग व पत्रकार शामिल हुए। स्थानीय विश्राम घाट में उनकी चिता को पुत्र मेहुल पपनै ने मुखाग्नि दी। मीडिया क्लब के अलावा नगर के विभिन्न पत्रकार संगठनों ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पपनै के आकस्मिक निधन पर दुख जताया और दिवंगत आत्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी पपनै के निधन पर शोक जताया है। नैनीताल डीएम वंदना ने भी दुख जताया है।

इधर, मीडिया सेंटर में शोक सभा कर जितेंद्र पपनै के निधन पर शोक जताया गया। जिला सूचना अधिकारी ज्योति सुंदरियाल ने कहा कि पपनै का निधन पत्रकारिता के लिए अपूर्णनीय क्षति है। ऐसे दुख के समय में सूचना विभाग एवं नैनीताल जिले के सभी पत्रकार उनके परिवार के साथ खड़े हैं। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान गणेश पाठक, गीतेश त्रिपाठी, अनुज सक्सेना, विपिन चंद्रा, मनोज आर्य, संजय प्रसाद, हर्ष रावत, भूपेंद्र रावत, दीपिका नेगी, जीवन राज आदि शामिल थे। उधर, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के प्रदेश के मुख्य संरक्षक संजय तलवार, राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, गिरीश जोशी ने पपनै के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### कालाढूंगी में व्यक्त किया शोक



**कालाढूंगी :** रामनगर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपने के आकस्मिक निधन पर कालाढूंगी के पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में बद्री सिंह बिष्ट, प्रकाश नैनवाल, सतीश जोशी, जाहिद हबीबी, शाकिर हुसैन, गोपाल बिष्ट, भगवान मेहरा, रजत पंत, ललित बधानी, मुकेश छिमवाल आदि शामिल रहे।







# अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में भू-कटाव रोकने को ठोस योजना बनाएं

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौलापार पहुंचकर किया स्टेडियम में भू-कटाव का निरीक्षण, सिंचाई विभाग को दिए सुरक्षात्मक कार्य शुरू करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गौला नदी से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में हो रहे भू-कटाव का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर सिंचाई विभाग को गौला नदी के चैनलाइजेशन, वायरक्रेट्स और सुरक्षात्मक कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

सीएम धामी मंगलवार की सुबह अचानक गौलापार स्थित हेलीपैड पहुंचे। यहां से वह सीधे अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम पहुंचे। पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से गौला नदी के उफान पर आने से स्टेडियम की ओर भू-कटाव हो रहा है। इस वजह से स्टेडियम के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने स्टेडियम की सुरक्षा के लिए संवेदनशील हिस्से में चैनलाइजेशन, वायरक्रेटस और सुरक्षा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कहा कि स्टेडियम की सुरक्षा के लिए ठोस योजना बनाकर कार्य किया जाए और वित्तीय स्वीकृति शासन से लेनी होगी तो तुरंत दी जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के मुखियाओं को निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट्स में सुनियोजित विकास के नाम पर किसी भौगोलिक, प्राकृतिक संरचना को कोई खतरा नहीं होना चाहिए और निकासी योजना को प्राथमिकता देते हुए क्रियान्वयन किया जाए। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग ने 200 मीटर भू-कटाव की रोकथाम के लिए 2.60 करोड़ की डीपीआर शासन को भेजी है, जो कि स्वीकृति के चरण पर है। पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से गौला नदी के उफान पर आने से भू-कटाव 600 मीटर हो गया है, इसलिए 400 मीटर हिस्से की डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। इस अवसर पर लालकुआं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, मंडी चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, एसएसपी पीएन मीणा, उप खेल निदेशक राशिका सिद्दीकी, कार्तिक हर्बोला मौजूद रहे।


अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम को भू-कटाव से हुए नुकसान का जायजा लेते मुख्यमंत्री धामी, साथ में डीएम व अन्य अधिकारी।


टनकपुर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### आपदा की सूचना पर राहत एवं बचाव में जुटें एजेंसियां

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री धामी ने कुमाऊं मंडल के सभी प्रशासन, पुलिस, बचाव एवं राहत से जुड़े विभागों को निर्देश दिए कि मानसून में आपदा प्रबंधन के लिए सभी अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहें। दैवीय आपदा से होने वाले प्रभावों को कम करना सबका दायित्व है। पेयजल, विद्युत, सड़क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति सुचारू रहे इसका ध्यान रखा जाए। आपदा की सूचना पर तत्काल एजेंसियां यथासंभव राहत एवं बचाव में जुट जाएं। प्रभावितों को तत्काल राहत सामग्री व अनुमन्य राशि दी जाए।

### मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय व हवाई सर्वे

**चम्पावत/हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चम्पावत जिले के टनकपुर, बनबसा आदि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय व हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। सीएम धामी ने आश्वस्त किया कि भारी बारिश से लोगों को जो भी नुकसान हुआ है उसकी भरपाई सरकार की ओर से की जाएगी। उन्होंने मंडलायुक्त दीपक रावत एवं डीएम नवनीत पांडे को प्रभावितों को तत्काल सहायता राशि देने, रिस्टोरेशन में तेजी लाने और रिस्टोरेशन की निगरानी करने को कहा। इसके बाद वह सैलानीगोठ, शारदा घाट पहुंचे और बाढ़ प्रभावितों से वार्ता की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस आपदा में प्रभावितों की मदद को तत्पर है। इस मौके पर शारदा घाट के स्थानीय लोगों ने सीएम से बाढ़ सुरक्षा के काम सभी क्षेत्रों में कराने की मांग की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी बारिश के चलते जनपद में सरकारी परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का आंकलन कर प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। उन्होंने निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जैसे ही सड़क मार्ग बंद होने की सूचना मिले तो तत्काल मार्ग खोलने का काम करें। उन्होंने टनकपुर, बनबसा समेत अन्य मैदानी क्षेत्रों में पानी की निकासी को ड्रेनेज सिस्टम के लिए बजट जारी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को चोक नालियों को तत्काल खोलने, सड़कों पर आया मलबा, बोल्डर के निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएम पांडे ने बताया कि अतिवृष्टि से जिले में 1 जनहानि, 17 गाय तथा 43 बकरियों की हानि, 2 भवन पूर्ण तथा 42 भवन आंशिक क्षतिग्रस्त हुए हैं। अंत में सीएम ने शारदा नहर पर बने सिल्ट इंजेक्टर का भी निरीक्षण किया और एनएचपीसी महाप्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, प्रदेशमंत्री हेमा जोशी, डीआईजी योगेंद्र रावत, एसपी अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार मौजूद रहे।


टनकपुर-बनबसा का हवाई दौरा करते सीएम।

# पानी के लिए जल संस्थान में किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पानी की किल्लत झेल रहे राजपुरा के लोगों ने मंगलवार को तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता का घेराव कर आक्रोश प्रकट किया। साथ ही जल्द वैकल्पिक व्यवस्था न बनाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र के नेतृत्व में दर्जनों पुरुष और महिलाएं जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ईई का घेराव करते हुए कहा कि तीन माह से जवाहर नगर सहित टनकपुर रोड, गौला गेट, नजाकत का बगीचा, जाम फैक्ट्री एवं वारसी कॉलोनी में पानी की दिक्कत बनी हुई है। जिस कारण क्षेत्र के 500 परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि उन्हें रोजाना आसपास के क्षेत्र से पानी ढोना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने उनकी सुध तक नहीं ली है।

विभाग की ओर से नियमित पानी के टैंकर भी नहीं भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से निकली विभिन्न पाइप लाइनों में अन्य इलाकों के कलेक्शन जोड़ दिये गये हैं, जिससे सुबह के समय एक घंटे मिलने वाला पानी भी बंद हो गया है। कहा कि यदि विभाग ने जल्द पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान आमिर खान, मो. शाहिद, जयदीप जयसवाल, मकसूद भाई, जामे अली, डॉ. नफीस, खुशनुमा, नसरीमन, शबिना, नूर बेगम समेत कई लोग मौजूद रहे।


जल सस्थान के अधिशासी अभियंता का घेराव करते जवाहर नगर के लोग।

> बारिश के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित थी। मंगलवार से पानी की आपूर्ति सुचारू हो गई है। जिन इलाकों में पानी की दिक्कत है, वहां विभाग की ओर से टैंकर भेजे जा रहे हैं। **-आरएस लोशाली**, ईई जल संस्थान

## जिला स्तरीय चयन ट्रायल 25 जुलाई से

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भीमताल स्थित विकास भवन में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना को लेकर विचार-विमर्श किया गया। तय हुआ कि 24 जुलाई को हर विकासखंड में न्याय पंचायत, नगर पालिका व नगर निगम स्तर पर खिलाड़ियों के चयन ट्रायल आयोजित होंगे।

वहीं 25 से 27 जुलाई तक गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय चयन ट्रायल होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्य चिकित्साधिकारी, पेयजल आपूर्ति के लिए अधिशासी अधिकारी जल संस्थान, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए जिला युवा कल्याण अधिकारी को नामित किया गया है।

## सार-संक्षेप



प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ में लगाए शिविर में पहुंचे लोग । ● अमृत विचार

### शिविर में आयुष्मान को आभा कार्ड से कराया लिंक

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड स्थित प्राथमिक विद्यालय देवलचौड़ में मंगलवार को एक शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों के आयुष्मान कार्ड को आभा कार्ड से लिंक किया गया। कार्ड अपडेट होने के बाद लाभार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा का लाभ भी मिलेगा। जिसमें ट्रेलर, राज मिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, लोहार, मूर्तिकार, लोहार, बढ़ई आदि अंत्योदय योजना के अंतर्गत स्वरोजगार खोलने के लिए सरकार सहायता प्रदान करेगी। शिविर में इंडेन गैस के उपभोक्ताओं ने केवाईसी भी करवाई। निवर्तमान पार्षद और मुखानी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी की ओर से शिविर लगाया गया। इस मौके पर रत्नेश शाह, धीरज नेगी कन्नू, महेश पाठक, बलजीत सिंह, हेमंत नेगी, विनोद लोशाली, महेश पाठक, बलजीत सिंह शेखर मौजूद रहे।

### पहाड़ों में सड़कें बंद होने से छह रोडवेज बसें फंसी

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में बारिश से भूस्खलन और मलबा आने से कई मार्ग बंद पड़े हैं। जिन्हें खोलने का कार्य चल रहा है। इस कारण हल्द्वानी डिपो से पर्वतीय रूट पर भेजी गई रोडवेज की 6 बसें अलग-अलग क्षेत्रों में फंस गई हैं। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पिथौरागढ़ व गंगोलीहाट में 2-2 बसें फंसी हैं। सड़क खुलने के बाद ही बसों का लौटना संभव हो पाएगा। वहीं चनौती व जंगलियागांव में भी मार्ग बंद होने से 2 बसें फंसी हैं। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी-कालाढूंगी-रामनगर मार्ग बंद होने के चलते देहरादून, हरिद्वार रूट की बसों को वाया रुद्रपुर से भेजा जा रहा है।

### संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त से

**हल्द्वानी :** प्रदेश के श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय से संबंधित राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों में पीएचडी में प्रवेश के लिए संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल पर 22 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन पत्र में त्रुटि होने पर 24 और 25 जुलाई को ऑनलाइन सुधार का मौका दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल की अधिकारिक वेबसाइट से अधिक जानकारी ले सकते हैं।


आईटीआई हल्द्वानी में श्रमदान करते छात्र-छात्राएं और कार्मिक। ● अमृत विचार

### आईटीआई में हरेला को लेकर छात्रों से कराया श्रमदान

**हल्द्वानी :** राजकीय आईटीआई हल्द्वानी में हरेला पर्व को लेकर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से सुनियोजित तरीके से श्रमदान कराया गया। प्रत्येक छात्र हरेला पर्व पर एक-एक पौधा संस्थान और घर में लगाएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल, कार्यदेशक मोहन सिंह मेहरा, बीना जोशी, रेखा आर्य, आशा पांडे, पंकज सिंह, गणेश रावत मौजूद रहे। इधर, आईटीआई में एक अगस्त से विभिन्न विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू होंगी। अपर निदेशक राजेंद्र सिंह मर्तोलिया ने बताया कि प्रदेश की समस्त आईटीआई में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी हैं, इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हल्द्वानी में विभिन्न सेंटरों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। अन्य जिलों की आईटीआई भी अपने स्तर से प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित करेंगी।

### कार का लॉक तोड़कर टायर, जैक और पर्स उड़ाया

**कालाढूंगी :** चोरों ने कार का लॉक तोड़कर टायर, जैक, पर्स व अन्य सामान चोरी कर लिया। वार्ड नंबर-1 में सोमवार की रात हुई इस घटना के बारे में वार्ड नंबर-1 निवासी हिमाशुं मेहरा ने तहरीर देते हुए बताया कि उनकी कार घर के बाहर प्लाट पर हमेशा की तरह खड़ी थी। मंगलवार सुबह उठकर देखा तो कार का लॉक टूटा हुआ था। कार से चोरों ने टायर, जैक,चाबी, पाना, नगदी से भरा पर्स, तीन एटीएम कार्ड उड़ा लिए। वहीं नैनीताल तिराहे पर 24 घंटे पुलिस तैनात रहती है, जिसके बाद भी चोरों के हौंसले बुलंद हैं। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# आठ पैथोलॉजी लैबों पर छापे एक पर 10 हजार का अर्थदंड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने शहर में संचालित आठ पैथोलॉजी लैबों पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान एक लैब में अनियमितताएं मिलीं, जिस पर लैब संचालक पर 10 हजार का अर्थदंड लगाते हुए नोटिस दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से निजी लैब संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

शासन से मिले आदेशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल लसपाल ने मंगलवार को आठ पैथोलॉजी लैबों पर छापा मारा। जिनमें डॉ. लाल पैथोलॉजी लैब, चंदन डाइग्नोस्टिक सेंटर, स्टार हेल्थ पैथोलॉजी आदि शामिल रहीं। सभी लैबों में रजिस्टर और स्टाफ सूची की जांच की गई। करीब सात लैबों में कोई कमी नहीं मिली। इसके बाद डॉ. हीरानगर स्थित सत्यम पैथॉलोजी लैब में छापा मारा, जिसमें रजिस्ट्रेशन संबंधी कई अनियमितताएं मिलीं। इस पर लैब संचालक पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए नोटिस दिया गया। इस दौरान आनंद प्रकाश खंडूरी व अभिषेक मौजूद रहे।


हल्द्वानी में पैथोलॉजी लैब की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# 15 को दून में होगी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

संवाददाता, देहरादून/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पहली विस्तृत बैठक 15 जुलाई को राजधानी देहरादून में एक निजी विश्वविद्यालय कैंपस में होगी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत प्रदेश से मंडल स्तर तक 1,350 पदाधिकारी शामिल होंगे। इसमें सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को लेकर चर्चा की जाएगी।

प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथों के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में चुनाव, सांगठनिक प्रक्रिया और जनकल्याण को लेकर जो भी सुझाव मिलेंगे उनको रणनीति बनाने में समाहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक का महत्वपूर्ण विषय निकाय एवं पंचायत चुनावों की तैयारी के साथ ही सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया वगैरह रहेंगे।

जुलाई माह के अंत से संगठन के अंदरूनी चुनाव की प्रक्रिया सदस्यता अभियान से शुरू हो जाएगी। इसके बाद बूथ समितियों, फिर मंडल एवं जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। नवंबर माह तक प्रदेश अध्यक्ष और दिसंबर में राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। बैठक को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## एमबीपीजी में 1500 छात्रों के पंजीकरण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** समर्थ पोर्टल से पंजीकरण करने का मंगलवार को अंतिम दिन था। एमबीपीजी कॉलेज में अब तक करीब 5 हजार सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। वहीं पंजीकरण तिथि बढ़ाने के बाद 1500 पंजीकरण हुए। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद गुरुवार से कॉलेज खुल जाएगा और प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं के दस्तावेज सत्यापित किये जाएंगे।

अवकाश के दौरान पंजीकरण करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही उन छात्रों को भी प्रवेश दिया जाएगा, जो पंजीकरण कर चुके हैं लेकिन उनके दस्तावेज सत्यापित नहीं हो पाए हैं। कॉलेज में राजनीति विज्ञान और इतिहास की सीटें भर चुकी हैं।

स्वच्छता | शहरी और प्रेमपुर लोश्ज्ञानी समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ था जलभराव

# जलभराव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग का छिड़काव

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने बारिश के बाद संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए कवायद शुरू कर दी है। जलभराव वाले क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया और लोगों को दवाइयां बांटी गईं।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि पिछले दिनों अत्यधिक बारिश होने से शहरी व प्रेमपुर लोश्ज्ञानी समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हो गया था। बीते सोमवार की सायं से बारिश थमी और मंगलवार को भी बारिश नहीं हुई। ऐसे में जलभराव वाले इलाकों में वेक्टर जनित मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू और जलजनित पीलिया व डायरिया जैसे बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इसी के मद्देनजर नगर निगम को जलभराव वाले इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने के निर्देश दिए थे। नगर निगम की टीम ने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने दवाइयां वितरित कीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्रवासियों को जलजनित एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि वेक्टर एवं जलजनित बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए सावधानियां जरूरी हैं, इसलिए घर के आंगन, लॉन, छतों, कूलर, गमले की ट्रे, खुली पानी की टंकी आदि में पानी जमा नहीं होने दें और नियमित सफाई करें। बुखार होने पर चिकित्सकीय परामर्श लें।



शहर में ब्लीचिंग का छिड़काव करते नगर निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहेब्लिटेशन सेंटर

डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY

पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या
पेशाब होने का अनुभव न होना
प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं

पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म
लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रेक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाऐं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहेब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहेब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सॉकवेव थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कॉम्बिनेशन थैरेपी • ड्राई निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आइस, फायर, हिजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टी.एम. • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • 11 एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याऐं :
• पैरालाइसिस
• चेहरे का लकवा
• कमर में दर्द
• स्लिप डिस्क
• शरीर में घाव, बैड सोर
• सर दर्द, माइग्रेन
• जोड़ों का दर्द (गठिया)
• कोहनी में दर्द
• कंधों का जाम या दर्द
• गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना
• साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द)
• घुटनों का दर्द (आर्थराइटिस)
• बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी)
• फ्रेक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न
• मांसपेशियों में खिंचाव
• ऐड़ी में दर्द
• हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन
• डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याएं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)

FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873


बाजपुर में नैनीताल मुख्यमार्ग पर ब्लॉक के सामने बाढ़ के पानी से होकर गुजरते वाहन एवं स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

## बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन

**बाजपुर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा बाजपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम राकेश चंद तिवारी, तहसीलदार अक्षय भट्ट एवं सिंचाई विभाग के एक्शन दीक्षांत गुप्ता व जेई गोविंद सिंह आदि को साथ लेकर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर-13 के राजीवनगर व इंदिरा कालोनी का दौरा करते हुए बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। गुंजन सुखीजा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निरंतर बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। उनके द्वारा दूरभाष के माध्यम से कई बार क्षेत्र की जानकारी ली गई। उन्होंने अधिकारियों, क्षेत्रीय पटवारी एवं कानूनगो के साथ बैठक कर क्षेत्र में बाढ़ से पीड़ित लोगों के हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की बात कही। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिला मंत्री विकास गुप्ता, केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालरा, महामंत्री आशीष ठाकुर, नरेंद्र चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता विमल शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष बल्देव सिंह बड़ैच, विशाल चौहान, बिट्टू सिंह, साकेत सिंघल, रिंकू मौर्य, डालचंद चंद्रा आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं स्थानीय अधिकारी। ● अमृत विचार

# काशीपुर में पथरी नदी ने बदला रुख, खेतों में घुसा पानी

### ढेला व बहला नदी का जलस्तर फिलहाल खतरे से नीचे, मालवा फार्म में प्रशासन ने भेजी मदद, हेल्पलाइन नंबर जारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर की बहला व ढेला नदी का जलस्तर मंगलवार को मामूली गिरावट के बाद खतरे के निशान से नीचे रहा। वहीं काशीपुर में पथरी नदी के रूख बदलने के चलते ढकिया नंबर 3 गांव में खेतों में पानी घुस गया। मामले में काशीपुर एसडीएम अभय प्रताप सिंह व तहसीलदार पंकज चंदोला ने पीड़ित ग्रामीणों का हाल जाना और गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान बहाव मोड़ने के लिए जेसीबी लगाने के निर्देश दिए गए।

काशीपुर में मंगलवार को बारिश कम होने के चलते काफी हद तक राहत देखने को मिली। तहसीलदार पंकज चंदोला ने निरीक्षण के बाद बताया कि मालवा फार्म में जलभराव के चलते स्थानीय लोगों को भोजन व राशन की मदद पहुंचाई जा रही है। प्रशासन नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। बहला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें परेशानियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। राधे हरि डिग्री कॉलेज में बनाए गए राहत शिविर में प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पुख्ता रखी गई हैं।

एक साथ 500 लोगों को शिफ्ट करने की पूरी तैयारी की गई है। यहां लोगों के भोजन पानी, शौचालय आदि व्यवस्था को परखा गया।

पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते काशीपुर के ढेला नदी व बहला नदी में जलस्तर बढ़ने लगा था। काशीपुर के रामनगर रोड स्थित गोपीपुरा, गढ़ी इंद्रजीत, गढ़ीगंज, लक्ष्मीपुर लच्छी, सीतारापुर, खरमासी व भोगपुर में जल भराव से मंगलवार को राहत मिलती दिखी। कंट्रोल रूम से भी लगातार जानकारी ली जा रही है। कहीं पर भी किसी प्रकार की दिक्कत आने के लिए हेल्पलाइन 05947-274026 का नंबर जारी किया गया है। जिस पर कॉल करके लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।


नदी से हुए कटाव का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार


मुरादाबाद-रेलवे स्टेशन रोड पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### बारिश रुकने के 24 घंटे बाद भी शहर में नहीं हुई कई जगह जल निकासी

**काशीपुर :** शनिवार देर शाम से सोमवार तक तराई में बारिश का प्रकोप बना रहा। इस बीच काशीपुर शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति देखने को मिली। हालांकि बारिश के बाद अधिकतर स्थानों पर कुछ घंटों बाद पानी की निकासी हो गई। जबकि कई स्थानों पर आलम ये है कि बारिश के रुकने के 24 घंटे बाद भी शहर के मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति जस की तस बनी है। मंगलवार को बारिश रुके 24 घंटे से अधिक का समय हो चुका है। बावजूद इसके मुरादाबाद रोड, रामनगर रोड समेत कई मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति जस की तस बनी है। इसके चलते राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही नगर निगम के निचले वार्ड नंबर सैनिक कॉलोनी, वार्ड नंबर तीन शक्ति धाम कॉलोनी, गड्ढा कॉलोनी, मालवा फार्म समेत कई वार्डों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। वहीं मालवा फार्म में जलस्तर अधिक बढ़ने से लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया। इसके चलते लोगों को छतों पर सोना पड़ा। वहीं नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि नगर निगम पानी की निकासी को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि किसी भी वैध कॉलोनी में जलभराव की स्थिति अब तक सामने नहीं आई है। अवैध कॉलोनी में बसे लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि ऐसी कॉलोनी में बसे लोगों के लिए भी ड्रेनेज प्लान बनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्ग (एनएच) से जल निकासी कार्य एनएच का है। बताया कि पीडब्ल्यूडी, प्रशासन, एनएच व नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक की गई है। बैठक में संबंधित विभागों को जलभराव को लेकर कार्य करने के निर्देश मिले हैं।

### बारिश के बाद भी कई कॉलोनियां जलमग्न

**बाजपुर :** पिछले कई दिनों से जारी बारिश से कुछ राहत मिली, लेकिन मुख्यमार्ग के साथ ही कई कालोनियां अभी भी जलमग्न हैं। इससे लोगों की दुश्वारियां काफी बढ़ गई हैं। वहीं नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर तीन दिनों से लगातार लेवड़ा नदी में आई बाढ़ व बारिश का पानी बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को बारिश रुकने से क्षेत्रवासियों ने कुछ राहत महसूस की है, लेकिन शक्तिनगर, बांकेनगर, राजीवनगर, इंदिरा कॉलोनी व चकरपुर के कुछ हिस्से में लोगों की दिक्कतें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। इन जगहों पर जलभराव की वजह से लोग परेशान हैं। इधर नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर तीसरे दिन भी बाढ़ व बारिश का पानी नदी बनकर बहता रहा। इससे राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें हुईं। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों से सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही बाढ़ चौकी प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ की वजह से दुकानों में गाद व कीचड़ जम गई है और व्यापारी दिनभर अपनी दुकानों की साफ-सफाई करने में लगे रहे।

# गहरे गड्ढे में गिरकर किशोर की गई जान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मवेशी चराने दोस्तों के साथ गया किशोर बारिश से खेत किनारे हुए पानी व कीचड़ से भरे गहरे गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों व परिजनों ने निकालकर अस्पताल उसे पहुंचाया, जहां किशोर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मंगलवार सुबह जोशी माझरा निवासी शंकर सिंह का 16 वर्षीय पुत्र वंश अपने दो दोस्तों के साथ गांव के पास में ही खेतों के किनारे मवेशी चराने गया था। तभी वह खेत किनारे बारिश के कारण बने एक गहरे गड्ढे में गिर गया और डूब गया। यह देख उसके दोस्त घबरा गए और उन्होंने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। घटना के समय शंकर सिंह किसी कार्य से जसपुर गया हुआ था। वहीं उसकी मां खेत पर गई हुई थी। मौक़े पर पहुंचे ग्रामीणों ने जैसे तैसे किशोर को गड्ढे से बाहर निकालकर मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद परिजन ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव अपने साथ ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

### बारिश से निर्माणाधीन पुलिया व मार्ग बहे

**बाजपुर :** विभिन्न नदियों से लिंक नहरों में बरसाती पानी आने के चलते निर्माणाधीन पुलिया व कई मार्ग बह गए हैं। इसके चलते गोरू गांव से रेंहटा होते हुए गजरौला जाने वाले मार्ग पर बलविंदर सिंह के घर के पास मुख्यमार्ग की पुलिया बह गई है, जिसके चलते आवागमन बंद हो गया है। इसके चलते वाहनों व स्कूली बसों को दूसरे रास्तों से होकर आना-जाना पड़ रहा है। ग्राम गोबरा में निर्माणाधीन ईईएमआई मद से बन रही सामूहिक गूल पार्ट-2 व पार्ट-3, ग्राम बैंतखेड़ी में इसी मद से बन रही पार्ट-1 गूल व ग्राम महोली जंगल में पार्ट-2, पार्ट-सी की गूलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वहीं अनेक ग्रामीण क्षेत्रों के कच्चे मार्गों में पानी भर जाने से मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि सभी हल्का पटवारी अपने-अपने क्षेत्रों में नुकसान का आकलन कर रहे हैं। रिपोर्ट आने पर जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

# आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया


जिला आपदा कंट्रोल रूम में जानकारी लेते प्रभारी मंत्री गणेश जोशी। ● अमृत विचार

**जायजा**

- प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों की ली जानकारी
- मंत्री जोशी ने कहा-सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने जिला आपदा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जनपद में प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को प्रभावितों को तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिला आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे प्रभारी मंत्री ने बताया कि सितारगंज के अरविंद नगर से एसडीआरफ द्वारा 360 लोगों को प्रभावित क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया है। खटीमा पूर्णागिरि से 250, देवीपुरा से 66, खटीमा चकरपुर से 250, खटीमा टुकड़ी बिचवा से 65 लोगों को प्रभावित क्षेत्र से एसडीआरएफ और जल पुलिस के माध्यम से रेस्क्यू किया गया है। जनपद में कुल 981 लोगो को प्रभावित क्षेत्र से एसडीआरएफ और जल पुलिस के माध्यम से रेस्क्यू किये गये हैं।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि तहसील खटीमा के तहत ग्राम हल्दी में 3 व्यक्ति मृतक, सितारगंज के ग्राम निर्मल नगर में 2 व्यक्ति लापता हुए हैं। इन लोगों की खोज की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि सितारगंज, खटीमा और नानकमत्ता में लगभग 300 से अधिक परिवार प्रभावित हुए हैं। 1500 से अधिक लोगों को प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित कर के विद्यालयों में रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। इस अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पांडेय समेत अमित नारंग, उमा जोशी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने एसडीएम से बाढ़ से बचाव के उपाय की मांग उठाई

**बाजपुर :** पिछले लंबे समय से बाढ़ की विभीषिका झेल रहे मोहल्ला राजीवनगर के लोगों व व्यापारियों ने लेवड़ा नदी की बाढ़ से बचाव के लिए सुनियोजित तरीके से उपाय करने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। मंगलवार को बाढ़ प्रभावित लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय जा धमके, जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मौके पर मौजूद उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। उनका कहना था कि बाजपुर के व्यापारी और आम जनमानस लेवड़ा नदी की भीषण बाढ़ का प्रकोप झेल रहे हैं। अधिकारियों द्वारा लेवड़ा नदी में हल्द्वानी रोड से ग्राम गुमसानी तक सफाई कर खाना पूर्ति कर दी गई है, लेकिन हल्द्वानी रोड से ग्राम चनकपुर तक नदी पर कोई सफाई नहीं की गई जिसका खामियाजा बाजपुरवासियों भुगतना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, अर्जुन, दीपक, सतीश, राजेंद्र वाल्मीकि, मुकेश, गनी, सन्नी आदि मौजूद रहे।


किच्छा में प्रभावितों को धनराशि वितरित करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

### 23 प्रभावितों को वितरित की 5- 5 हजार की आर्थिक मदद

**किच्छा:** तहसील अंतर्गत सेमलपुरा बंगाली कॉलोनी में जल भराव के चलते विगत दिवस प्रशासन की टीम ने 23 प्रभावित लोगों को प्राइमरी स्कूल में शिफ्ट किया गया तथा आपूर्ति विभाग द्वारा प्रभावित लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था कराई गई। लगातार हुई 2 दिन की भारी बारिश के बाद सेमलपुरा बंगाली कॉलोनी में जल भराव के चलते कई लोगों के कच्चे मकान तथा घरेलू सामान बर्बाद हो गया था। मंगलवार को राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार एवं उप निरीक्षक तनुजा बोरा की टीम प्राथमिक विद्यालय पहुंची और बंगाली कॉलोनी निवासीगण मधुबाला, सोनू, प्राची विश्वास, भुवन मंडल, राजन हालदार, हर कुमार, परिमल विश्वास, खेमपाल, छत्रपाल, किशन लाल, मोनी राम, गोविंद तालुकदार, अनिल, मोर मुकुट, मानिक राय, नंदन, तारा देवी, ललिता, जयकुमार और राधा रानी को आर्थिक मदद वितरित की। इधर तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन की टीम ने शहरी क्षेत्र में वर्षा से प्रभावित परवेज मलिक, सुरजीत कौर एवं शांति देवी को 5- 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी।

### पपनै के निधन पर शोक

**जसपुर।** रामनगर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपनै के निधन पर स्थानीय पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। सुशील चौहान, दिनेश कौशिक, शहजाद सिद्दीकी, आलम रजा ने शोक जताया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका अनुक्रमांक 18133074/2018 प्रमाण पत्र सं०- 11308401 एवं इंटर अनुक्रमांक- 20507334/2020 प्रमाण पत्र सं०-11306827 रास्ते में कहीं खो गई है प्रयोग अवैध माना जाए। - विरेन्द्र कुमार पुत्र सुखलाल सिंह, निवासी ग्राम चकरपुर, तहसील बाजपुर (उधमसिंह नगर) उत्तराखण्ड।

**कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, नैनीताल**

पत्रांक : 1186/स.क./छात्रा./प्र.वि./2024-25 दिनांक : 09-07-2024

**विज्ञप्ति (प्रवेश सूचना)**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति, अम्बेडकर छात्रावास, पाईन्स नैनीताल व रा०अनु० जाति छात्रावास, शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल में वर्ष 2024-25 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रारम्भ किये जा रहे है, जिसमें प्रवेश योग्यता, दूरी तथा आय के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र दिनांक 10-07-2024 से किसी भी कार्यालय दिवस में छात्रावास कार्यालय और जिला कार्यालय विकास भवन, भीमताल नैनीताल से प्राप्त कर दिनांक 31-07-2024 तक छात्रावास कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए निर्धारित आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वसत्यापित प्रतियाँ अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

1- तहसीलदार द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र।
2- तहसीलदार द्वारा प्रदत्त छात्र के पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र।
3- अन्तिम शिक्षण संस्था द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र।
4- महाविद्यालय में अध्ययन का प्रमाण पत्र।
5- छात्र द्वारा हाईस्कूल व विगत वर्ष में उत्तीर्ण की गई अंकतालिका।
6- आधार कार्ड।

(दीपांकर घिल्डियाल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
नैनीताल

**चिंताजनक** सुंदरपुर व मदनापुर में पानी की निकासी न होने से खेतों में गिरी धान की फसल

# नष्ट होने के कगार पर बेमौसमी धान

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** विगत चार दिनों से लगातार हुई बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं सुंदरपुर व मदनापुर में कई एकड़ बेमौसमी धान की फसल जलमग्न होने से नष्ट होने की कगार पर है। फसल को देख किसान चिंतित है।

इससे पहले गेहूं, लाई व मटर की फसल बारिश होने से काफी मात्रा में नष्ट हो गई थी। सुंदरपुर किसान पंकज सरदार ने बताया कि गांव में लगभग 50 एकड़ तैयार बेमौसमी धान की फसल तेज हवा के साथ आई बारिश से जमीन पर बिछ गई है। खेतों में रुके बारिश के पानी से गिरी धान की बालियां काली पड़ने लगी है। छोटी जोत किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि देवी आपदा के चलते विगत तीन वर्षों से लगातार किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इससे क्षेत्र का किसान बैंक, सहकारी समिति व आढ़तियों से लिए गए ऋणों की अदायगी नहीं कर पा रहा है। जबकि क्षेत्र के किसानों को बेमौसमी धान की कटाई के बाद सीजन के धान की रोपाई करनी है। मदनापुर किसान बलवंत सिंह कोरंगा ने तहसील प्रशासन से नदी व बरसाती नालों पर हुए अतिक्रमण को हटवाकर सफाई करवाने और बंद पड़े नदी- नालों को खुलवाने की मांग की। इससे जलभराव से निजात मिल सकेगी। कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी का कहना है कि प्रशासन ने ग्राम पंचायतों से मनरेगा के अंतर्गत नदी, नालों व नहरों की सफाई का कार्य बंद करवाने से क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बारिश के मौसम में बनी रहती है।


सुंदरपुर व मदनापुर में तेज हवा के साथ आई बारिश से खेत में बिछी बेमौसमी धान की फसल।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### चेक बाउंस के आरोपी का सामान हुआ जब्त

रुद्रपुर : सिडकुल पुलिस ने चेक बाउंस के आरोपी के घर का सामान जब्त कर लिया और आरोपी की फिर तलाश शुरू कर दी। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2017 में राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी निवासी हाल-टेक्नीशियन 220 केवीए सब स्टेशन थाना पंतनगर पर 138 एनआई एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि आरोपी द्वारा दिया गया चेक बाउंस का मामला थाना मुखानी के बीच चल रहा था। बताया कि न्यायालय में पेश नहीं होने की वजह से आरोपी के खिलाफ वारंट जारी हुआ था। जिस पर द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने आरोपी की कुर्की करने के आदेश पुलिस को दिए। आदेश का पालन करते हुए सिडकुल पुलिस ने आरोपी के सरकारी आवास पर पहुंचकर घरेलू सामान जब्त कर लिया।

### दो पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई, भाई-बहन घायल

बाजपुर : किशोर को उपनाम से पुकारने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी और जमकर लाठी-डंडे चले। घटना में तीन भाई-बहनों के चोटें आई हैं। नगरपालिका के वार्ड नंबर-10 में 16 वर्षीय किशोर को मोहल्ले के ही कुछ लोग उपनाम से पुकारते हुए उसे चिढ़ा रहे थे। किशोर ने घर जाकर परिजनों से इसकी शिकायत कर दी। आरोप है कि जब किशोर के परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। इसको लेकर उनमें कहासुनी शुरू हो गई और देखते ही देखते मारपीट होने लगी। घटना में विशाल, कंचन व सोना के चोटें आई हैं। उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। एक पक्ष ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### मारपीट में युवक घायल

बाजपुर : बाढ़ का पानी देखने के लिए गए युवक की किसी बात को लेकर वहां मौजूद युवकों से मारपीट हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगरपालिका के वार्ड नंबर-13 मोहल्ला राजीवनगर निवासी अनिकेत (21) मंगलवार को बाढ़ का पानी देखने के लिए भोना कॉलोनी गया था और वहां मौजूद कुछ युवकों से उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि आरोपियों ने अपने 20-25 अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके ऊपर हमला कर दिया जिसमें वह लहूलुहान होकर गिर गया। मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# ड्रीम इलेवन का झांसा देकर युवक को ऑनलाइन ठगा

संवाददाता, रुद्रपुर

- टीम बनाने का दिया प्रलोभन, उड़ाए 4.44 लाख
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में साइबर ठग ने एक युवक को ड्रीम इलेवन बनाने का प्रलोभन देकर लाखों की ठगी कर ली। आरोप है कि ठग ने युवक को टीम बनाकर करोड़पति बनने का सपना दिखाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना ट्रांजिट कैंप के जनपथ रोड जेपी नगर निवासी जयपाल यादव ने बताया कि उसकी पत्नी सुमित्रा देवी के मोबाइल टेलीग्राम पर राम चौधरी नाम का एक लिंक आया। जिसे उसके बेटे उज्जवल ने खोल दिया और नंबर व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गया। आरोप था कि साइबर ठग ने बेटे को ड्रीम 11 में टीम बनाकर लाभ कमाने का लालच दिया और जब बेटा उसके झांसे में आ गया तो उसने 6 जून को सदस्यता के नाम पर 999 रुपये पेटीएम से भुगतान कर दिया।

उन्होंने बताया कि जब बेटे ने भुगतान किया। इसके बाद 6 से 13 जून तक दो खातों से 32 बार नगद ऑनलाइन भुगतान करने का मैसेज आया। बताया कि ठग ने खाते से 4.44 लाख रुपये की ठगी कर दी। जब मोबाइल पर कॉल की तो मोबाइल बंद आने लगा और ग्रुप भी डिलीट कर दिया।

### एयरपोर्ट विस्तारीकरण में चिन्हित है भूमि, नागरिक उड्डयन विभाग को हो चुकी हस्तांतरित

# टीडीसी आवासों को एक माह में खाली करने के निर्देश

संवाददाता पंतनगर

**अमृत विचार:** पंतनगर में मौजूदा एयरपोर्ट का विस्तारीकरण कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसके तहत पंतनगर विवि की 565.24, सिडकुल की 43.04, कृषि विभाग की 18.78, लोनिवि की 26, तराई स्टेट फार्म की 12.30 और टीडीसी की 4.62 एकड़ (670 एकड़) भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित हो चुकी है। अब टीडीसी प्रबंधन ने अपने कर्मियों को नोटिस भेजकर एक माह में आवास खाली करने के निर्देश दिए हैं।

टीडीसी आवास आवंटन सचिव जीसी तिवारी ने कर्मियों को लिखे पत्र में कहा है कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए निगम की आवासीय कालोनी हल्दी की भूमि नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित हो चुकी है। इसके चलते इस भूमि को उनके सुपुर्द किया जाना है। अतः निगम की ओर से आवंटित आवास तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाते हैं। पत्र भेजने की तिथि से एक माह के अंदर आवंटित आवास कर निगम को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।




#### जीवनदायिनी नदियां और नहरें भी खतरे में

पंतनगर : पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में जीवनदायिनी नदियां और नहरें भी आ रही हैं। इसमें बैगुल, हल्दी, बरौर व मदनी नदियों सहित कनेटा, कोठा व बरौर नहरें शामिल हैं। यदि इनसे छेड़छाड़ हुई और इनका उचित प्रबंधन व संरक्षण नहीं किया गया, तो यह विस्तारीकरण की भेंट चढ़कर जल्द दम तोड़ देंगी।

#### एयरपोर्ट विस्तारीकरण में इनका मिट जाएगा वजूद

पंतनगर : एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में पंत विवि का प्रजनक बीज उत्पादन केंद्र (बीएसपीसी), सब्जी अनुसंधान केंद्र (वीआरसी), कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र (एग्रो फॉरेस्ट्री) व औषधीय एवं सगंध पौध अनुसंधान केंद्र सहित पंतनगर थाना, टीडीसी कार्यालय, उसका प्रोसेसिंग प्लांट व आवासीय कॉलोनी, विवि फार्म निदेशालय व उसकी आवासीय कॉलोनी, जैव प्रौद्योगिकी परिषद कार्यालय और यूको बैंक उसकी भेंट चढ़ जाएंगे। इतना ही नहीं इसकी जद में आने वाले राजमार्ग सहित 148 भवन, 13 कार्यालय, 12 टिनशेड गोदाम, 25 झोपड़ियां, 10 पॉली हाउस, चार ट्यूबवेल, तीन विद्यालय, दो पानी की टंकियां व 19 दुकानें (हल्दी मार्केट) एक सामुदायिक भवन, एक सस्ते गल्ले की दुकान और एक मंदिर जमींदोज होकर सिर्फ यादें बन कर रह जाएंगे।

#### उजड़ने के डर से इंदिरा व संजय कॉलोनी के लोग सहमे

पंतनगर : पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की खबरों और अधिकारियों व कर्मचारियों के क्षेत्र में नापजोख के बीच क्षेत्र में अफवाहों का बाजार भी गर्म है। एयरपोर्ट से लगी इंदिरा, मस्जिद व संजय कॉलोनी में चर्चा आम है कि इन कॉलोनियों को भी तोड़ा जाएगा, जिससे यहां के निवासी सहमे हुए हैं।

# मेडिकल स्टोर में नशे के इंजेक्शन बिकने पर महिलाओं ने काटा हंगामा

### संचालक पर आरोप लगाकर की कार्रवाई की मांग, आश्वासन के बाद शांत हुईं महिलाएं

आक्रोश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मेडिकल संचालक पर नशे के इंजेक्शन व कैप्सूल बेचने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस के कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुई। इसके बाद क्षेत्रवासियों ने पुलिस को एक शिकायती पत्र भी सौंपा।

मोहल्ला कानूनगोयान स्थित दो स्कूलों के पास एक व्यक्ति ने मेडिकल स्टोर खोला है। क्षेत्रवासियों को आरोप है मेडिकल स्टोर संचालक यहां नशे के कैप्सूल व इंजेक्शन बेचता है। इसके चलते दिनभर नशेड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। बीती सात जुलाई को मोहल्लेवासियों ने सीएमओ को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग भी की थी, लेकिन बीते सोमवार को कोई कार्रवाई न होने पर मंगलवार को मोहल्ले की महिलाओं व लोगों ने हंगामा काटा। आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर पर नशेड़ियों की आवाजाही से चोरियां हो रही हैं। साथ ही मोहल्ले की महिलाओं, युवतियों व बच्चों का यहां से निकलना दुश्वार हो गया है। नशेड़ी इधर-उधर खड़े होकर गाली-गलौच करते हैं। हंगामा की सूचना मिलने पर कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां लोगों ने उक्त मेडिकल स्टोर बंद कराने की मांग की। साथ ही एक शिकायती पत्र भी पुलिस को सांपा। यहां पर अजय टंडन, सुरेश सैनी, वीना शर्मा, आनन्द वर्मा, अमित कुमार, विक्की ठाकुर, फैजान, विकास वर्मा, नवल किशोर वर्मा, गुलजार अहमद, आरिफा, अमिता सक्सेना, दुलारी, राशिद समेत बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे।


मेडिकल स्टोर बंद कराने की मांग को लेकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

## बंद घर का ताला तोड़कर उड़ाए लाखों के जेवरात

**रुद्रपुर:** बगवाड़ा चौकी इलाके में चोरों ने धावा बोलकर बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया।

वन विभाग आवासीय कॉलोनी निवासी कला आर्य ने बताया कि उसका बिगवाड़ा चौकी इलाके में कौशल्या वाटिका में एक मकान है जो ज्यादातर बंद रहता है। उन्होंने बताया कि 29 जून को वह अपनी बेटी के घर खटीमा गई हुई थी और जब सोमवार को लौटी तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर रसोई की खिड़की का एंगल निकालकर अंदर घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर एक तोले सोने की नथ, दो सोने के मंगलसूत्र और सोने के हाथ के कंगन चोरी कर ले गये। चोरों ने करीब ढाई से तीन लाख की चोरी को अंजाम दिया है। सूचना मिलने पर बगवाड़ा पुलिस ने घटना की जानकारी ली और मकान स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है।

# दो दिन तक बिजली गुल रहने पर भड़के ग्रामीण


पैगंबरपुर विद्युत सब स्टेशन का घेराव करते गांव जाफराबाद के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप होने रहने पर भड़के ग्रामीणों ने बिजलीघर का घेराव किया।

सीमावर्ती गांव जाफराबाद के लोगों ने बताया कि उनके गांव में पिछले दो दिन से विद्युत आपूर्ति ठप है, जिससे वे काफी परेशान हैं। उनके द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि वे जब भी शिकायत करते हैं तो संबंधित अधिकारी जल्दी ही ठीक करने का आश्वासन देकर टाल देते हैं। उन्होंने सोमवार को रात्रि में ही करीब 9 बजे गांव पैगंबरपुर स्थित विद्युत सब स्टेशन का घेराव किया। गुस्साए गांव वासियों ने विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों को काफी खरी खोटी सुनाई। इस अधिकारियों ने गांव वासियों को रात में ही विद्युत आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर आदित्य कुमार, अंकित चौधरी, सचिन कुमार साजिद, अरुण कुमार, जितेंद्र कुमार, ललित कुमार, सुमित कुमार, मनीष चौधरी, गोलू कुमार, छत्रपाल, अंकुश कुमार, शुभम, संकित कुमार, सत्यवीर, देवेंद्र सिंह, आशू कुमार, विपुल प्रहलाद पिलशान, रमेश चंद्र, हिमांशु कश्यप, संदीप कुमार, राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दो पैथोलॉजी सेंटरों पर जुर्माना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रुद्रपुर के दो पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को दोनों सेंटर बगैर पंजीकरण के चलते मिले। स्वास्थ्य विभाग ने दोनों पैथोलॉजी सेंटर पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहले रुद्रपुर के केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने लैब के रजिस्टर की जांच की। इसके अलावा पंजीकरण के दस्तावेज मांगे, लेकिन लैब स्वामी अशरफ अली पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया। इसके बाद टीम ने आवास-विकास स्थित बालाजी पैथोलॉजी सेंटर का निरीक्षण किया। यहां भी सेंटर स्वामी पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया।

इसके बाद टीम ने दोनों सेंटरों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई के बाद एसीएमओ डॉ. सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों सेंटरों का पंजीकरण नहीं मिला। इसके अलावा बायो मेडिकल वेस्ट की व्यवस्था नहीं पायी गई। मौके पर उपस्थित एलटी का उत्तराखंड में पंजीकरण भी नहीं मिला। उन्होंने दोनों सेंटरों के स्वामियों को तुरंत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भीम त्रिपाठी, गोपाल आर्या मौजूद रहे।


रुद्रपुर में एक पैथोलॉजी लैब में कार्रवाई करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## सड़क हादसे में बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर:** सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत मामले में मृतक के चचेरे भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बांसखेड़ी निवासी महिपाल सिंह ने बताया कि बीती 6 जुलाई की प्रातः करीब 6:30 बजे उसका चचेरा भाई जगदीश बाइक से मंडी समिति गेट के सामने खड़ा था। विपरीत दिशा से आ रहे बाइक संख्या यूके18क्यू 6503 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पति से अनबन होने पर विवाहिता ने लगाई फांसी

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत महुवाडाबरा की एक विवाहिता ने सऊदी अरब में रह रहे अपने पति से फोन पर अनबन होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

समीपवर्ती नगर पंचायत महुआडाबरा वार्ड नंबर 3 निवासी रियासत हुसैन सऊदी अरब में नौकरी करता है। रविवार की रात्रि में उसकी पत्नी फरजाना (32 वर्ष) ने उससे मोबाइल पर बात की। इस दौरान किसी बात पर दोनों में अनबन हो गई। इस पर फरजाना ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की धमकी दी। इससे उसका पति चिंतित हो गया और घबरा गया। उसने तुरंत इस बात की जानकारी उसकी बड़ी बहन दूल्हापुर, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश निवासी शाहना पत्नी साजिद को फोन पर बताई। इस पर मायके वाले व सगे संबंधी महुआडाबरा उसके घर पर पहुंचे तो उन्हें फरजाना का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंपा।


फरजाना (फाइल फोटो)।

मृतका के मायके व ससुराल पक्ष के लोगों ने महुआ डाबरा में उसकी अंत्येष्टि कर दी। बताया गया कि इससे पहले फरजाना का अपने पति से किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं हुआ था।

#### एक साल पहले पति गया था सऊदी अरब

जसपुर : मृतका के भाई गांव दूल्हापुर, ठाकुरद्वारा उत्तर प्रदेश निवासी सद्दाम हुसैन इस्माइल ने बताया कि उसकी बहन फरजाना की शादी नौ वर्ष पूर्व हुई थी। करीब एक साल पहले उसका पति सऊदी अरब गया था। तब से फरजाना अपने तीन बच्चों के साथ अपने ससुरालियों से अलग किराये के मकान में रह रही थी। उसका अलग मकान बन रहा है।

#### तीन छोटे बच्चे मां से लिपटकर रोते रहे

जसपुर : फरजाना की मौत से उसकी पुत्री सुहाना (8 वर्ष), दरक्शा (4 वर्ष) व पुत्र अहद (6 वर्ष) से मां की ममता छिन गई है। तीनों बच्चे अपनी मां से लिपटकर रोते रहे। फरजाना की मौत के बाद उसके तीनों बच्चों को उसके मायके वाले अपने साथ ले गए।

#### घर नहीं पहुंच सका पति

जसपुर। सऊदी अरब में रह रहा मृतका का पति रियासत हुसैन अपनी पत्नी की मौत की सूचना मिलने पर चाहते हुए भी घर नहीं आ पाया। वह अपनी पत्नी फरजाना के अंतिम दर्शन नहीं कर पाया। उधर, मृतका के भाई सद्दाम हुसैन ने कोतवाली में किसी प्रकार की कोई तहरीर देने से मना कर दिया है। वे कोई कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

**विवाद** | जिन पर लगाया था अपहरण का आरोप, अब उन्होंने की परिजनों पर कार्रवाई की मांग, आत्मदाह की धमकी

# आठ दिन से लापता युवक खुद पहुंचा पुलभट्टा थाने, हंगामा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में विगत एक जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक की सकुशल वापसी के बाद माहौल गरमा गया है। परिजनों ने गांव के दो पूर्व ग्राम प्रधानों सहित चार लोगों के खिलाफ युवक के अपहरण का आरोप लगाया था। अब युवक की वापसी के बाद अपहरण के आरोपियों ने थाना पुलिस को झूठी सूचना देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू करते हुए आंदोलन तथा आत्मदाह की चेतावनी दी है।

विगत 1 जुलाई की शाम करीब 7 बजे पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम सतुईया निवासी 25 वर्षीय कमल राजपूत दोस्तों के साथ पार्टी करने की बात कह कर घर से निकला था। रात भर कमल के वापस न लौटने के बाद कमल की माता राम मूर्ति देवी सहित करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने पुलभट्टा थाने में हंगामा करते किया था। उन्होंने पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप, दोपहरिया के पूर्व प्रधान रामप्रसाद कश्यप, संजू कश्यप एवं जमुना प्रसाद के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कमल का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए कई घंटे तक थाने में बैठाया था। सोमवार की देर रात्रि अचानक कई दिनों से लापता कमल राजपूत खुद पुलभट्टा थाने पहुंच गया और अपहरण के आरोप को निराधार बताया। थाना प्रभारी अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि कमल का करीब 3 वर्षों से एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और युवती विवाह करने का दवाब बनाते हुए कमल के घर पर आकर रहने लगी थी। इसी बात से मानसिक तनाव में आकर कमल घर छोड़कर फरार हो गया था। पुलभट्टा थाने में कमल के पहुंचने की सूचना पर पूर्व ग्राम प्रधान पिंटू कश्यप, राम प्रसाद कश्यप, जमुना प्रसाद, संजू कश्यप सहित दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। पूर्व प्रधान राम प्रसाद कश्यप एवं पिंटू कश्यप ने बताया कि कमल राजपूत के पारिवारिक विवाद में साजिश के तहत उनका नाम घसीट कर उन्हें जेल भेजने की साजिश रची गई थी तथा पुलिस को झूठी सूचना देकर चारों पीड़ितों की छवि धूमित करने एवं सम्मान को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत के चुनाव को लेकर षड्यंत्र रचा गया।

पूर्व प्रधान पिंटू कश्यप ने कहा कि विगत 8 दिनों से वे लोग मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कमल, उसकी माता राममूर्ति देवी एवं रिश्तेदार अंकित सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों को साथ लेकर उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।


पुलभट्टा थाने के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## चचेरे-तहेरे भाइयों पर जानलेवा हमला

**बाजपुर:** रंजिशन रास्ते में घेरकर चचेरे-तहेरे भाइयों पर जानलेवा हमला करने व जेब में रखे 10 हजार रुपये की नकदी निकालने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने केलाखेड़ा थाने में 6 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सरकड़ी निवासी मोहन लाल ने पुलिस को बताया कि सोमवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे चचेरा भाई सुरेश कुमार उसके घर से अपने घर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक परिवार के 6 लोगों ने अपने घर के सामने रास्ते में सुरेश को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियारों, लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं भाई की चीखपुकार सुनकर जब मोहन लाल बीच-बचाव को पहुंचा तो हमलावरों ने उसके साथ भी बेरहमी से मारपीट की। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

बुद्धौ कलुषभूतायां विनाशे प्रत्युपस्थिते।
अनयो नयसङ्काशो हृदयान्नापसर्पति॥

विनाशकाल के समय बुद्धि विपरीत हो जाती है। ऐसे व्यक्ति के मन में न्याय के स्थान पर अन्याय घर कर लेता है। वह अन्याय के आसरे ही सब निर्णय लेता है।

## संपादकीय

# निरंतर प्रयास जरूरी

भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों 2030 (एसडीजी) के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रहा है। इसके बावजूद इसके 17 लक्ष्यों और 169 संबद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभी बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है। हाल में भारत में जारी एसडीजी की प्रगति रिपोर्ट डेटा आधारित प्रमाण पेश करती है। यह बताती है कि एसडीजी और उससे जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने की प्रक्रिया में भारत की प्रगति मिलीजुली रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य देशों ने सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा अपनाया, जो 1 जनवरी 2016 को लागू हुआ। एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है 'किसी को पीछे न छोड़ें'। वैश्विक स्तर पर एसडीजी की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भारत वैश्विक समुदाय का छठा हिस्सा है। हमारी विकास संबंधी जरूरतें बहुत बड़ी हैं। भारत में लोगों को आधुनिक सुविधाओं और विकास के साधनों तक पहुंच के लिए बहुत लंबा इंतजार करना पड़ा है। हमने इस कार्य को अनुमान से पहले ही पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

सोमवार को न्यूयॉर्क में सतत विकास के लिए वर्ष 2024 के उच्च स्तरीय राजनैतिक मंच (एचएलपीएफ) में संयुक्त राष्ट्र की उप प्रमुख आमिना मोहम्मद ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का लक्ष्य 2030 की समय सीमा में हासिल करने के लिए जरूरी प्रतिबद्धता और निवेश को तत्काल वास्तविकता में तब्दील करना होगा। एसडीजी प्राप्त करने की दिशा में भारत सरकार की नीतियों का अहम योगदान है। इनमें स्वच्छ भारत मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटीज, प्रधानमंत्री जन धन योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना महामारी ने देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया। फिर भी भारत ने हाल के वर्षों में गरीबी उन्मूलन के मामले में बेहतर प्रदर्शन किया है। बहुआयामी गरीबी में 9.89 प्रतिशत की कमी आई और यह 2015-16 से 2019-21 के बीच घटकर 14.96 प्रतिशत रह गई। कुल मिलाकर भारत तेज गति से बढ़ रहा है, वहीं वृद्धि के लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेहतर होगा कि सरकार आने वाले वर्षों में तय लक्ष्य पाने के लिए उन क्षेत्रों पर जोर दे, जहां हम अभी पीछे हैं। इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता होगी तथा लोगों की खर्च योग्य आय बढ़ानी होगी। साथ ही अपने घरेलू संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव कार्य करने का प्रयास करने होंगे।

# फ्रांस चुनावः हिंसा, नैतिक हार और गठबंधन सरकार



रंगनाथ सिंह
पत्रकार

> भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई।

इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया एक हफ्ते से सांसत में था। अब जाकर उसे राहत मिली है। इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया की अच्छी बात ये है कि अच्छे मौसम में वह 'निष्पक्ष' रहता है, लेकिन मौसम प्रतिकूल होते ही वह अपने पसंदीदा दल के सिर पर हार की तलवार लटकता देख, नि ष्पक्षता का केंचुल उतारकर उनके लिए परिष्कृत दुष्प्रचार शुरू कर देता है। पिछले एक हफ्ते में भारत में लोकप्रिय इंटरनेशनल इंग्लिश मीडिया दुबला हुआ जा रहा था कि 7 जुलाई के बाद फ्रांस में कहर आ जाएगा। फ्रांस में दो चरण में चुनाव होता है।

फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में जो पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी वही दूसरे दौर के चुनाव के बाद तीसरे स्थान पर पहुंचती दिख रही है। पहले चरण में दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले दल दूसरे चरण के लिए आपस में मिल गए थे। उन्होंने जनता से अपील की थी कि जिस सीट पर जो उम्मीदवार पहले चरण के नंबर वन दल को हराता दिखे, उसे ही वोट दें। दूसरे चरण में पहले दल को हराने के लिए 200 से ज्यादा उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इतना सब करने के बावजूद सबसे बड़े चुनाव पूर्व गठबंधन को फ्रांस में बहुमत से कम मिलने का अनुमान है। याद रखें कि एक दल को नहीं, बल्कि कई दलों के गठबंधन को बहुमत से कम सीटें मिल रही हैं। बहुमत के लिए इस तरह की रस्साकशी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक है। उल्लेखनीय ये है कि फ्रांस का चुनाव भारत के चुनाव से तीन बिंदुओं पर मिलता दिख रहा है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। वे तीन बिंदु हैं- हिंसा "नैतिक हार" और गठबंधन सरकार।

भारत की तरह फ्रांस में भी राष्ट्रपति का पद आम चुनाव से प्रभावित नहीं होता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति के पास हमारे राष्ट्रपति से कहीं ज्यादा शक्तियां हैं। पहले चरण में चुनाव परिणाम इंटरनेशनल मीडिया की चाहत के उलट आए तो सड़कों पर हिंसा हो गई, दूसरे चरण में जब चुनाव चाहत के अनुसार आए तो भी हिंसा हो गई। फ्रांस और हमारे बंगाल के बीच यह अद्भुत समानता है कि हार की आशंका और हार टलने की खुशी, दोनों स्थितियों में हिंसा हो जाती है। राहत की बात ये है कि बहुमत से सीट कम पाने के बाद भी फ्रांस में सबसे बड़े वामपंथी गठबंधन (जिसमें कई दल शामिल हैं) की 'नैतिक हार' नहीं होगी। बहुमत प्राप्त करना लोकतांत्रिक देशों की समस्या है। चीन, कतर और अफगानिस्तान में किसी को अल्पमत की तानाशाही से समस्या नहीं होती। जिन देशों में लोकतंत्र जितना मजबूत है, वहां किसी एक दल का बहुमत प्राप्त करना उतना कठिन है, क्योंकि वहां एक नहीं कई दल किसी न किसी इलाके या समुदाय के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं।

> 1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया।

इस समस्या के समाधान के लिए खास पदों पर ऐसी व्यवस्था की गई है, जिसमें कई चरण में चुनाव होते हैं ताकि अंतिम चरण में बस दो-तीन लोग बचे और जनता किसी एक को 50 प्रतिशत से ऊपर मत देने को बाध्य हो। चीन में अगर एक पार्टी की तानाशाही है तो अमेरिका में दो दलों की तानाशाही है। चीन और अमेरिका का पॉलिटिकल मॉडल उत्तरी कोरिया, ईरान और कतर जैसे देशों से बेहतर है, लेकिन भारत, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन का मॉडल अमेरिका और चीन से बेहतर है, जो बहुदलीय व्यवस्था को पोषण देता है। ये मॉडल यह मानकर नहीं चलता है कि कोई एक या दो दल ही, पूरे देश की बेहतरी के चौकीदार हैं। आजादी के खुमार से निकलने में भारत को करीब 45 साल लगे और 1989 में भारत में किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। सबसे बड़े दल सरकार गठन से किनारा कर लिया। दूसरे बड़े दल ने तीसरे दल एवं अन्य के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन वह करीब 11 महीने में गिर गई। उसके बाद सबसे बड़े दल ने एक छोटे से धड़े को बाहर से समर्थन देकर उसकी सरकार बनवा दी। इस विडंबना को किसी विद्वान ने नैतिक संकट नहीं बताया कि जिस दल के खिलाफ बड़े दल ने चुनाव लड़ा था, उसकी ही सरकार बनवा दी गई। 1989 के चुनाव का संदेश साफ था कि सबसे बड़ा दल सरकार चलाएगा तभी वह 5 साल चलेगी नहीं तो ऐसे ही हर साल नया प्रधानमंत्री मिलेगा। दो साल में दो सरकार गिरने के बावजूद देश की जनता ने 1991 के चुनाव में खुद को देश का डिफाल्ट रूलर समझने वाले दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। 1991-92 के चुनाव में जिस दल को सबसे ज्यादा 244 सीटें मिलीं उसने बिना किसी गठबंधन के अगले 5 साल तक सरकार चलाई। संदेश साफ था कि या तो हमें बाहर से समर्थन दो या फिर पिछली बार की तरह 11 महीने वाले रेंटर पीएम के लिए तैयार रहो।

1991 में जिस दल ने बिना बहुमत के अकेले दम पर पांच साल सरकार चलाई उस पर आजतक किसी ने अनैतिक सरकार होने का आरोप नहीं लगाया। विद्वान उसे अल्पमत की सरकार कहते हैं। 1996 में सबसे ज्यादा 161 सीट जीतने वाले दल को विपक्ष में बैठना पड़ा। 140 सीटें जीतने वाले दूसरे बड़े दल ने विपक्ष में बैठकर भी तीसरे बड़े दल का प्रधानमंत्री बनवा दिया, जिसे महज 46 सीटों पर जीत मिली थी, जो कुल सीटों की 10 प्रतिशत भी नहीं था। यानी तकनीकी तौर पर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा पाने के लिए जरूरी 55 सीटों से भी कम सीट पाने वाले दल ने करीब दो साल देश में सरकार चलाई, लेकिन 11 महीने वाला पुराना रेंटर सिस्टम जारी रहा। इस पूरी कवायद को विद्वानों ने अनैतिक घोषित नहीं किया गया। इसे लोकतंत्र की माया या त्रिशंकु संसद बताया। 1998-1999 में जो दल सबसे बड़ा बनकर उभरा उसने बाहर से समर्थन के लेन-देन के रेंटल सिस्टम को नकारते हुए दो दशक पुराना नुस्खा नए एंगल से अपनाया। 1977 में कई दलों ने आपस में विलय कर लिया था तो इस बार उन्होंने विलय करने के बजाय गठबंधन बनाकर एक गुट बनाया। विद्वानों ने इसे भी अनैतिक नहीं माना और गठबंधन युग के आगाज की मुनादी करवा दी। सरकार छह साल चली। 1996 में जिस दूसरे बड़े दल ने 140 सीटें जीतकर सरकार नहीं बनाई थी उसी दल ने 2004 में महज 145 सीटें जीतकर सरकार बना ली। 1989 और 1996 में उसने साफ संदेश दे दिया था कि हमारा पीएम नहीं रहेगा तो 11 महीने का रेंटर पीएम सिस्टम सहना पड़ेगा। नतीजा ये हुआ कि महज सबसे बड़े दल ने महज 145 सीटों के साथ आराम से 5 साल गठबंधन सरकार चलाई, लेकिन किसी विद्वान ने इसे अनैतिक नहीं कहा। इसे गठबंधन युग का नया अध्याय कहा।

2004 में दूसरे बड़े दल को 138 सीटों पर जीत मिली थी यानी उसे सबसे बड़े दल से केवल 7 सीटें कम मिली थीं, लेकिन वे सात सीटें उन मौसेरे भाइयों जैसी साबित हुईं, जिनमें 7 दिन पहले पैदा हुए भाई को आजीवन भैया कहना पड़ता है। दूसरा बड़ा दल अगले पांच साल तक भइया-भइया कहता रहा, लेकिन यह कभी न कह सका कि भइया आपकी नैतिक हार हुई है, आपकी सरकार अनैतिक है। दूसरा दल तो छोड़िए किसी बड़े विद्वान ने इस प्रक्रिया को अनैतिक घोषित नहीं किया, बल्कि गठबंधन को देशहित में बताया। 5 साल राज करने के बाद भी सत्ताधारी दल को 2009 में बहुमत से 66 सीटें कम मिलीं तो भी किसी ने नहीं कहा कि आपको अकेले दम पर बहुमत नहीं मिला, इसलिए यह नैतिक हार है और जनता ने आपको नकार दिया है। किसी एक पार्टी को बहुमत न मिलने की भारत में पिछले 35 साल में किसी विद्वान ने 2024 से पहले "नैतिक पराजय" नहीं कहा था। जर्मनी, फ्रांस, कनाडा इत्यादि में गठबंधन सरकारें चल रही हैं, लेकिन किसी विद्वान ने वहां की सरकार को "नैतिक रूप से हारी हुई" सरकार नहीं कहा।

गठबंधन सरकार की नैतिकता के लिए पहले विद्वानों ने यह राय बनाई थी कि चुनाव परिणाम आने के बाद महज सत्ता प्राप्ति के लिए किया गया जोड़-तोड़ जनता के साथ धोखा है। ऐसे में चुनाव पूर्व गठबंधन को नैतिक माना गया। चुनाव पश्चात के गठबंधन को मजबूरी। चुनाव बाद गठबंधन को अनैतिक नहीं बताया गया, क्योंकि जनता पर चुनाव के खर्च का बोझ डालना सही नहीं रहेगा। आप देख रहे होंगे कि नैतिकता भी खर्च के हिसाब से पाला बदल लेती है। जिस समाज में दो तरह की नैतिकता हो, वह नैतिक रूप से भ्रष्ट समाज होता है। इधर मैं ये सोच रहा हूं कि भारत हो या फ्रांस, ऐसी दोहरी निष्पक्षता या नैतिकता किसी पार्टी या राजनीतिक समूह की कब तक रक्षा कर पाएंगे?

## प्रसंगवश

# जिंदगी का सबक मोहर्रम

मोहर्रम के महीने से, सीखना कर्बला से, सीखना इमाम हुसैन से, सीखना शहीदों और बीबी जैनब से की, कैसे जुल्म के खिलाफ खड़ा हुआ जाता है। मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। हम खुद, हमारे बुजुर्ग और बहुत से लोग इसकी मुबारकबाद नहीं देते हैं। ऐसा हजरत ईमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के गम और उनकी शहादत के सम्मान में किया जाता है।



हफीज किदवई
लेखक

कोई इसके इतर भी चल सकता है, यह उसकी अपनी मर्जी। वैसे भी कर्बला जबरदस्ती का नाम नहीं, बल्कि सहयोग और त्याग का नाम है। मैं मोहर्रम को कभी इस्लामी नुक्ते नजर से नहीं देखता। मैं इसे उस आंदोलन की तरह देखता हूं, जिसने यजीद को चुनौती दी, जिसने शहादत चुनकर जुल्मी के पांव उखाड़ दिए, जिसने प्यासे रहकर गुरूर के महलों की दीवारें चटखा दीं, जिनकी तारीख में कर्बला जैसे उदाहरण हों, वह किसी भी कीमत में अधर्मी और पापी के सामने नहीं झुक सकते, जो झुक जाते हैं, उनके दिलों से ईमाम हुसैन रुखसत हो जाते हैं। मोहर्रम में कर्बला की जंग और उसके बाद बीबी जैनब का कर्बला से निकलकर, शहीदों की शहादत की दास्तान को घर-घर पहुंचाना। शायद दुनिया का पहला आंदोलन था, जिसे किसी औरत ने लीड किया था। उन्होंने अपनी आंखों देखी जुल्म की सियाह रातों को, तपती दोपहर को और खून से भीगी सुबह की सच्चाई, दुनिया के सामने रखी।

बच्चों की प्यास से सूखे गले में चुभे तीर के दर्द को बतलाया तो बुजुर्गों का जोश से लड़ते हुए शहीद होना बतलाया। रसूल के चश्मे चिरागों के सर, नेजो पर चढ़े, जब कर्बला से जीत की जंग में लाए जा रहे थे। तब ही तय हो गया तो, जो आज जीत के घमंड में इतरा रहा है, असल में वह ही हार गया है।

हर धर्म मे ऐसे उदाहरण हैं। हर अधर्म का मुकाबला करो, पाप के विरुद्ध खड़े हो। मोहर्रम से सीखें, यह महीना इंसानियत और उसूल का बहुत बड़ा सिलेबस है। इंसानी जात को बचाए रखने के लिए, क्या कर गुजरना पड़ेगा, सारे चैप्टर इसमें मौजूद हैं। मोहर्रम और कर्बला को हमेशा याद रखिए, यह जिंदगी का सबक है।

# वर्तमान संदर्भ में भारतीय लोक संस्कृति

संसार की संस्कृतियां आज एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं और परस्पर परिचय कर रही हैं। एक अभिनव मानव संस्कृति की रचना अग्रसर है। लोकतंत्र के राजनैतिक अधिकार, आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और सांस्कृतिक स्वायत्तता ये चारों ही तत्व महत्वपूर्ण हैं और अनिवार्य हैं। संस्कृति, जातीय अस्मिता तथा परंपरा का महत्व कम नहीं है।

लोकजीवन में स्वतंत्रता, समानता, संपत्ति, अभिव्यक्ति और शोषण के विरुद्ध अधिकार अपराधी को दंड तथा पंच-पंचायत संबंधी कहानियां और कहावतों का भंडार है। लोक संस्कृति सामूहिक जीवन के सघन संबंधों में विकसित होती है। यह ध्यान रखने की बात है कि समष्टि का जो तत्व है, वह लोक संस्कृति में अधिक विकसित है। अभिजन भी है और सामान्यजन भी है और दोनों के बीच निरंतर व्यवहार और संवाद भी होता है। अभिजन संस्कृति सामान्यजन संस्कृतियों के बीच भी यह व्यवहार और संवाद होता है। अनेक सांस्कृतिक प्रक्रियाओं के परिणामस्वरूप अनेक कारकों के माध्यम से मास कल्चर अथवा जन संस्कृति उभरती है, जिसमें देशी-विदेशी, जनपदीय, प्रदेशीय, नागर, ग्राम्य, वन्य सांस्कृतिक तत्वों का समाहार होता है।

प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में भी किसी न किसी संस्कृति का ही एक प्रतिनिधि है। सांस्कृतिक धारा की एक लहर, एक भाषा, एक परिधान, एक खानपान, एक सरीखा पश्चिम प्रेरित जीवन आरोपित करने की कोशिशें। हमला तो हमारे लोक पर ही है। सारी दुनिया को एक रंग में रंग देने की यह कोशिश भी लोक विरुद्ध है। छोटी-छोटी लोकभाषाओं और लोक संस्कृति विलुप्त हो रही हैं। लोक को झुठलाने के प्रयत्न हो रहे हैं। अपनी पुस्तक भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश में डॉ. रामविलास शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिस्थितियों में भारत की प्राचीन संस्कृति का अध्ययन अत्यंत प्रासंगिक है। इस संस्कृति के बारे में हमारी भ्रांतियां आज के राजनैतिक जीवन को प्रभावित करती हैं। प्राचीन संस्कृति सामंतों और पुरोहितों की रची हुई है और आज के युग में हमें इससे कुछ भी लेना-देना नहीं है, यह भाव भ्रांतिजन्य है। मोटा खाने मोटा पहनने की सादगी की जगह तड़क-भड़क की जिंदगी का आकर्षण बढ़ा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है।

चिकित्सा में किसी जमाने में सेवा समितियां हुआ करती थीं, धर्मार्थ चिकित्सालय होते थे। आज उसका व्यावसायीकरण हो चुका है। भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है। उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोक विश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं।

माइकल जैकसन मेडोना का आना और विचित्र व्यंजन में मदिरा, मेकअप, फैशन, वेशभूषा का प्रवेश होना। बहुजन समाज उसकी ओर ललचाए नजरों से देखता है। इससे लक्ष्य भ्रम हो जाता है। व्यावसायीकरण है और संप्रदाय करण है। लोक संस्कृति का लोक शिल्पकार ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है, जैसे मिट्टी के बर्तन दलिया चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों पर संस्थाओं का दबाव है, लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है, आराम की जिंदगी। भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है।

मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है। जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है। मनुष्य की युगयात्रा आज एक ऐसे पड़ाव पर आ पंहुची है, जहां संसार की विभिन्न संस्कृतियों का संवाद हो रहा है। जहां-जहां संबंधों में गहनता है, वहां-वहां लोक संस्कृति किसी न किसी रूप में आज भी जीवित जागरित है। परंपराएं आज भी जीवित हैं। परिवर्तन भी हो रहे हैं और निरंतरता भी बनी हुई है। दूसरी ओर अपनी जड़ों की ओर लौटो जैसे नारे भी दिए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कौन-कौन हैं वे

जो-जो सुनहरे भविष्य को बेचकर बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं और उनके मां-बाप को लूट रहे हैं। वे कौन-कौन हैं? कोचिंग सेंटर वाले, सौ प्रतिशत रिजल्ट का झांसा देकर एयर कंडीशंड स्कूल चलाने वाले इंजीनियरिंग, एकाउंटेंसी, लॉ जैसे विशेषता के पाठ्यक्रमों के लिए मोटी फीस वसूलने वाले, 'पक्का पास कराने' के लिए पर्चा लीक का गोरखधंधा चलाने वाले, परीक्षा के समय नकल की समुचित व्यवस्था करने वाले, एक बार में सफल न हो पाए प्रतियोगियों से दोबारा फीस वसूलने वाले, इन सबको संरक्षण देकर सामाजिक प्रतिष्ठा पाने में मददगार राजनीतिज्ञ और अफसर, कानून से इन्हें आवश्यक पर्याप्त कठोर दंड न देने वाले, आत्महत्या करके जंजाल से निकल जाने वाले विद्यार्थियों का पैसा वापस न करने वाले, वगैरह-वगैरह।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

इस विराट माफिया तंत्र के मुकाबले साधनहीन, सरकारों पर निर्भर और दयनीय परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को लेकर जो सरकारी स्कूल चलते हैं, फिर भी अच्छा रिजल्ट देते हैं, उनका जयजयकार करने का मन होता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही मुकाबला है जैसा रामचरितमानस में राम और रावण का थाः रावण रथी विरथ रघुवीरा।/ देख विभीषण भए अधीरा।।

ज्यादातर खुद सरकार संचालित विद्यालयों-विश्वविद्यालयों में पढ़कर इतने योग्य बने हैं कि वे सरकारी संस्थाओं को मटियामेट करने का अभियान चलाएं। हमारी वैदिक संस्कृति से चली प्राचीन गुरुकुल परंपरा रही हो या बौद्ध काल में विकसित तक्षशिला और नालंदा की विश्वविद्यालय परंपरा, उसमें शिक्षा माफिया की गुंजाइश नहीं थी। इसलिए जिन बच्चों के सपने टूट रहे हैं, जिनके माता-पिता खेत बेचकर बच्चे को योग्य बनाने का वहम पाले हैं, जो बच्चे असफल होने के डर से या असफल होने के बाद आत्महत्या कर रहे हैं। चाहे अतीत के आदिम साम्यवाद के आदर्श पर हों या भविष्य के काल्पनिक स्वप्न के अनुरूप वैज्ञानिक समाजवाद के आदर्श पर हो, लेकिन इस समस्या का हल निकलना चाहिए, युवाओं की जिंदगी चंद माफियाओं मुनाफे से ज्यादा कीमती है।

-फेसबुक वॉल से

# गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या

गीता का प्रारंभ प्रश्न से होता है। यह बात अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे जीवन में अगर कोई सबसे बड़ी चीज है तो वह है जिज्ञासा। जिज्ञासा से ही विज्ञान पैदा होता है और जिज्ञासा से ही धर्म। अगर जिज्ञासा न हो तो हमारा विकास रुक जाएगा। जैसे पशुओं का विकास रुका हुआ है। पशु जो होकर जनमता हैं, मरने के समय भी वही रहता है, लेकिन मनुष्य क्या से क्या हो जाता है। जिज्ञासा ही उसे पशुओं से अलग करती है। अगर मनुष्य को मनुष्य बनाना है तो उसे जिज्ञासा से भर देना होगा। भर देना शब्द सही नहीं है, क्योंकि मनुष्य जिज्ञासा लेकर ही पैदा होता है।

माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं। दुखद स्थिति है कि बच्चों की जिज्ञासा बचपन में ही मार दी जाती है। एक बार मार देने पर फिर से उसे पैदा करना बहुत कठिन होता है। जिज्ञासाएं अनेक तरह की होती हैं, जिसकी जैसी जिज्ञासा होती है, उसकी उपलब्धि भी वैसी ही होती है। धृतराष्ट्र के पास न केवल बाहरी आंखें नहीं हैं, वरन् भीतरी आंख भी नहीं है। वे मोहांध हैं। पुत्र-मोह में पड़कर उनकी न्याय बुद्धि नष्ट हो गई है। कुरुक्षेत्र में दोनों तरफ की सेनाएं लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने पुत्र की विजय कामना से भरे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि बताओ वहां क्या हो रहा है? श्लोक इस प्रकार है-धृतराष्ट्र उवाच धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे समवेता युयुत्सवः। मामकाः पाण्डवाश्चैव किमकुर्वत संजय।। धृतराष्ट्र ने पूछा-हे संजय, धर्मभूमि कुरुक्षेत्र में युद्ध के लिए इकट्ठे हुए मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया? इस श्लोक के तीन शब्दों को ठीक से समझने की आवश्यकता है। वे हैं-धर्मक्षेत्र, धृतराष्ट्र और संजय। प्रश्न उठता है कि क्या धर्मक्षेत्र में युद्ध हो सकता है? अगर धर्मक्षेत्र में भी युद्ध होगा तो उसका समाधान किस क्षेत्र में होगा? जहां एक-दूसरे के खून के प्यासे दो दल मरने और मारने को आतुर हों, वह धर्मक्षेत्र नहीं हो सकता। कहा जा सकता है कि धर्मयुद्ध उस स्थल पर होने की वजह से कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है। फिर वही प्रश्न! क्या युद्ध भी धर्म के लिए हो सकता है? धर्म है क्या? अगर धर्म आत्मज्ञान है तो क्या यह मरने-मारने से उपलब्ध होता है? बुद्ध ने किस युद्ध में आत्मज्ञान हासिल किया था? धर्म के लिए तो यह युद्ध लड़ा ही नहीं गया है। युद्ध तो स्वार्थों की टकराहट से पैदा होता है। भले किसी का स्वार्थ जायज हो और किसी का नाजायज। न्याय पाने के लिए यह युद्ध लड़ा जा रहा है। संपत्ति की हिस्सेदारी और प्रतिशोध के लिए लड़ा जा रहा है। सांसारिक चीजों के लिए युद्ध हो रहा है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> माता-पिता और शिक्षक का काम है जिज्ञासा की रक्षा करना। इसी कसौटी पर माता-पिता और गुरु को रखकर परखा जा सकता है कि वह सही है या नहीं।

इसे धर्मयुद्ध कहना फिजूल है। धर्मयुद्ध ही नहीं तो धर्मभूमि कैसे? लेकिन कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा है धृतराष्ट्र ने, जो कि अंधे हैं और अंधों की धर्म की धारणा ही अलग होती है। वे तो मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों और गुरुद्वारों में भगवान खोजते हैं। ऐसी बात भी नहीं, किसी भौतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही प्रायः वे वहां जाते हैं। या देखा-देखी के कारण जाते हैं। अगर शांति की खोज उन्हें होगी तो अंदर प्रवेश करना पड़ेगा। बाहर कहीं शांति है ही नहीं। जनसाधारण काबे और कैलास को धर्मक्षेत्र कहते हैं, क्योंकि कभी वहां स्थित किसी व्यक्ति के भीतर धर्म का अवतरण हुआ था। हो सकता है कि पुराने समय में कोई आध्यात्मिक घटना कुरुक्षेत्र में घटी हो और उसे धर्मक्षेत्र मान लेने की परंपरा रही हो।

धृतराष्ट्र एक साधारण मनुष्य हैं। शायद इसलिए उन्होंने प्रथा के अनुसार कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कह दिया है। मैं भी कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र कहने के लिए राजी हूं, सिर्फ एक कारण से, वह कारण यह है कि वहां भगवान श्रीकृष्ण विद्यमान हैं। जहां साक्षात् भगवान विद्याज्ञान हों, वह भूमि तो धर्मभूमि हो ही जाएगी। कृष्ण को अगर धृतराष्ट्र पहचानते तो युद्ध की अनुमति वे कभी नहीं देते। इसलिए यह तो स्पष्ट है कि कृष्ण की मौजूदगी के कारण धृतराष्ट्र कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र नहीं कह रहे हैं। संजय को लेकर ऊहापोह है। नास्तिक बिना जाने कहते हैं कि यह कोरी कल्पना है। संजय जैसा आदमी नहीं हो सकता। आस्तिक भी बिना जाने कहते हैं कि यह गलत हो नहीं सकता। संजय सत्य है। ये दोनों प्रकार के लोग ज्ञान के दुश्मन हैं। बिना जाने, बिना खोजे, बिना प्रयोग किए इन दो तरह के लोगों का निष्कर्ष तैयार रहता है, लेकिन ओशो जानकर कहते हैं कि ऐसा हो सकता है। इस तरह की शक्ति थोड़े प्रयास से पाई जा सकती है। यह बहुत बड़ी शक्ति नहीं है। यह आत्मज्ञान नहीं है। यह एक मानसिक शक्ति है।

इस बात को समझाने के लिए वे अनेक तरह के वर्तमान समय में उपलब्ध उदाहरण देते हैं। उनमें से एक उदाहरण मैं यहां देना चाहूंगा। ओशो के जीवित रहते अमेरिका में एक व्यक्ति जीवित थे। उनका नाम था टेड सीरियो, जो हजारों मील की दूरी पर कुछ भी देखने में समर्थ थे। अगर न्यूयॉर्क में बैठे सीरियो को कहा जाता कि बताइए अहमदाबाद के खास मैदान में इस समय क्या हो रहा है तो वे पांच मिनट के लिए आंख बंद करेंगे और सब कुछ बता देंगे। उनकी आंखों में वहां के लोगों की तस्वीर आ जाती थी, जिसे कैमरे से अनेक बार खींचा गया था। उनका हर तरह से परीक्षण कर इस घटना को सही पाया गया था। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि संजय कोई काल्पनिक पात्र नहीं है। इस तरह की शक्ति वाला व्यक्ति उस समय अवश्य रहा होगा।

# छद्मविज्ञान ही नहीं छद्मअध्यात्म का भी बोलबाला

पढ़े-लिखे भी झांसे में आ रहे हैं। सावधान रहने की जरूरत है। कोई भी बाबा और संन्यासिन आपके दुख-दर्द को दूर नहीं कर सकते। पुरुषार्थ करिए। पुरुषार्थ सब कष्टों के निवारण का मूलमंत्र है। अपने बुद्धि पर पड़े पर्दे को हटाए। कर्म में लगिए। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः। अध्ययन के प्रति लगाव है तो प्रमाणित भारतीय शास्त्रों को पढ़ने में अभिरुचि जगाएं। वे सभी बुढ़ापे के साहित्य नहीं हैं। अभी से नहीं पढ़ना शुरू करेंगे तो बाद में पल्ले नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारतीय अध्यात्म दर्शनशास्त्र की अपनी विशिष्ट शब्दावली और अर्थ है। जैसे बिना प्रारंभिक गणित में गति के आप इसके उच्चतर स्वरूप को समझ नहीं पाएंगे। आप श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस से अपनी अध्यात्म यात्रा शुरु कर सकते हैं। आप जब श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ेंगे तो यह बात और भी स्पष्ट होती जाएगी। वहां निरर्थक कर्मकांडों का निषेध है। 'पुष्पिताम वादिनम' वाले लोभी भविष्यदर्शियों से सावधान किया गया है। आपकी अपनी निजी आत्मिक उन्नति आप स्वयं के चिंतन से पा सकते हैं और रामचरित मानस में तो धर्म के नाम पर पाखंड फैलाने को बहुत दुत्कारा है। किंतु यह कितना दुखद है कि एक विशाल आध्यात्मिक वाङ्मय से समृद्ध भारत की एक बड़ी जनसंख्या मूढ़ बनकर पाखंडी, ढकोसलेबाज बाबाओं के पीछे भाग रही है। उनकी चरण रज लेने के लिए आत्मोसर्ग कर रही है और कैसे पापी हैं वे बाबा लोग जो निज रज स्पर्श का आह्वान करते हैं। उनकी चरण रज? माई फुट। वे तुलसीदास के गुरु सदृश भला हैं, जिनके लिए रामचरित मानस की प्रस्तावना में ही संत कवि कहते हैं - बंदऊ गुरु पद पदुम परागा सुरुचि सुवास सरस अनुरागा। एक तुलसी के आराध्य, प्रातः वंदनीय गुरु और आज के स्वयंभू ये अक्ल से पैदल और सूटबूट के बाबा जो अपना चरण रज बांट रहे हैं। ओह यह विद्रूप। चेतो भारत चेतो! उठो कर्म प्रधान बनों। स्वयं के सिवा कोई और मददगार नहीं है आपका। सारे बाबा आपको ठग रहे और खुद ऐयाशी कर रहे हैं। उनके किए कुछ नहीं होता। अपने दिमाग से पर्दे हटाएं। मूर्खतामूलक आस्था में बंद पड़े चक्षुओं को खोलकर देखिए, ज्ञानचक्षु तभी खुलेंगे। अन्यथा हाथरस हादसे होते रहेंगे।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

## बारिश से यूपीसीएल को छह लाख का नुकसान

**काशीपुर :** दो दिन से लगातार हुई बारिश व अंधड़ के चलते काशीपुर क्षेत्र में बिजली के पोल व ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली व्यवस्था ठप रही। इसके चलते यूपीसीएल को छह लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। वहीं यूपीसीएल के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण स्थानों पर खराब हुए ट्रांसफार्मरों को ठीक करने में जुटे हुए हैं। शनिवार देर शाम से तराई में तेज बारिश के बीच रविवार को चले अंधड़ व तेज बारिश से काशीपुर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। इस दौरान काशीपुर के ग्रामीण क्षेत्र मानपुर, पक्का कोट, 20 नंबर समेत अन्य स्थानों पर आठ पोल टूट गए। जबकि चार ट्रांसफार्मर फुंक गए। इसमें तीन ट्रांसफार्मर 25 किलोवाट के, जबकि एक ट्रांसफार्मर 63 किलोवाट शामिल है। यूपीसीएल की एसडीओ महक मिश्रा ने बताया कि मानपुर व पक्काकोट समेत ग्रामीण स्थानों पर अधिक नुकसान हुआ है। बताया कि बारिश रुकने के बाद नुकसान का आंकलन लगाया गया था।

### बेहड़ बोले-अवैध खनन और कॉलोनी में किसको चाहिए हिस्सा, जनता सब जानती है

# कार्रवाई के बाद तिलमिला गए पूर्व विधायक

संवाददाता, किच्छा



तिलक राज बेहड़, विधायक, किच्छा।

**अमृत विचार:** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा से कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि पूर्व विधायक शुक्ला द्वारा उन पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर ओछी राजनीति की जा रही है जबकि सभी को पता है कि पंतनगर के सस्पेंड हुए थाना प्रभारी किसके चहेते थे और कौन-कौन से गलत कामों में शामिल रहे हैं।

विधायक बेहड़ ने अपने ऊपर लगाए गए खनन एवं अपराध को बढ़ावा देने तथा गुंडों की फौज रखने के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि किच्छा विधानसभा के असली गुंडे तो भाजपा के पूर्व विधायक के साथ हमेशा घूमते हुए किच्छा की जनता ने देखे हैं।

बेहड़ ने जारी प्रेस नोट में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बेबुनियाद तथा मनगढ़ंत आरोप लगाने वाले भाजपा के पूर्व विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष एवं मीडिया को पूर्व थाना प्रभारी का अश्लील वीडियो क्यों नहीं सुनाया और जिस पीड़िता की यह बात कर रहे हैं उनके पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पीड़िता पर फर्जी मुकदमा लगवाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने पंतनगर की एक पीड़ित महिला की मदद की और धरना प्रदर्शन करने के बाद थाना प्रभारी को हटवाया। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर इस कार्रवाई से पूर्व विधायक इतने तिलमिलाए हुए क्यों हैं? विधायक बेहड़ ने कहा कि पूर्व विधायक द्वारा कभी यह बयान दिया जाता है कि उन्होंने मुख्यमंत्री से कहकर आरोपी कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई कराई है, कभी कहते हैं कि डीजीपी ने कार्रवाई की है, कभी देहरादून में मीडिया के सामने बयान देते हैं कि तिलकराज बेहड़ के धरना प्रदर्शन के बाद आरोपी कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई हुई है। आखिर भाजपा के पूर्व विधायक अपनी किसी बात पर टिकते क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने उन पर अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया है जबकि पंतनगर के कुलपति के साथ उन्होंने कैसा व्यवहार किया था यह सभी को पता है।

बेहड़ ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर चुनाव की दुश्मनी निकालकर निर्दोष लोगों को जेल भिजवाने का काम किसने किया है और अवैध खनन से लेकर अवैध कॉलोनी में किसको हिस्सा चाहिए, यह बात भी जनता जानती है।

# विधायक बेहड़ कर रहे पद और अधिकार का दुरुपयोग : शुक्ला

▸▸ **अश्लील ऑडियो प्रकरण में बनाया बेवजह का दबाव**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ पर अपने विधायकी पद और अपने अधिकार का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि विधायक ने अश्लील ऑडियो प्रकरण में ऐसे परिवार की सहायता की जिसने दलित की बेटी को आत्महत्या किए जाने पर विवश कर दिया। साथ ही पद का दुरुपयोग कर प्रकरण में दलगत राजनीति की। उन्होंने बेहड़ की विधायकी समाप्त किए जाने की मांग की।



पूर्व विधायक राजेश शुक्ला।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता में शुक्ला ने कहा कि उनके दस सालों के कार्यकाल में किच्छा विधानसभा में एम्स, डिग्री कॉलेज, तहसील, नगर पंचायत जैसे कई बड़े विकास कार्य हुए। लंबित विकास कार्यों पर ध्यान देने के बजाय किच्छा विधायक बेहड़ ने अश्लील ऑडियो पर ध्यान दिया और तीन जुलाई को पद का दुरुपयोग कर अश्लील ऑडियो प्रकरण में ऐसी पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करवाया। जिसके परिवार में एक दलित बेटी को आत्महत्या के विवश किए जाने का आरोप था। इसके अलावा एक दलित की गोली लगने से मौत प्रकरण में भी बेहड़ ने आरोपी पक्ष की मदद की। ऐसे में साफ हो गया है कि बेहड़ अपराध व अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सहित सीएम, प्रमुख सचिव को अवगत कराया है कि विधायक बेहड़ संवैधानिक पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके अलावा आत्महत्या प्रकरण में मृतक युवती को इंसाफ दिलाने के लिए वह संघर्ष करते रहेंगे, लेकिन हत्यारों का साथ कभी नहीं देंगे।

# बाढ़ प्रभावितों के नुकसान का तत्काल आंकलन करें अधिकारी

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण, बाढ़ प्रभावितों से मिले और सुनी समस्याएं, प्रभावितों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा मुआवजा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रभावित लोगों से वार्ता कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज सिंह सहित अन्य अधिकारियों को जनता के सभी प्रकार के हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके।

मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर से बनबसा टनकपुर क्षेत्र के भारी वर्षा और जलभराव का जायजा लिया। बनबसा से चकरपुर स्थित बनखंडी महादेव मंदिर पर पहुंचकर जलभराव से प्रभावित धर्मशाला में ठहरे ग्रामीणों से मिले और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री धामी ने खटीमा दौरे पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीम का हौसला बढ़ाते हुए दैवीय आपदा के समय किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने पालिका वार्ड संख्या सात अमाऊं की बाढ़ पीड़ित कॉलोनी और राजीव नगर, बंगाली कॉलोनी, आवास विकास में जलभराव और लोगों की समस्याओं का जायजा लिया। सीएम धामी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता में कोई दिक्कत नहीं आने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी बाढ़ प्रभावित लोग हैं उन्हें विद्युत, शुद्ध पेयजल की उपलब्ध कराने, जलभराव वाले क्षेत्र से पानी के निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने बाढ़ से आवास में पानी घुसने की वजह से जान माल के नुकसान की बात भी रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक बाढ़ पीड़ित परिवार की सहायता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, सांसद अजय भट्ट, प्रभारी गणेश जोशी, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, सीएमओ मनोज शर्मा, उपजिलाधिकारी रविन्द्र बिष्ट, निदेशक मंडी बीएस चलाल, मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुक्ला, अधिशासी अभियंता एएस नेगी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह किन्ना, गोपाल बिष्ट, नीलू गुप्ता, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा आदि मौजूद रहे।



खटीमा के राहत कैंप में बाढ़ पीड़ितों से बातचीत करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार



खटीमा के अमाऊं के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की जानकारी लेते सीएम धामी। ● अमृत विचार



खटीमा में बाढ़ प्रभावितों को भोजन परोसते सीएम धामी। ● अमृत विचार

### राहत कैंपों में प्रभावितों को उपलब्ध कराया जा रहा भोजन

**खटीमा :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्यमंत्री धामी को बताया कि राहत कैंप लगाए गए हैं और प्रभावितों को पका हुआ भोजन व पानी आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चा फूड पैकेट भी वितरित किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावितों को अहेतुक सहायता राशि वितरित की जा रही है और मुआवजा राशि भी शीघ्र वितरित की जाएगी।

### मंडलायुक्त ने सहायता राशि उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने तत्काल अधिकारियों की बैठक लेते हुए अधिकारियों को आपदा पीड़ितों को सहायता राशि उपलब्ध कराने और परिसंपत्तियों का आंकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सांसद भट्ट ने मृतकों के परिजनों को चेक सौंपे

**खटीमा :** बीते दिन मूसलाधार बारिश के चलते क्षेत्र में हुए जलभराव में हल्दी घेरा के सन्नी व प्रिंस दोनों की डूबने से मौत हो गई थी। घटना के दूसरे दिन सांसद अजय भट्ट दोपहर बाद पीड़ितों के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। दोनों पीड़ित परिवारों को आपदा राहत कोष के अंतर्गत चार-चार लाख के चेक सौंपे। साथ ही बाढ़ ग्रस्त से दाह ढाकी रघुलिया वनगवां का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, तहसीलदार हिमांशु जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी आदि मौजूद रहे।

## रुद्रपुर डिपो को तीन लाख का नुकसान

**रुद्रपुरः** एक दिन पूर्व तराई में हुई भारी बारिश के बीच यात्री नहीं मिलने से रुद्रपुर डिपो को तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि डिपो प्रबंधन के अनुसार लालकुआं रेलवे स्टेशन में रेलवे ट्रैक में पानी भरने के कारण यात्रियों ने रुद्रपुर का रुख किया। इससे डिपो को ज्यादा राजस्व का नुकसान नहीं हुआ।

पिछले तीन दिन में तराई में लगातार बारिश हो रही थी। इस कारण कई स्थानों में जलभराव हो गया। बारिश और जलभराव के कारण लोगों ने अपनी यात्राओं को भी स्थगित कर दिया। इसका असर रुद्रपुर डिपो की आय पर पड़ा है। रुद्रपुर स्टेशन के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने बताया कि रुद्रपुर डिपो से देहरादून, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, लखनऊ, दिल्ली, बरेली समेत कई स्थानों को बसों को संचालन होता है। एक दिन पूर्व हुई बारिश के चलते लोगों ने बसों में सफर काफी कम किया। उन्होंने बताया कि लालकुआं स्टेशन के रेलवे ट्रैक में पानी भरने से कई यात्री रुद्रपुर स्टेशन पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि सभी यात्रियों को रुद्रपुर स्टेशन से गंतव्य को भेजा गया, वरना डिपो को का लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व का काफी नुकसान हो सकता था। सोमवार को लक्ष्य 14 लाख के सापेक्ष डिपो की आय 11 लाख रुपये हुई है।



बाजपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

### निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने किया क्षेत्र का निरीक्षण

**बाजपुर :** निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने बारिश से क्षेत्र में हुए जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष हुई बरसात के बाद 26 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बाजपुर में लेवड़ा नदी के पुल का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। क्षेत्रवासियों को बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने को लेकर उनके द्वारा करोड़ों रुपये की घोषणा भी की गई थी। बावजूद इसके समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। गित्ते ने कहा कि भाजपा के गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय वर्षभर अधिकारियों के साथ बाढ़ की विभीषिका से शहर को बचाने के लिए लगातार समीक्षा बैठक करते रहे, लेकिन कोई भी काम धरातल पर नहीं हुआ, समाधान के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई। जिसका नतीजा आज आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



वार्ड नंबर 3 से गुजरने वाली गर्ग नर्सिंग होम वाली नहर की उखड़ी पुलिया।

### बारिश थमने के बाद कम हो रहा जलभराव

**जसपुर :** क्षेत्र में भारी बारिश होने के बाद नदी-नालों का उफान खत्म हो गया है और आबादी क्षेत्र में गहरे तल वाले स्थानों पर भरा हुआ पानी धीरे-धीरे निकल रहा है। रविवार की रात्रि में सोमवार को हुई भारी वर्षा से क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर थे, लेकिन वर्षा रुकने पर नदियों का जलस्तर कम हो गया है। आबादी क्षेत्र में गहरे तल वाले विभिन्न स्थानों पर भरा पानी मंगलवार को भी पूरी तरह से नहीं निकल पाया। जसपुर के वार्ड नंबर 3 से गुजर रही सिंचाई नहर की पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने पर नए सिरे से बनाने के लिए उखाड़ दी गई थी, लेकिन उसका निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हो पाया था, कि बरसात शुरू हो गई। पुलिया उखड़ी पड़ी होने से मोहल्ले का संपर्क नहर वाले मुख्य मार्ग से पूरी तरह से कटा हुआ है। क्योंकि इस नहर में वर्षा का पानी काफी मात्रा में बह रहा है। यदि बरसात से पहले पहले यह पुलिया बन गई होती मोहल्ले वासियों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

# भगचुरी नौसर मार्ग बहने से 8 ग्रामसभाएं प्रभावित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** 48 घंटे से अधिक समय तक हुई अतिवृष्टि के बाद मंगलवार को न केवल तेज धूप खिली बल्कि गर्मी रही। इससे बाढ़ प्रभावित परिवारों को कुछ राहत महसूस हुई। दूसरे दिन भी इस्लामनगर, गोटिया, कंजाबाग रोड, नागरिक अस्पताल, रिलायंस पेट्रोल पंप में पानी भरा रहा अलबत्ता जल स्तर काफी कम हो गया। नगर और ग्रामीण क्षेत्र से पानी हटने के बाद बाढ़ की विभीषिका नजर आई।

आवास विकास कॉलोनी की सड़क पानी के तेज बहाव में इस कदर उखड़ गई है कि जगह-जगह मलबे का ढेर बन गया है। वहीं पहेनियां से होकर बहने वाली परवीन नदी पर पानी के दबाव के चलते तटबंध तीन स्थानों पर टूट गया। पटपुरा जसारी मार्ग, नौसर और भगचुरी मार्ग के बीच का 200 मीटर संपर्क मार्ग पूरी तरह से बह गया है। जिससे नौसर, जादोपुर, उलानी, जोगीठेर नगला, प्रतापपुर, मोहम्मदपुर भुड़िया वासियों को खटीमा पहुंचने के लिए 30 किमी का अतिरिक्त सफर करना होगा। इधर सुनपहर सितारगंज मार्ग पर बाढ़ के पानी से पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।



खटीमा के भगचुरी नौसर मार्ग का बहा 200 मीटर हिस्सा। ● अमृत विचार

### गूलरभोज बौर जलाशय से खंगाल लीं मछलियां

**गूलरभोज :** बौर जलाशय में जलस्तर बढ़ने पर प्रशासन ने जलाशय का गेट खुलवा दिया। पानी के साथ मछलियां बहने पर लोगों में मछलियां पकड़ने की होड़ लग गई। इस दौरान बच्चे भी मछलियां पकड़ते देखे गए। क्षेत्रीय लोगों का कहना था कि प्रशासन एक बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। जबकि एक माह पूर्व बिलासपुर (उत्तर प्रदेश) के एक युवक जलाशय में डूबने से मौत हो गई थी। मंगलवार को प्रशासन द्वारा चार दिनों तक हुई लगातार झमाझम बारिश के चलते जलाशय का जलस्तर बढ़ने से जलाशय का एक फाटक खुलवाया दिया। मछलियां पानी के साथ बहाव में जलाशय गेट के आगे बने गड्ढे में पहुंच गईं। युवाओं के साथ नाबालिग बच्चों में मछलियां पकड़ने की होड़ लग गई।



शिकायत पर मौका मुआयना करते तहसीलदार। ● अमृत विचार

### बिल्डर ने किया नाले पर कब्जा, निरीक्षण को पहुंचे तहसीलदार

**काशीपुर :** वार्ड नंबर तीन जसपुर खुर्द के राजस्व नाले से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर जय मां भारती संस्था ने कुमाऊं मंडल के मंडलायुक्त को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने वार्ड में एक व्यक्ति द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की है। इस दौरान तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण भी किया। मंगलवार को सौंपे ज्ञापन में जय मां भारती संस्था के राष्ट्रीय महासचिव हरदीप शर्मा ने आरोप लगाया कि काशीपुर की एक सोसायटी के बिल्डर द्वारा राजस्व के 13 फीट नाले को अपने परिसर में बंद करके कब्जा कर रखा है और नाले के कुछ आंशिक भाग पर 15 पक्की दुकानों का निर्माण किया गया है। साथ ही बताया कि काशीपुर नगर का 80 प्रतिशत पानी निकासी के लिए मात्र यही एक नाला है। जिसको बाधित करने के कारण से क्षेत्र में जलभराव हो रहा है। उन्होंने मंडलायुक्त से नाले पर बने अतिक्रमण को हटाने की मांग करते हुए सुचारू जल निकासी की मांग की है। इस दौरान तहसीलदार पंकज चंदोला ने मौके का निरीक्षण किया और कहा कि नाले निकासी में दिक्कत सामने आई। जिसे बिल्डर को तत्काल ठोकर बनाकर इसकी निकासी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

**मदद** एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के सहयोग से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

# बाढ़ प्रभावित लोगों से मिले विधायक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से आई भीषण आपदा की इस घड़ी में विधायक भुवन कापड़ी ने राहत और बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अपने क्षेत्र की जनता के बीच रहकर प्रशासन व एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के सहयोग से बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

विधायक भुवन कापड़ी ने नदी किनारे दियां में बनी गौशाला से गौवंशों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर रहने की व्यवस्था करवाई। शहर भ्रमण कर अमाऊ, पूर्णागिरि कॉलोनी में फंसे लोगों को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। जगबूड़ा नहर का पानी बढ़ जाने के कारण बन महोलिया, झनकईया, मेलाघाट क्षेत्र में का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर उचित व्यवस्था करवाया। मंगलवार को खटीमा बाजार, कैंटीन, खटीमा व्यापारियों के हुए नुकसान का निरीक्षण किया, भगचुरी स्कूल में राहत कैंप में लोगों के मुलाकात कर उनका हाल जाना। सत्रहमील-नौसर-प्रतापपुर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मार्ग का निरीक्षण किया व मझोला, बिष्टी, सितारगंज क्षतिग्रस्त मार्ग का निरीक्षण किया तथा खेतलसंडा में जलभराव की स्थिति व लोगों को हुए नुकसान का जायजा लिया।



खटीमा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कापड़ी।

# बेटे से मिलने आए पिता की मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अपने बेटे से मिलने पीलीभीत से रुद्रपुर आए व्यक्ति का कमरे में शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम डयूली पीलीभीत यूपी निवासी 42 वर्षीय गेंदन लाल राजमिस्त्री का कार्य करता था, जबकि उसका बेटा जय सिंह थाना ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में रहता है और सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। बताया जा रहा है कि रविवार को गेंदन अपने बेटे से मिलने रुद्रपुर आया, लेकिन बेटा ड्यूटी पर होने के कारण उससे मुलाकात नहीं हो सकी।

इसी दौरान वह बेटे के कमरे पर ही खाना बनाने लगा, तभी अचानक वह गश खाकर गिर गया। देर शाम को जब जय सिंह लौटा तो पिता को जमीन पर पड़ा देखा। यह देखकर उसके हाथ-पांव फूल गए और आनन-फानन में व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप के दरोगा ललित चौधरी ने मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। पुलिस ने मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

### ट्रंचिंग मैदान के पास मिला युवक का शव

रुद्रपुर : किच्छा हाईवे स्थित ट्रंचिंग मैदान के समीप एक युवक का शव मिला है। सूचना मिलने पर रंपुरा चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक नशे का लती था और अक्सर नशे की हालत में आसपास ही घूमता रहता था। मंगलवार की सुबह रम्पुरा बस्ती पुलिस को खबर मिली कि किच्छा हाईवे स्थित ट्रंचिंग मैदान के समीप एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और प्रारंभिक पड़ताल की तो पता चला कि युवक का नाम ईशानगर बिलासपुर यूपी निवासी बबलू सिंह है। जब पुलिस ने रुद्रपुर के रहने वाले मृतक की मां व बहनोई से संपर्क किया तो परिजनों ने बताया कि युवक कभी कभार ही घर आता था। पता चला कि युवक नशे का लती था और अक्सर आसपास के मार्ग पर ही घूमता रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### रक्तदान कर कौमी एकता की मिसाल कायम की



रक्तदान करते सरफराज अहमद ।

**जसपुर :** एक मुस्लिम ने रक्तदान करके हिंदू व्यक्ति की जान बचाकर कौमी एकता की मिसाल कायम की। सीमावर्ती गांव सुआवाला, बिजनौर, उत्तर प्रदेश निवासी बीमार राजेश सिंह (45 वर्ष) की हालत बिगड़ने पर उसके परिजनों ने उसे जसपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने जांच के बाद खून की आवश्यकता बताई। राजेश के परिवार के सदस्य ए पॉजिटिव खून के लिए ब्लड बैंक पहुंचे। जहां ए पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड उपलब्ध नहीं था। इस पर परिवार के लोग घबरा गए। वे दो दिन तक खून की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। इसी दौरान मंगलवार को वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय गुलजार सिद्दीकी के संपर्क में आये। उन्होंने एसएसटी रोड लाइंस के चेयरमैन सरफराज अहमद को उक्त लोगों की मजबूरी बताई। इस पर वे जसपुर के कलिया वाला मोड़ ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। बीमार व्यक्ति के पूरे परिवार ने सरफराज अहमद व सोशल एक्टिविस्ट गुलजार की टीम का आभार जताया।

### दिनेशपुर मोड़ पर पलटी कार, बाल-बाल बचा परिवार

**रुद्रपुर :** मंगलवार की सुबह दिल्ली से नैनीताल घूमने निकले पर्यटकों की कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। राहगीरों ने कार में बैठे परिवार को बाहर निकाला। इसके बाद मामूली चोटिल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया। दिल्ली रोहिणी निवासी पंकज वर्मा अपनी कार संख्या डीएल- 8 सीबी-8342 से परिवार सहित नैनीताल घूमने निकले थे। कार में उनकी पत्नी, दो बेटियां और माता-पिता सवार थे। बताया जा रहा है कि कार जैसे ही मंगलवार की सुबह साढ़े दस बजे नैनीताल हाईवे स्थित दिनेशपुर मोड़ पर पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद हाईवे पर ही पलट गई। हादसे के दौरान कार का एयर बैग खुल गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और कार सवारों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल ले गए। वहीं सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मामूली रूप से चोटिल पर्यटकों का उपचार किया। वहीं प्राइवेट कार बुक कर दिल्ली का परिवार पुन :नैनीताल के लिए रवाना हो गया। गनीमत यह रही कि समय रहते कार का एयरबैग खुल गया, वरना हादसा बड़ा हो सकता था।

# कृषि क्षेत्र में सुदृढ़ता के लिए पंत विवि और यूरोप की दो विवि के बीच करार

## जीबी पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान स्पेन और वर्सिलोना के भ्रमण पर

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान स्पेन और वर्सिलोना के भ्रमण पर हैं।

उन्होंने वहां के दो विश्वविद्यालयों यूनिवर्सितात आटोनामा द वर्सिलोना (यूएबी) एवं उनिवर्सितात पॉलिटेक्निका दे केतालूइया बासेलोनाटेक (यूपीसी) के साथ करार किया। यूएबी की ओर से निदेशक डॉ. काटजा सुस्ताकोविज और यूपीसी की ओर से अंतरराष्ट्रीय अधिकारी डॉ. लौरा टोरेश ने करार पर हस्ताक्षर किए। यह करार खाद्य और कृषि तकनीकी क्षेत्र में किया गया, जिससे पंतनगर विवि और यूरोप के दोनों विश्वविद्यालय इस क्षेत्र में सुदृढ़ता प्रदान कर सकें। कुलपति डॉ. चौहान भारतीय विश्वविद्यालय संगठन की टीम के साथ भ्रमण कर रहे हैं।



स्पेन के वैज्ञानिकों के साथ कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान। ● अमृत विचार

### पंत विवि के प्रौद्योगिकी छात्रों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर :** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के माध्यम से अध्यनरत छात्रों के लिए अल्ट्राजेनिक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजिज नोएडा की ओर से सेवायोजन के लिए साक्षात्कार किया गया। इसमें इसी वर्ष जून में बीटेक उत्तीर्ण होने वाले कंप्यूटर इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) ब्रांच के कुल 58 छात्रों ने प्रतिभाग किया। दूसरे चक्र में 26 छात्र नामित हुए, जिनमें से आदर्श कुमार, एकांश अग्रवाल और छाया गंगवार का चयन हुआ। कंपनी चयनित विद्यार्थियों को आठ लाख रुपये सालाना पैकेज मुहैया कराएगी। अधिष्ठात्री प्रौद्योगिकी महाविद्यालय डॉ. अलकनंदा अशोक के कुशल मार्गदर्शन और सहज सहयोग से प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. बीके सिंह के प्रयासों से यह उपलब्धि अर्जित हुई है।



आदर्श कुमार।



एकांश अग्रवाल।



छाया गंगवार।



श्रद्धालुओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

# अमरनाथ यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत

- वैशाली कॉलोनी पहुंचने पर फूलमालाएं पहनाई गईं
- पूर्व विधायक और व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया अभिनंदन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** अमरनाथ यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का शहर में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने फूलमालाओं से स्वागत किया।

संजय ठुकराल, मोंटी वाधवा, राज चौधरी एवं हर्ष वार्ष्णेय सहित कई श्रद्धालु श्री अमरनाथ की यात्रा कर लौटे हैं। मंगलवार को शहर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं का वैशाली कालोनी में स्वागत किया गया। इस अवसर पर विक्की आहूजा, हिमांशु मिड्ढा, अंश बजाज, विक्की मुंजाल, विशाल मेहरा, आकाश भूसरी, मनीष गोस्वामी, राजू गुप्ता, बंटी राजोरिया, हैप्पी चौहान, विशाल सिंह, पवन गाबा पल्ली, अंश अग्रवाल, मनीष गोस्वामी, सागर छाबड़ा, सचिन तनेजा आदि मौजूद रहे।

# 12 फीट नीचे मोटर के गड्ढे में जाने पर दो युवक बेहोश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** ग्राम महेशपुरा में 12 फीट गहरे गड्ढे में खराब हुई मोटर को निकालने के लिए गए दो युवक अचानक बेहोश हो गए।

सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद कई घरों की मोटर खराब हो गई थी। बाजपुर के ग्राम महेशपुरा में खराब मोटर को 12 फीट गहरे गड्ढे से निकालने के लिए देवेंद्र कश्यप पुत्र राम रतन नीचे गया। इसके बाद देवेंद्र बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर बृजलाल सैनी देवेंद्र को बचाने के लिए गड्ढे में गया लेकिन बृजलाल सैनी भी बेहोश हो गया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए जहां केतु सैनी व बूटा सिंह ने दोनों युवकों को गड्ढे से बाहर निकाला और नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने दोनों युवकों का उपचार कर उन्हें घर भेज दिया। लोगों ने बताया कि गड्ढे की गहराई ज्यादा होने पर दोनों युवक ऑक्सीजन की कमी से बेहोश हुए थे।



ग्राम महेशपुरा में बेहोश युवक। ● अमृत विचार



इसी गहरे गड्ढे में गए थे युवक।



गोष्ठी के माध्यम से किसानों को गन्ने की फसल की जानकारी देते अधिकारी।

# किसानों को दी गई गन्ने की उन्नत प्रजाति की जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर ने काशीपुर के ग्राम मढैया में किसानों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया।

इस दौरान गोष्ठी में किसानों को गन्ने की उन्नत प्रजातियों को लेकर जानकारी दी गई। मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना किसानों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि गन्ने की फसल में लगने वाली तरह-तरह के बीमारियों व उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाइयां व उनको गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करने करने की जानकारी दी गई। इस दौरान संजय कुमार मौजूद रहे।

# आईटीआई में इंटर प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर आईटीआई में इंटर प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में काशीपुर व बाजपुर के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया। इसमें मॉडल तैयार कर मूल्यांकन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को काशीपुर आईटीआई में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता टाटा स्ट्राइव व सीमेंस के सहयोग से डुअल वैट प्रोग्राम के माध्यम से कराई गई। इसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मॉडल तैयार किए गए। इसमें आईसीटीएसएम के प्रशिक्षार्थियों द्वारा बनाई रिमोट कंट्रोल कार को प्रथम, आईसीटीएसएम एवं इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा बनाई होम ऑटोमेशन को द्वितीय जबकि आईसीटीएसएम एवं इलेक्ट्रॉनिक्स द्वितीय वर्ष प्रशिक्षार्थियों ने रोड सेफ्टी मॉडल बना कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय, हल्द्वानी ऋचा सिंह ने विजेता प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रसन्न सिंह नेगी, सुभाष डबराल मयंक अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, जे पी टम्टा, राजीव पुष्पांकर, शिव कुमार, आरसी पाल, प्रेम सिंह, संजीव कुमार, एम सूर्य रोशनी आदि मौजूद रहे।




प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि ऋचा सिंह।



**कर्तव्य परायणता :** जसपुर नगर पालिका के सफाई कर्मी वर्षा के दौरान कूड़ा-करकट को ट्रॉली में भरते देखे गए। उन्होंने वर्षा के दौरान सफाई कार्य करके अपनी कर्तव्य परायणता का परिचय दिया। ● सुशील चौहान

# श्रीराम संस्थान में किया गया फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर के श्रीराम संस्थान में एफडीपी की श्रृंखला को जारी रखते हुए कर्मचारियों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में एफडीपी के तहत जीवन में कार्य व जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पर एक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधन विभाग के दिनेश गिनवाल, सहायक प्रोफेसर एवं सुनीता कुमारी ने कार्यस्थल में सकारात्मक ऊर्जा के साथ ही उसका निर्वहन करने के सम्बन्ध में कर्मचारियों के साथ चर्चा की। साथ ही चर्चा की कि कार्य व्यवहार में कैसे सुधार करके अपने संस्थान की कार्यक्षमता को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में टीम प्रबंधन, शिक्षकों के विकास, शिक्षण पर फोकस, संचार और विश्लेषणात्मक कौशल पर प्रभावी ढंग से कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि तनाव मुक्त कार्यशैली को अपनाकर अपनी कार्यक्षमता को और अधिक विकसित किया जा सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में सिनियर मैनेजर अमृता अग्रवाल, निदेशक डॉ. योगराज सिंह आदि मौजूद रहे।




फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

# बाजपुर की बेटी अनुष्का चौधरी ने किया नाम रोशन

- यूपीएससी, सीएपीएफ की परीक्षा में 91वीं रैंक हासिल की

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर की बेटी अनुष्का चौधरी ने यूपीएससी, सीएपीएफ 2023 की परीक्षा में आल इंडिया 91वीं रैंक हासिल कर बाजपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनुष्का चौधरी ने बिना किसी कोचिंग के सहायक कमांडेंट की यह परीक्षा उत्तीर्ण की है।

ग्राम बद्रीपुर निवासी विजय चौधरी की पुत्री अनुष्का चौधरी ने सहायक कमांडेंट की इस परीक्षा के लिए 2023 में हिस्सा लिया था। लगातार करीब एक वर्ष चली प्रक्रिया के बाद मई 2024 में इंटरव्यू के बाद जुलाई में परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें लगभग 5 लाख बच्चों में से अनुष्का ने राष्ट्रीय स्तर पर 91वीं रैंक हासिल की है, जिसके चलते सहायक कमांडेंट में इनका चयन हो गया है। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने इंटर तक की शिक्षा सेंटमेरी बाजपुर व स्नातक की शिक्षा डीएसबी कैंपस नैनीताल से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी।

वह अपनी सफलता का श्रेय कनिष्का बैटरी के स्वामी अपने पिता विजय चौधरी व माता डिंपल चौधरी के साथ ही गुरुजनों को दिया है।



अनुष्का चौधरी।

# इनर व्हील क्लब की कार्यकारिणी का गठन

- मोनिका को अध्यक्ष चुना गया सचिव बनीं रेनू अग्रवाल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब काशीपुर का अधिष्ठापन समारोह विगत दिवस संपन्न हुआ।

इसमें 2024-25 की कार्यकारिणी का अध्यक्ष मोनिका को चुना गया। वहीं सचिव पद पर रेनू अग्रवाल, उपाध्यक्ष पर दीपिका गुड़िया आत्रेय, कोषाध्यक्ष पर रूपाली अग्रवाल, संपादक अमिता जोशी चयनित हुईं। इस अवसर पर 101 सोलर लैंप मलिन बस्ती खड़कपुर में वितरित किए गए। साथ ही मिठाई और नमकीन के फूड पैकेट भी दिए गए। इसके अलावा ख्वाहिश एनजीओ को डिजाइनर ड्रेस बनाने के लिए साड़ियां दी गईं, तैयार ड्रेस का फैशन शो क्लब की ओर से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर चीफ गेस्ट डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन सुरुचि सक्सेना रहीं। इस दौरान रेखा जिंदल, प्राची अग्रवाल, सुमन जिंदल, ऊषा चौधरी, आभा गोयल, सीमा गोयल, विनीता, पूजा, रश्मि, सुधा अग्रवाल, साधना जिंदल, रेनू रावल आदि मौजूद रहीं।




इनर व्हील क्लब काशीपुर की नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

## कार्यशाला में नए तीन कानूनों पर चर्चा

**काशीपुर।** काशीपुर व जसपुर के अधिवक्ताओं द्वारा बार एसोसिएशन के भवन में दूसरे दिन भी भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम नए कानून के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सिविल जज करिश्मा डंगवाल व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप कुमार शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी व उपसचिव सूरज कुमार ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। गोष्ठी में न्यायिक अधिकारी सिविल जज जूनियर डिवीजन करिश्मा डंगवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिविल चेतन सिंह, सिविल हर्षिता शर्मा ने नये अधिनियमों के बारे में जानकारी दी।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन में आरएएन स्कूल का दबदबा

- दो छात्राओं ने दिया उम्दा खेल का परिचय
- विद्यालय प्रबंधन ने किया प्रोत्साहित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** नैनीताल में हुई राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में आरएएन स्कूल की छात्राओं ने उम्दा खेल का परिचय देते हुए दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेधावी खिलाड़ियों को प्रबंधन ने सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

आरएएन स्कूल के प्रबंध निदेशक मोहित राय ने बताया कि भूरारानी स्थित संस्थान की शाखा की कक्षा 9 की छात्रा दिशा सिंह और इताशा भारद्वाज ने बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था।

उन्होंने बताया कि एसके बैडमिंटन संघ ने 4 जुलाई से 8 जुलाई तक हल्द्वानी में योनेक्स सनराइज उत्तराखंड राज्य बैडमिंटन टूर्नामेंट कराया था। अंडर-15 गर्ल्स श्रेणी में दोनों छात्राओं ने दूसरा और मिक्स डबल्स में इताशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय ने मेधावियों को स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया।



बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बागेश्वर में मौसम साफ, 15 सड़कें अब भी बंद

**बागेश्वर :** जनपद में मंगलवार को सुबह से ही धूप खिली रही। जनपद में अब भी 15 सड़कें बंद हैं जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है। धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली। इधर बरसात से अब भी 15 सड़कें बंद हैं जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई हैं।

### अल्मोड़ा में बारिश से अलग थलग पड़े कई गांव

**अल्मोड़ा :** जिले में मानसूनी बारिश से दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं। मलबा और बोल्डर आने से मंगलवार को भी जिले के 16 ग्रामीण सड़कों समेत एक स्टेट हाईवे में यातायात प्रभावित रहा। सड़कें बंद होने से कई गांव अलग-थलग पड़ गए हैं। हालांकि, बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली है। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय समेत जिले भर मंगलवार को मौसम सुहावना बना रहा। दिन भर आसमान में बादलों की आवाजाही के बीच धूप खिली रही। चार दिन से लगातार हो रही बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस भी ली। इधर, प्रशासन ने जिले की चार ग्रामीणों सड़कों को खोल यातायात सुचारू कर दिया है। हालांकि अभी भी 16 ग्रामीण सड़के बंद है, जिन्हे खोलने का कार्य किया जा रहा है।

### अल्मोड़ा में 5.22 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने नगर के बेस तिराहे के पास संतोष सिंह रावत (24) निवासी धारानौला अल्मोड़ा को स्मैक के साथ दबोच लिया। उसके कब्जे से 5.22 ग्राम स्मैक बरामद की गई। संयुक्त टीम ने संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से स्मैक मिली। स्मैक की कीमत करीब 1 लाख 56 हजार 600 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर स्मैक को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया।

### आईटीआई में 12 को होगा कैंपस प्लेसमेंट

**अल्मोड़ा :** औद्यागिक प्रशिक्षण संस्थान फलसीमा में 12 जुलाई को कैंपस प्लेसमेंट आयोजित होगा। इसमें जिले के 10वीं, 12वीं, डिप्लोमाधारक और आईटीआई कर चुके युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रधानाचार्य उदय राज ने कहा कि कंपनी अप्रेंटिस के लिए अभ्यर्थियों को चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र देगी। इससे बेरोजगारों के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर हैं। उन्होंने युवाओं से अधिक संख्या में पहुंच कर इस अवसर का लाभ उठाने को कहा।


भूस्खलन की चपेट में आए इंदिरा बस्ती के मकान। ● अमृत विचार

### अत्यधिक बारिश से इंदिरा बस्ती में भूस्खलन

**रानीखेत :** विगत 4 दिनों से पूरे इलाके में हो रही लगातार बारिश के कारण रानीखेत से जुड़े इंदिरा बस्ती पर भी खतरा मंडराने लगा है। विगत कई वर्षों से यहां पर कई बार भूस्खलन होने से यहां के मकानों को क्षति पहुंची है। जिसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने यहां रह रहे लोगों को अपने घर खाली करने का नोटिस थमा दिया है। रानीखेत में इंदिरा बस्ती जिस स्थान पर बसी हुई है। वहां पर हमेशा से ही जमीन में नमी बनी रहती है। इस स्थान पर कई धारे भी है। ऐसे में बरसात के मौसम में यहां पर अत्यधिक मात्रा में पानी निकलने लगता है। जिस कारण यहां रह रहे लोगों के लिए खतरा उत्पन्न हो जाता है, यहां पर 100 से अधिक परिवार निवास करते हैं, जिनमें से 10 परिवारों पर अधिक खतरा बन रहा है। विगत कई वर्षों से इस क्षेत्र में बर्षा के चलते मकान को क्षति पहुंचाने आ रहा है। प्रशासन द्वारा इन्हें अन्यत्र बसाने का प्रयास किया गया, लेकिन यह अपनी जिद पर ही अड़े रहे। बरसात में इंदिरा बस्ती के मकान भूस्खलन की चपेट में आते ही रहे हैं। प्रशासन द्वारा इन लोगों के लिए रंगोली हाल व नेशनल इंटर कॉलेज में अस्थायी व्यवस्था की गई है, लेकिन अभी तक कोई भी अपने घरो को छोड़ कर राहत शिविर में रहने नहीं गया।

### शराब बार के विरोध में ग्रामीणों ने किया केंद्रीय मंत्री का घेराव

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खत्याड़ी में शराब बार के विरोध में ग्रामीण उग्र हो गए हैं। सोमवार देर रात ग्रामीणों ने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा की कार को रोक लिया और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंत्री को ज्ञापन सौंप जल्द शराब बार बंद करने की मांग उठाई। दरअसल, नगर से सटे ग्राम पंचायत खत्याड़ी के बीचों बीच शराब बार खोले जाने के विरोध में ग्रामीण बीते तीन दिनों से आंदोलनरत है। बीते सोमवार देर रात जब केंद्रीय राज्य मंत्री अल्मोड़ा के सर्किट हाउस की ओर आ रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही खत्याड़ी के ग्रामीण भारी संख्या में लोअर माल रोड में शराब बार के पास एकत्रित हो गए। मंत्री के पहुंचते ही ग्रामीणों ने मंत्री की कार को घेर कर रोक लिया और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर पूर्व जेष्ठ प्रमुख आनंद कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, प्रताप कनवाल, देव सिंह, पुष्कर कनवाल (बिट्टू), दीपक कनवाल, नीमा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### बढ़ती सब्जी की कीमतों की शिकायत पर मूल्य सूची जारी

**बागेश्वर।** जनपद में सब्जी की बड़ती कीमतों की शिकायत के बाद जिला पूर्ति विभाग चेता है। मंगलवार को जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने बाजार का निरीक्षण किया तथा प्रत्येक दुकानदार को रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न सब्जियों की रेट लिस्ट जारी की। बता दें कि जनपद में सब्जी की कीमतों की शिकायत मिलने पर जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार वर्मन ने विभिन्न तहसीलों में टीम गठित की। टीम ने विभिन्न बाजारों का निरीक्षण रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए।

### हरेला पर्व को राष्ट्रीय पर्व घोषित करे सरकार

**बागेश्वर।** अपनी धरोहर संस्था ने हरेला पर्व को राष्ट्रीय पर्व घोषित किए जाने की मांग की है। साथ ही तय किया कि हरेला पर्व पर मां चंडिका मंदिर में पौधरोपण किया जाएगा। प्रांतीय महामंत्री भुवन कांडपाल की अध्यक्षता में बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति के सम्मान व पर्यावरण चेतना व खेती से जुड़ा त्योहार है। इस संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में तय किया कि अपनी धरोहर जिला इकाई द्वारा चंडिका मंदिर में पौधरोपण किया जाएगा।

# गैस गोदाम लिंक मार्ग का सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन, दिया धरना

## पूर्व दर्जा राज्य मंत्री के नेतृत्व में एकत्र हुए लोग, जल्दी कार्य शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा गैस गोदाम लिंक मार्ग के सुधारीकरण की मांग को लेकर धरना देते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के गैस गोदाम लिंक मोटर मार्ग के सुधारीकरण की मांग को लेकर लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री के नेतृत्व में लोगों ने बदहाल सड़क पर बैठकर धरना दिया और शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एक सप्ताह के भीतर मोटर मार्ग का सुधारीकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान धरना स्थल पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद लोगों ने धरना समाप्त किया।

धरना स्थल पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि लंबे समय से गैस गोदाम को जोड़ने वाली लिंक मार्ग बदहाल बनी हुई। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जो हर समय दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी विभागीय अधिकारियों को कई बार बदहाल सड़क को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मार्ग के सुधारीकरण की कोई भी कार्रवाई नहीं हुई हैं। धरना स्थल पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर यदि मार्ग का कार्य शुरू नहीं हुआ तो स्थानीय जनता को साथ लेकर अधिकारियों का घेराव व चक्का जाम करने को मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान रमेश जोशी, दीपक पोखरिया, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, अमर बोरा, अजय बिष्ट, हेम जोशी, हिमांशु कनवाल, भूपेंद्र भोज, त्रिभुवन अधिकारी, उमेश रैकवाल, अशोक सिंह, भगवत आर्या, हसन अली, मनोज आर्या, पंकज आर्या, अनिल जोशी, मंटू बिष्ट, कमल बिष्ट, गणेश लाल, अनिल जोशी, संतोष जोशी, सुमित बिष्ट, हयात सिंह बिष्ट, गौरव काण्डपाल, चंद्रबल्लभ जोशी, सुधीर कुमार, अशोक सिंह, मेघा खड़ाई, दिनेश कुमार, सुधीर कुमार, धीरज कुमार, हसन अली, अमर बोरा, रोहित शैली, राकेश बिष्ट, दीपक पोखरिया, हिमांशु कनवाल, हेम जोशी, संतोष जोशी, अनिल जोशी, वीरेंद्र कार्की, गौरव काण्डपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### वीरगति प्राप्त करने वाले जवानों को दी विनम्र श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में सेना वाहन पर हुए आतंकी हमले में चार जवानों के बलिदान पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद है। वीरगति को प्राप्त करने वाले सभी जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि। कहा कि हमारा राष्ट्र अपने वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सदैव ऋणी रहेगा।


अजय टम्टा।

### अल्मोड़ा में डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग को धरना जारी

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का साप्ताहिक धरना जारी है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। धरना स्थल पर समिति के संयोजक व निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि लंबे समय से विभिन्न संगठन डीडीए समाप्ति को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। इससे लोगों सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। इस मौके पर हेम चंद्र तिवारी, चंद्र कांत जोशी, हेम चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, एमसी काण्डपाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, शहाबुद्दीन, रोबिन मनोज भंडारी, प्रत्येश पांडे, ललित मोहन जोशी समेत तमाम संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में डीडीए के खिलाफ संघर्ष समिति ने गांधी पार्क में धरना दिया।

# एसएसजे विवि में अनुबंध के खिलाफ कर्मचारी मुखर

संवाददाता, संवाददाता

- कर्मचारी संगठन ने कुलसचिव से मुलाकात कर बताई समस्या
- जल्द समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर एसएसजे विवि के कर्मचारी मुखर हो गए हैं। मंगलवार को कर्मचारियों ने समस्याओं के निराकरण को लेकर विवि कुलसचिव से मुलाकात की। जल्द ही समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई।

इस मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों से एक अनुबंध भराया जा रहा है, इसमें कई ऐसे बिंदु हैं जो कि कर्मचारियों के हित में नहीं हैं, इसको लेकर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि इसमें कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना के पद से निकाले जाने का जिक्र किया गया है। वहीं नए पदों की भर्ती पर पुराने कर्मचारियों को हटाने का भी उल्लेख है। विवि में कई सालों से कर्मचारी यहां कार्य करते आए हैं, लेकिन उन्हें नियमित करने की बजाए निकाले जाने का अनुबंध भराया जा रहा है।

उन्होंने विवि प्रशासन से कर्मचारियों को पद से नहीं निकालने की मांग की। मुलाकात करने वालों में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जीवन चंद्र मठपाल, राजेंद्र सिंह राणा, रवि कनवाल, पूरन मेहता, हेमलता अवस्थी, चंपा बगरी, जानकी बिष्ट, गोविंद, माधवानंद, पूरन कनवाल, सुंदर सिंह बिष्ट आदि रहे।


एसएसजे विवि अल्मोड़ा के कर्मचारियों ने सोमवार को कुलसचिव से मुलाकात की। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


टनकपुर में आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

### डीएम और एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**टनकपुर :** जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे तथा पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मंगलवार को टनकपुर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा व बाढ़ प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्या सुनी तथा मौके पर उप जिलाधिकारी आकाश जोशी व अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घसियारा मंडी, नायकगोठ आदि क्षेत्रों में जाकर बर्षा से हुए नुकसान का जायजा लिया तथा प्रभावितों से उनकी समस्या सुनी। जिलाधिकारी ने किरोड़ा नाले में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि भी मौजूद रहे।

### अराजक तत्वों ने उखाड़ीं आठ स्ट्रीट लाइट, ग्रामीणों में आक्रोष

**बागेश्वर :** विकास खंड के जौलकांडे गांव में अराजक तत्वों ने आठ स्ट्रीट लाइटों को उखाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना पर ग्रामीणों ने आक्रोष व्यक्त किया है। ग्राम प्रधान प्रिया उप्रेती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पूर्व में अराजक तत्वों ने गांव के मंदिर के गेट की टाइल्स उखाड़ दीं। इसके अलावा गांव की लोकल पेयजल योजना के पाइप भी चुराए थे। गत रात्रि एक बार फिर गांव में लगी आठ स्टीट लाइटों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने पुलिस से अराजक तत्वों का पता लगाकर गांव में रात्रि गश्त की मांग की है। साथ ही पुलिस से द्वारिकाधीष मंदिर के पास पुलिस चौकी बनाने की मांग की है।

### किरोड़ा नाले से बचाव के लिए मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**टनकपुर :** टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग के किरोडा पुल के पास किरोड़ा नाले से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को रोकने के लिए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप चन्द्र पाठक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस दौरान भाजपा नेता दीप चन्द्र पाठक ने यह ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा कि बरसात के दिनों में किरोड़ा नाले से गांव बाराकोट, नायकगोठ, ककरालीगेट, आमबाग, नगर के घासियारा मंडी वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर एक में जल भराव की स्थिति पैदा हो जाती है। साथ ही इन क्षेत्रों में भू कटाव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।


मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते भाजपा नेता दीप चंद्र पाठक।

## वर्ग पहेली-126

**बाएं से दाएं**

1. वह स्थान या बाज़ार जहां फलों का क्रय-विक्रय होता है।
3. 1. चलताऊ, मोटे तौर पर 2. जल्दी में, स्थूल रूप से 3. बिना गंभीरता के।
5. 1. नाके पर रहने वाला पहरेदार 2. नाके का अधिकारी।
7. 1. एक बलवान और हिंसक जानवर, शेर, केशरी, मृगेंद्र 2. बारह राशियों में से पांचवीं राशि 3. जैन तीर्थंकर महावीर स्वामी का चिह्न 4. वास्तुकला में उक्त प्रकार की आकृति
8. अकस्मात, सहसा, अचानक, यकायक, एकदम।

**ऊपर से नीचे**

2. मंद-मंद चलने वाली हवा, बयार, सुखद प्रतीत होने वाली वायु; मंदसमीरण।
4. 1. पहाड़ की तराई में होने वाला एक वृक्ष 2. उक्त वृक्ष पर लगने वाला खट्टा-मीठा फल जिसका अचार भी बनाया जाता है।
6. एक प्रकार का मसाला जो प्रसूता को दिया जाता है।




### वर्ग पहेली-125 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जा | दू | | 2 तु | | |
| गी | | | षा | | |
| र | | 3 ऐ | रा | प | 4 ति |
| | 5 प | | पा | | बा |
| 6 क | सा | फ़ | त | | रा |
| | र | | | | |
| 7 ब | ना | व | टी | | |

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 7 | | | | | 2 | |
| 2 | | 9 | | 5 | 3 | | | 8 |
| | 9 | | 1 | | | 2 | | 6 |
| | 2 | 1 | | | | 5 | 7 | |
| 3 | | 5 | | | 4 | | 8 | |
| 7 | | | 8 | 9 | | 1 | | 5 |
| | 1 | | | | | 3 | | |
| 4 | 5 | | | | | | 9 | |

### सुडोकू -38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 | 9 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 जुलाई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 07.51 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10.15 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।


**मेष**
आज आप अपने कुछ कामों को लेकर प्लानिंग करेंगे। व्यवसाय में आप किसी परिवर्तन को बनते दिख रहे हैं। तालमेल बनाने की आवश्यकता रहेगी। प्रेमीजन की मूल भावनाओं को समझने का प्रयास करें।


**वृष**
आज समाज में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उच्च पद प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संपर्क बनेंगे। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा,जो बिजनेस में आपकी मदद करेगा। माता-पिता का व्यवहार स्नेहमय रहेगा।


**मिथुन**
आज अविवाहित लोगों को विवाह संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना होगी। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। बिजनेस में आप अपने कामों को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं।


**कर्क**
आज आपको किसी विशेष काम को करने का मौका मिलेगा और आप अपनी आय को बढ़ाने के स्रोतों पर पूरा ध्यान देंगे। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। दांपत्य जीवन में सुख सहयोग में वृद्धि होगी।


**सिंह**
आज परस्पर तालमेल में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा। पर्यटन स्थल अथवा तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको किसी नए काम की शुरुआत करने में कुछ समस्याएं आएंगी।


**कन्या**
आज आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है। किसी नए वाहन के खरीदारी करना अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा निर्णय सोच समझकर करें। आध्यात्मिक कार्यों में अभिरुचि बढ़ेगी। ईश्वर के प्रति आस्था में वृद्धि होगी।


**तुला**
आज किसी अतिथि के आने से परिवार में खुशियों का संचार होगा। सामाजिक कार्य में आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी। नए सहयोगी बनेंगे। व्यवसाय में आप कोई नया निर्णय बहुत ही सोच विचार कर लें।


**वृश्चिक**
आज भाई-बहनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सहभागिता करने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी।


**धनु**
आज आपको अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा। किसी पुराने रिश्तेदार से यकायक भेंट हो सकती है,जिससे आपको बेहद खुशी होगी। प्रेस संबंध में प्रगाढ़ता आएगी।


**मकर**
आज किसी अनजान व्यक्ति से अचानक घनिष्ठता न बढ़ाएं। सोच समझकर संबंधों को आगे बढ़ाएं। मित्रों के साथ मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे। आपको किसी नए वाहन की खरीदारी करने अच्छा रहेगा। मन में प्रसन्नता बढ़ेगी।


**कुंभ**
आज कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। पारिवारिक दायित्व को निभाने की कोशिश करेंगे। संतान सुख में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से भेंट होगी। सामाजिक कार्यों में अरुचि रहेगी। आपको किसी अपरिचित व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा।


**मीन**
आज कार्यक्षेत्र में आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। यदि आप पार्टनरशिप में कोई बिजनेस करेंगे तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों को पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। शेयर मार्केट में निवेश सोच विचार कर करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**कौन करे कुर्बानी** सुबह : 11.44
**घातक** शाम : 05.23

&pictures
**एंटरटेनमेंट** सुबह : 10.39
**चुप** रात : 08.00

SONY PIX
**जस्टिस लीग** दोपहर : 12.43
**जर्नी 2** रात : 09.00

ZEE CINEMA
**अखंडा** सुबह : 11.30
**ड्रीम गर्ल** रात : 08.30

colors CINEPLEX
**खूबसूरत** सुबह : 09.52
**हम तुम्हारे हैं सनम** शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दामाद अपने ससुराल में गुरुजी का प्रवचन सुनने गया।
गुरुजी बोले- जो स्वर्ग जाना चाहता है, वह अपना हाथ ऊपर करो।
उसकी सास और बीवी ने हाथ उठाया, मगर दामाद ने नहीं उठाया।
गुरुजी ने दामाद से पूछा - क्या तुम स्वर्ग नहीं जाना चाहते?
उसने जवाब दिया- बस ये दोनों चली जाएं तो मेरे लिए यहीं स्वर्ग बन जाएगा।

एक बार टिल्लू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर - कौन सा ग्रुप है आपका?
टिल्लू- जी नादान परिंदे।
डॉक्टर - ब्लड ग्रुप पूछ रहा हूं, 'व्हाटसएप के कीड़े'।

## एक नजर

### रेलवे दो साल में 10,000 जनरल, स्लीपर डिब्बों का करेगा निर्माण

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अगले दो वित्त वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बों का निर्माण करने जा रहा है। उत्तर रेलवे ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल का मकसद आम रेल यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है। अगले दो वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित डिब्बे बनाए जाने के बाद कुल यात्री डिब्बों में इनका हिस्सा 22 प्रतिशत बढ़ जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रेलवे सामान्य (जनरल) श्रेणी के 2,605 डिब्बे, शयनयान (स्लीपर) श्रेणी के 1,470 डिब्बे और एसएलआर (गार्ड एवं दिव्यांगों के लिए निर्धारित) श्रेणी के 323 डिब्बों के साथ 32 पार्सल वैन और 55 पैंट्री कार का निर्माण भी करेगा। बयान के मुताबिक, यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए तैयार इस निर्माण कार्यक्रम में अमृत भारत ट्रेनों के लिए भी सामान्य, शयनयान और एसएलआर कोच शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भी सामान्य श्रेणी के 2,710 डिब्बे, शयनयान श्रेणी के 1,910 डिब्बे, 514 एसएलआर डिब्बे, 200 पार्सल वैन और 110 पैंट्री कार का निर्माण किया जाएगा।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5600 मसूरी- 5500 बासमती- 10000-10500 परमल- 3600-4000 **दाल दलहन :** काला चना- 7700 साबुत चना दाल- 7400-8600 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 14500-16000 दाल उड़द- 11300 साबुत मसूर दाल- 7300- 7600 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 13000 काबुली चना- 12200-12800 अरहर दाल- 16300-17000 लोबिया/करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11200 मटर (सूखी)- 5100 मक्का- 2500 ।

# खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार 1.50 लाख करोड़ के पार

### 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित, उत्पादन 315 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का सालाना कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इस दौरान 10 लाख से अधिक रोजगार भी सृजित हुए हैं। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने मंगलवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष के बारे में जारी अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 10 वर्षों में उत्पादन 315 प्रतिशत जबकि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 के बाद के 10 वर्षों में खादी एवं ग्रामोद्योग गतिविधियों में नए रोजगार का सृजन भी 81 प्रतिशत बढ़ गया। कुमार ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार 10 लाख से अधिक नए रोजगार पैदा हुए और हमारा कारोबार भी 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। वित्त वर्ष 2022-23 में केवीआईसी की बिक्री 1.34 लाख करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2013-14 में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की बिक्री 31,154.2 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2023-24 में 1,55,673.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। केवीआईसी चेयरमैन ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी कोशिशों से ग्रामीण क्षेत्रों में 10.17 लाख नए रोजगार पैदा हुए जिसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कारीगरों के बनाए उत्पादों की मांग बाजार में तेजी से बढ़ रही है और इसका असर उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार आंकड़ों पर भी नजर आ रहा है।



• खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री में 400 प्रतिशत की बढ़ोतरी

## एयर एशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान की घोषणा की

**बेंगलुरु।** एयरलाइन एयर एशिया ने अगले तीन महीनों के भीतर अंडमान निकोबार द्वीप समूह से अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। इस द्वीप समूह के बुनियादी ढांचे और संपर्क को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप एक अभूतपूर्व कदम साबित होगी। विश्व में सबसे कम लागत वाली एयरलाइन एयरएशिया ने अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने की योजना का अनावरण किया। एयरएशिया के मुख्य हवाई अड्डा और ग्राहक अनुभव अधिकारी केशवन शिवानंदम ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम अगले तीन महीनों में अंडमान से पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान शुरू करने जा रहे हैं।

# भारत ने 2023-24 में 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ीं

**मुंबई, एजेंसी**

भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लगभग 4.7 करोड़ नौकरियां जोड़ी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई है। मार्च, 2023 के अंत में इन 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 59.67 करोड़ थी। आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापन - भारत केएलईएमएस आंकड़े शीर्षक के तहत ये आंकड़े प्रकाशित किए हैं। केएलईएमएस का आशय पूंजी (के), श्रम (एल), ऊर्जा (ई) सामग्री (एम) और सेवा (एस) से है।

आंकड़ों में संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के 27 उद्योगों को शामिल किया गया है। इस तरह कृषि, व्यापार और वित्तीय सेवाओं सहित 27 क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में इसमें 3.2 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। केएलईएमएस आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में कुल रोजगार 2019-20 के 53.44 करोड़ से बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया।



• अर्थव्यवस्था के 27 क्षेत्रों में कुल नियोजित लोगों की संख्या बढ़कर 64.33 करोड़ हो गई

## अशोका लेलैंड ने तमिलनाडु में रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया

**चेन्नई।** अशोका लेलैंड ने हिंदुजा लेलैंड फाइनेंस के साथ मिलकर अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल रोड टू स्कूल कार्यक्रम का विस्तार तमिलनाडु के तीन जिलों में किया है। यह परियोजना देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के बीच शैक्षिक असमानताओं को पाटने की कोशिश करती है। इसका उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कुल मिलाकर, इस पहल का लक्ष्य देश के छह से अधिक राज्यों में 1,700 से अधिक स्कूलों और दो लाख छात्रों तक लाभ पहुंचाना है। यह कार्यक्रम तमिलनाडु के तीन जिलों इरोड (78 स्कूल), सेलम (124 स्कूल) और धर्मपुरी (150 स्कूल) के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में लागू किया जाएगा।

## डायमंड पावर को अडाणी एनर्जी से 900 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** डायमंड पावर स्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसे अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड से कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 900 करोड़ रुपये का एक ऑर्डर मिला है। डीपीआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे नई पीढ़ी के एल्युमिनियम अलॉय कंडक्टर की आपूर्ति के लिए 899.75 करोड़ रुपये मूल्य का ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर को अप्रैल, 2025 तक पूरा करना है। कंपनी ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी प्रवर्तक या समूह कंपनियों का अडाणी एनर्जी के साथ कोई हित नहीं जुड़ा है।

# 183 करोड़ रुपये में सिलिकोंच सिस्टम्स का अधिग्रहण करेगी लार्सन एंड टुब्रो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बेंगलुरु स्थित सिलिकोंच सिस्टम्स को 183 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस अधिग्रहण से फैबलेस सेमीकंडक्टर व्यवसाय में समूह की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए इंजीनियरिंग कौशल तथा डिजाइन विशेषज्ञता को बढ़ाने की संभावना है।

एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एलएंडटी सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने सिलिकोंच सिस्टम्स में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए आठ जुलाई 2024 को शेयर खरीद समझौता किया है। यह अधिग्रहण सितंबर तक पूरा होने की संभावना है।

### लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है। एलएंडटी ने अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। उसकी परियोजना वर्गीकरण के अनुसार किसी बड़े ठेके का मूल्य 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच होता है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के प्रेसिजन इंजीनियरिंग सिस्टम्स व्यवसाय को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड से दो फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) के आंशिक निर्माण का बड़ा ठेका मिला है। इन जहाजों का इस्तेमाल भारतीय नौसेना करेगी।

## आईबीएम ने कोच्चि में जेनएआई इनोवेशन सेंटर का किया अनावरण

**कोच्चि।** आईबीएम ने मंगलवार को कोच्चि में अपने जेनएआई इनोवेशन सेंटर का अनावरण किया। आईबीएम ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्देश्य एआई नवाचार में तेजी लाना, उत्पादकता को बढ़ावा देना और पूरे देश में जेनएआई विशेषज्ञता को मजबूत करना है। आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब के भीतर स्थित जेनएआई इनोवेशन सेंटर उद्यमों, स्टार्टअप और भागीदारों को जनरेटिव एआई तकनीक का पता लगाने, अनुभव और विकसित करने के लिए एक गतिशील वातावरण प्रदान करेगा।

# शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लिए ओएनजीसी करेगी निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• दो लाख करोड़ से नवीकरणीय ऊर्जा स्थलों और हरित हाइड्रोजन संयंत्रों की स्थापना होगी

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) 2038 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को पाने के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इस पहल के तहत ओएनजीसी नवीकरणीय ऊर्जा स्थलों और हरित हाइड्रोजन संयंत्रों की स्थापना करेगी।

देश के लगभग दो-तिहाई कच्चे तेल और लगभग 58 प्रतिशत प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाली कंपनी ने मंगलवार को 200 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया, जिसमें शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने की योजना का ब्योरा दिया गया है। दस्तावेज के अनुसार, ओएनजीसी 2030 तक पांच गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, ग्रीन हाइड्रोजन, बायोगैस, पंप स्टोरेज संयंत्र और अपतटीय पवन परियोजना स्थापित करने के लिए 97,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। हरित अमोनिया संयंत्र स्थापना का प्रस्ताव भी है।



## एक नजर

### डॉ. सौम्या राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रमुख सलाहकार नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने डॉ. सौम्या स्वामीनाथन को राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रमुख सलाहकार नियुक्त किया है। मंत्रालय ने मंगलवार यहां बताया कि डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समग्र रणनीति पर तकनीकी सलाह देंगी और परिणामों के लिए नीति निर्देश और आवश्यक पाठ्यक्रम सुधार सुझाएंगी। वह अनुसंधान रणनीति पर सलाह देंगी। वह वैश्विक स्तर पर शीर्ष प्रतिभाओं के साथ विशेषज्ञ समूहों के गठन में भी सहायता करेंगी। इसके अतिरिक्त, डॉ. स्वामीनाथन कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन करने में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, राज्य अधिकारियों और विकास भागीदारों का सहयोग करेंगी।

### रजत शर्मा को चुना गया एनबीडीए का अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** इंडिया टीवी के अध्यक्ष रजत शर्मा को पुनः न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) का अध्यक्ष चुना गया है। मंगलवार को एनबीडीए की बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक के दौरान में शर्मा को 2024-25 के लिए पुनः अध्यक्ष बनाया गया। विज्ञप्ति के मुताबिक चुनाव के बाद शर्मा ने एनबीडीए की बैठक को संबोधित करते हुए समाचार प्रसारकों के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों अपनी राय प्रकट की। उन्होंने कहा, समाचार प्रसारण उद्योग को बदनाम करने का एक सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। समाचार प्रसारकों पर हमला करने के लिए डिजिटल मीडिया के एक वर्ग का दुरुपयोग किया जा रहा है।



### दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर, थाना- ज्योति नगर, नई दिल्ली के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि आरोपी ने एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दो शिकायतकर्ताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निपटाने के लिए 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी ने रिश्वत की राशि कम कर दी और 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। सीबीआई ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

# नदियां खतरे के निशान से नीचे : हिमंत

### 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन (एएसडीएमए) द्वारा मंगलवार को जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य के 27 जिलों के 91 राजस्व क्षेत्रों और 3,154 गांवों के 18,80,783 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अच्छी खबर - ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अधिकतर स्थानों पर खतरे के स्तर से नीचे है।

उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर यह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, लेकिन इनके जल स्तर में गिरावट आई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की सूचना के अनुसार, सोमवार को राज्य में औसतन 6.3 मिमी बारिश हुई। सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। राज्य में कुल मिलाकर 48,124 विस्थापित लोगों ने 245 राहत शिविरों में शरण ली है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम को कछार, बारपेटा, बंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और जोरहाट में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, पुलिस बल और एएसडीएमए के आपदा मित्र स्वयंसेवक बाढ़ और तूफान प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की वेबसाइट पर सुबह नौ बजे दर्ज किए गए जलस्तर के अनुसार, ब्रह्मपुत्र नदी निमती घाट (जोरहाट), तेजपुर (सोनितपुर), गुवाहाटी (कामरूप) और धुबरी (धुबरी) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी।

### गोवा में भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

**पणजी।** गोवा के कई हिस्सों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव हो गया और राजधानी पणजी तथा अन्य शहरों में यातायात प्रभावित हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को रेड अलर्ट जारी किया है जिसमें कहा गया है कि कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा जिले में तेज हवाओं के साथ कुछ स्थानों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार, तटीय राज्य में लगातार बारिश होने तथा 50 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की आशंका है। मछुआरों को रेड अलर्ट के दौरान समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है जबकि लोगों को बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में जाने से बचने को कहा गया है।

# अंग प्रतिरोपण गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

• ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के निवासी फर्जी दस्तावेज से भारत आए

बांग्लादेश और दिल्ली-एनसीआर में कथित तौर पर गुर्दा प्रतिरोपण गिरोह चलाने के मामले में दिल्ली की 50 वर्षीय एक महिला चिकित्सक सहित कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा एक गुप्त सूचना के आधार पर दो महीने से इस मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर अंग दान करने और प्राप्त करने वाले बांग्लादेश के हैं जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत लाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि महिला चिकित्सक की पहचान डी. विजया राजकुमारी के रूप में हुई है, जो अब दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में प्रति मरीज शुल्क के आधार पर गुर्दा प्रतिरोपण सर्जन के रूप में काम कर रही है। वह कथित तौर पर 2021 से 2023 के बीच बांग्लादेश से आए करीब 15 लोगों की प्रतिरोपण सर्जरी में शामिल थीं। उन्होंने बताया कि डॉ. राजकुमारी ने कथित सर्जरी नोएडा के यथार्थ अस्पताल में की जहां पर वह परामर्शदाता के तौर पर अपनी सेवाएं देती हैं।

## सीतारमण के डीपफेक वीडियो पर प्राथमिकी दर्ज

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने माल एवं सेवा कर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का एक डीपफेक वीडियो साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। राज्य के मंत्री हर्ष संघवी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वीडियो क्लिप में सीतारमण कथित तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए और जीएसटी को गोपनीय सूचना टैक्स बताते हुए दिखाई दे रही हैं। इसे चिराग पटेल नामक एक व्यक्ति ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था। पटेल के एक्स प्रोफाइल के अनुसार, वह अमेरिका में रहता है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि लोगों को गुमराह करने के लिए डीप फेक वीडियो फैलाने का कृत्य घृणित है।

# नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं : विजयन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि राज्य में लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के संबंध में सरकार के संज्ञान में अब तक कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। विजयन ने विधानसभा को बताया कि सरकार आरोपों की गंभीर जांच कराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य पीएससी एक भर्ती एजेंसी है जो निष्ठापूर्वक काम करती है और इसकी नियुक्तियों में कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हुआ है।



• अनियमितता का कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री का यह बयान कोझिकोड में माकपा के एक स्थानीय नेता के खिलाफ लगे आरोपों पर उठे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर आया है। माकपा नेता पर आरोप है कि उन्होंने पीएससी सदस्य के रूप में पद दिलाने का वादा करके एक डॉक्टर से रिश्वत ली थी।

# लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक क्लब के अंदर एक लड़की की लोगों के समूह द्वारा पिटाई किये जाने का पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद, पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैरकपुर पुलिस ने कहा कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। राज्य में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक के करीबी व्यक्ति ने लड़की को प्रताड़ित किया है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने मांग की है कि वीडियो की सत्यता का पता लगाने के लिए इसकी जांच की जाए। लड़की को प्रताड़ित किये जाने की वजह का पता नहीं चल सका है।

बैरकपुर पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभी प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें एक लड़की पर हमला किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए एक फौजदारी मामला शुरू किया गया है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ सभी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 2 लोग हिरासत में लिये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह वीडियो कम से कम दो साल पुराना है, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि एजेंसी द्वारा नहीं की गई है।



• पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले का मामला, दो गिरफ्तार

# नड्डा ने कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की और उन पर वैचारिक रूप से दिवालिया और सत्ता की भूखी होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वामपंथी भी अपने बेटे-बेटियों को बढ़ावा देकर कांग्रेस का अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने केरल की राजधानी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है।

लोकसभा चुनाव के बाद केरल के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे 'परजीवी' करार दिया, जो क्षेत्रीय दलों के समर्थन और मदद की बदौलत इस साल सीट हासिल कर सकी।



• भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वैचारिक रूप से दिवालिया बताया

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मौत, धारा बढ़ाई

**सिरसा, एजेंसी**

• हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में साढ़े तीन साल की बच्ची से हुआ था दुष्कर्म
• मामले में घटना वाले दिन सब इंस्पेक्टर के देरी से पहुंचने के कारण की गईं निलंबित

हरियाणा में टोहाना के पास एक गांव में दुष्कर्म के बाद साढ़े तीन साल की बच्ची की हुई मौत मामले में हेल्प डेस्क प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर शकुंतला को निलंबित किया गया है। बच्ची की मौत के बाद पूर्व में दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा और जोड़ दी गई है।

फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि इस मामले में घटना वाले दिन जांच अधिकारी के साथ सब इंस्पेक्टर शकुंतला ने जाने में देरी की। इसलिए उसे निलंबित किया गया है। इस मामले में आरोपियों को घटना के थोड़े समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। उधर, टोहाना थाना प्रभारी देवी लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने बताया था कि वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच क्षेत्र के रहने वाले हैं। डेढ़-दो माह पहले टोहाना के पास स्थित एक गांव में खेत मजदूरी करने के लिए आए थे। यहां एक जमींदार के खेत में वह रह रहे हैं। गत 29 जून रात को उनकी जान पहचान के तीन युवक जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं उनके पास आए थे। रात को वे वापस चले गए और परिवार सो गया। पिता ने पुलिस को बताया कि आधी रात को तीन बजे वह उठा तो देखा कि बच्ची अपने बिस्तर पर नहीं थी। बच्ची कुछ ही दूरी पर जाखल रोड पर लहूलुहान अवस्था में मिली। बच्ची ने बताया कि युवकों ने उसके साथ हैवानियत की है।

## केटीआर ने की पार्टी के दलबदल पर राहुल गांधी की आलोचना

**हैदराबाद/नयी दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री के.टी. रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना में पार्टी के दलबदल पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रुख की कड़ी आलोचना की। केटीआर ने गांधी के दोहरे मानदंडों पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए उन पर संविधान के रक्षक होने का दिखावा करते हुए इसकी भावना को कमतर आंकने का आरोप लगाया।

# रत्न भंडार खोलने की सिफारिश करेगी समिति

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

• पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान निर्णय लिया गया

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सिलसिले में गठित उच्च स्तरीय समिति ने ओडिशा सरकार को 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने की सिफारिश करने का फैसला किया है। समिति के एक सदस्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। रत्न भंडार में संग्रहित मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने की निगरानी के लिए समिति का गठन किया गया था।

समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा, हमने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि समिति सरकार से 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने का अनुरोध करेगी। रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। रथ ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक समिति के सदस्य संयोजक भी हैं। रथ ने कहा, हालांकि, एसजेटीए प्रशासन डुप्लीकेट चाबी नहीं दे सका क्योंकि मंदिर प्रशासन रथ यात्रा के आयोजन में व्यस्त था। अब मुख्य प्रशासक को 14 जुलाई को समिति के समक्ष चाबी जमा करने को कहा गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि डुप्लीकेट चाबी काम नहीं करेगी तो ताला तोड़कर रत्न भंडार को खोला जाएगा।

## खेल डायरी




### सिराज को आवासीय भूखंड और नौकरी देगी सरकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।

### पीसीबी ने कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट दीः सूत्र

**लाहौर।** टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। पीसीबी के अनुसार नकवी ने दोनों कोचों से कहा कि उन्हें उन पर पूरा भरोसा है और उन्हें बोर्ड से समर्थन मिलेगा। सूत्र ने कहा, कर्स्टन ने विश्व कप के आधार पर सफेद गेंद की टीम के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया।

### गुकेश के लिए बेहतर प्रदर्शन का मौका गुजराती को वाइल्डकार्ड

**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला टाईरहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जाएंगे।

### हॉकी इंडिया साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से आंध्र प्रदेश में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला साउथ जोन चैंपियनशिप 10 से 17 जुलाई तक आंध्र प्रदेश के कडप्पा में आयोजित की जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें हिस्सा लेंगी। पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धी टीमों में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी कर्नाटक, केरल हॉकी, हॉकी आंध्र प्रदेश, ले पुडुचेरी हॉकी और तेलंगाना हॉकी शामिल हैं। महिला वर्ग में टीमें कर्नाटक, यूनिट ऑफ तमिलनाडु, हॉकी आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना हॉकी और ले पुडुचेरी हॉकी की टीमे हिस्सा लेंगी। दोनों वर्गों में प्रतियोगिता राउंड-रॉबिन प्रारूप के अनुसार होगी जिसमें शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को तैयार हैं वॉर्नर

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को खत्म हुआ अध्याय करार दिया लेकिन कहा कि अगर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में उन्हें जगह मिलती है तो वह देश के लिए फिर से खेलने के लिए तैयार होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में फरवरी-मार्च के महीने में होने की संभावना है और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि वॉर्नर उनके आपातकालीन विकल्प होंगे। वॉर्नर ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप जीतने के बाद वनडे से संन्यास ले लिया था, जबकि उनका आखिरी टेस्ट जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने आखिरी टी-20 24 जून को भारत के खिलाफ खेला था। वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा अध्याय खत्म। इतने लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेलना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है।

### मैत्री मैच में म्यांमार ने भारत को 1-2 से हराया

**यांगून (म्यांमार)।** विन थेइंगी तुन और सान थाव थाव के गोल से म्यांमार की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को यहां मैत्री मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। दोनों टीमें पांच साल के अंतराल पर एक-दूसरे का सामना कर रही थी। भारतीय घरेलू फुटबॉल में ओडिशा एफसी का प्रतिनिधित्व करने वाली थेइंगी तुन ने मैच के 14वें मिनट में गोल कर म्यांमा को बढ़त दिला दी। क्लब टीम की उनकी साथी प्यारी खाखा ने 58वें मिनट में गोल कर भारत की वापसी कराई। भारतीय टीम हालांकि म्यांमार को बढ़त लेने से ज्यादा देर नहीं रोक सकी। मे थेट मोन माइंट की फ्री किक को थाव थाव ने मैच के 74वें मिनट में गोल में बदल दिया। म्यांमार के खिलाफ छह मैचों में यह भारत की पांचवीं हार है। दोनों टीमों के बीच दूसरा मैत्री मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

# बुमराह और मंधाना चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई, एजेंसी**



भारत की पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि जून महीने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना को यह पुरस्कार दिया गया है।

यह पहली बार है जब एक ही देश महिला और पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में यह पुरस्कार जीते हैं। बुमराह ने भारतीट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है।

जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ मैचों में 4.17 की औसत से गेंदबाजी की और 15 विकेट झटके थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी नवाजा गया था। इसके अलावा एनरिक नोटर्जे ने भी टूर्नामेंट में 9 मैच में 15 विकेट झटके। सबसे ज्यादा 17-17 विकेट संयुक्त रूप से अफगानिस्तान फजलहक फारूकी और भारत अर्शदीप सिंह ने लिए थे।

### सूर्यकुमार यादव पत्नी के साथ पहुंचे उडुपी मंदिर

**उडुपी (कर्नाटक)।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को तुलु भाषा में बात करते देखा गया।

# पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम : मोदी

**मॉस्को, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी-20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे। यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की असली पूंजी करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है। आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

# पूजा-राधा के सामने द. अफ्रीका ढेर

## अंतिम मैच में 84 रन पर सिमटी दक्षिण अफ्रीका, वस्त्राकर 4, राधा ने झटके 3 विकेट

**चेन्नई, एजेंसी**


पूजा वस्त्राकर

पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 84 रन पर समेट दिया। तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में आउट हो गई। अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े। वोलवार्ट ने वस्त्राकर के पहले ही ओवर में चौके के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छह हजार रन पूरे किए। वोलवार्ट और ब्रिट्स ने संजीवन संजना पर भी चौके मारे। ऑफ स्पिनर श्रेयंका ने वोलवार्ट को अरुंधति के हाथों कैच कराके भारत को पहली सफलता दिलाई। कैप ने श्रेयंका के ओवर में दो चौके मारे लेकिन वस्त्राकर के अगले ओवर में मिडविकेट पर शेफाली वर्मा को कैच दे बैठीं और इस तेज गेंदबाज की 50वीं शिकार बनीं।

ब्रिट्स ने श्रेयंका पर दो और चौके मारे लेकिन ऑफ स्पिनर दीप्ति की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हवा में शॉट खेल गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मिड ऑफ पर शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। एनेके बॉश और क्लो ट्रॉयोन ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। वस्त्राकर ने बॉश (17) को पगबाधा करके दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया। दो गेंद बाद नेदिन डि क्लर्क (00) भी वस्त्राकर की गेंद को विकेटों पर खेल गईं जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 61 रन हो गया। राधा ने एनेरी डर्कसेन (02), सिनालो जाफ्ता (08) और नोनकुलुलेको मलाबा (00) को आउट किया जबकि अरुंधति ने ट्रॉयोन (08) की पारी का अंत किया। वस्त्राकर ने एलिज मारी मार्क्स (07) को विकेटकीपर उमा के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया।


विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 84/10, 17.1 ओवर। तेजमिन ब्रिट्स 20, लॉरा वोलवार्ट 9, मारिजेन कैप 10।
**विकेट :** पूजा वस्त्राकर 4, राधा यादव 3, दीप्ति 1, श्रेयंका पाटिल 1, अरुंधति रेड्डी 1।

# आखिरी मैच को यादगार बनाना चाहेंगे एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की शृंखला के पहले मुकाबले में मैदान पर उतरेंगे तो उनकी कोशिश अपने टेस्ट करियर के आखिरी मैच में यादगार प्रदर्शन करने की होगी। ऐतिहासिक लॉर्ड्स पर खेले जाने वाला शृंखला का पहला मैच एंडरसन का 188 वां और करियर का आखिरी टेस्ट मैच होगा।



एंडरसन ने इस साल अप्रैल में उस समय संन्यास का मन बना लिया था जब ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉब की, कोच बैंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें बता दिया था कि वह 2025-26 में खेले जाने वाले एशेज की उनकी योजना का हिस्सा नहीं है। एंडरसन भारत में खेली गई पिछली शृंखला में 33.50 की औसत से 10 विकेट चटकाए। वह धर्मशाला में आखिरी टेस्ट के दौरान 700 विकेटों का आंकड़ा छूने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ शृंखला से पहले एंडरसन ने काउंटी क्रिकेट में लंकाशर के लिए 35 रन पर सात विकेट चटकाकर लय में होने के संकेत दिए। उन्होंने अपने करियर का आगाज 21 साल पहले 2003 में लॉर्ड्स के मैदान पर ही किया था। टेस्ट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैदान पर आया है। इस टेस्ट में एक तरफ एक युग का अंत होगा तो दूसरा शुरू हो सकता है।

# भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के नए कोच बने गौतम गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गंभीर की नियुक्ति पर बीसीसीआई सचिव बोले- विश्वास है वह भारत को और आगे ले जाएंगे



विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।

टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।

# जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फोकस

**हरारे, एजेंसी**

- जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 में सलामी जोड़ी में हो सकता है बदलाव मध्यक्रम में जुड़ सकते हैं नए नाम



टी-20 विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की वापसी के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा में से एक का चयन काफी मुश्किल होगा। जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे। उनकी वापसी से टीम मजबूत हुई है जिसने दूसरे मैच में 100 रन से जीत दर्ज करके शृंखला में वापसी की थी।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने दूसरे मैच में 46 गेंद में शतक लगाया। वैसे भारत की पहली पसंद की टी-20 टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज होने के कारण जायसवाल का शुभमन गिल के साथ पारी की शुरूआत का दावा पुख्ता लगता है। जायसवाल ने 17 टी-20 मैचों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 161 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वैसे ऐसा होता नहीं है कि एक यादगार पारी खेलने के बाद बल्लेबाज को अगले मैच में बाहर किया जाए। वैसे गिल अंडर 14 दिनों के सबसे अच्छे दोस्त के साथ नाइंसाफी होने नहीं देंगे। ऐसे में दो खब्बू बल्लेबाजों में से एक को बल्लेबाजी क्रम में नीचे उतरना होगा।

**मैच : शाम 4: 30 बजे**

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा, रूतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, मुकेश कुमार, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, खलील अहमद, तुषार देशपांडे।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा ।

# नीदरलैंड को हराकर फाइनल में जाना चाहेगा इंग्लैंड

**यूरो कप 2024**

**डोर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी**



इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी।

इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है। इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतर्राष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं। स्विट्जरलैंड के खिलाफ अतिरिक्त समय में ऐंठन के कारण हैरी केन के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के कप्तान की फिटनेस पर भी नजरें रहेंगी। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन के अपनी शुरुआती एकादश में लगातार तीसरे मैच में कोई बदलाव नहीं करने की उम्मीद है। मेम्फिस डेपाय, कोडी गेप्को और स्टीवन बर्गविन की जोड़ी मैच में शुरुआत कर सकती है।

# कोपा के सेमीफाइनल में खेलेंगे मेसी : स्कालोनी

**न्यू जर्सी, एजेंसी**

अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि टीम के कप्तान लियोनेल मेसी कनाडा के खिलाफ कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल के लिए फिट है। सकालोनी ने कहा लियो ठीक है और कल वह खेल का हिस्सा होगा।

उन्होंने कहा वह खेलने के लिए फिट है और हम इसे लेकर सहज हैं। जब उनसे पूछा गया कि अगर मेसी स्पष्ट रूप से फिटनेस की कमी के बावजूद खुद को उपलब्ध कराते हैं तो वह क्या करेंगे। स्कालोनी ने कहा, यह बहुत आसान है क्योंकि 99 प्रतिशत समय ऐसा ही होता है वह खेलने के लिए तैयार है। टीम के मुख्य कोच ने कहा, इसका मुझ पर कभी कोई असर नहीं होगा, क्योंकि मैं जानता हूँ कि वह हमें क्या दे सकता है, भले ही वह अनुकूल परिस्थितियों में न हो। उल्लेखनीय है कि 37 वर्षीय मेसी मांसपेसियों की समस्या के कारण पेरू पर अर्जेंटीना की 2-0 की जीत के अंतिम ग्रुप मैच में नहीं खेल पाए थे। वह इक्वाडोर के खिलाफ क्वार्टरफाइनल के लिए शुरुआती 11 मिनट में वापस आ गए यह मैच अर्जेंटीना ने पेनल्टी पर जीता लिया था।



# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जोकोविच

**लंदन, एजेंसी**

सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में हूटिंग के बीच अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के होल्गर रूण को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए है।

सोमवार को जोकोविच ने दो घंटे और तीन मिनट तक चले मुकाबले में 15वीं वरीयता प्राप्त रूण को 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सात बार के चैंपियन जोकोविच क्वार्टरफाइनल में दुनिया के नौ नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से भिड़ेंगे। मैच के बाद जोकोविच ने कहा मुझे पता है कि वे रूण के लिए चीयर कर रहे थे, लेकिन यह हूटिंग करने का एक बहाना है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी तरकीबें पता हैं। मैंने इससे कहीं ज्यादा शत्रुतापूर्ण माहौल में खेला है। आप लोग मुझे छू नहीं सकते। वहीं एक अन्य मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल में फ्रिट्ज का मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा।


डेनमार्क के होल्गर रूण के खिलाफ मैच में शॉट खेलते जोकोविच। ● एजेंसी

### यूक्रेन पर मिसाइल हमले से चिंतित स्वितोलिना

**लंदन।** विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बावजूद यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के चेहरे पर खुशी नहीं थी क्योंकि वह अपने देश पर रूस के मिसाइल हमले को लेकर काफी चिंतित दिखीं। स्वितोलिना ने वांग शिन्यु को 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। उनका कहना था कि यह जीत उनके देश के लोगों के अंधेरे जीवन में रोशनी और खुशी की एक किरण लेकर आएगी। स्वितोलिना की दादी, चाचा और कई रिश्तेदार यूक्रेन में हैं। स्वितोलिना ने कहा मेरे लिए यहां रहना मुश्किल है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### अमेरिका में भारतीय छात्र की डूबने से मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के ट्राइन विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे 25 वर्षीय एक भारतीय छात्र की न्यूयॉर्क राज्य के अल्बानी में एक झरने में डूबने से मौत हो गई। यहां भारत के वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। साई सूर्या अविनाश गड्डे की 7 जुलाई को यहां से करीब 240 किलोमीटर उत्तर में अल्बानी के बार्बरविले फॉल्स के पास गया था। दूतावास ने कहा कि हम अविनाश की मौत से बहुत दुखी हैं। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कहा हम शोक संतप्त परिवार एवं मित्रों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

### उड़ान भरने के बाद विमान का पहिया निकला

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में यूनाइटेड एयरलाइंस के बोइंग जेट विमान का पहिया सोमवार को उड़ान भरते समय निकल गया। हालांकि, बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित उतार लिया गया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। लॉस एंजिलिस में विमान का पहिया बरामद कर लिया गया है।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन 23 शव बरामद

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

### कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों ने शुरू किए

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख भारतीय अमेरिकियों के एक समूह से कहा कि कैलिफोर्निया में 42 प्रतिशत स्टार्टअप प्रवासियों द्वारा शुरू किए गए और इस प्रांत की सफलता में इनका उल्लेखनीय योगदान है। डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ नेता न्यूसम ने सोमवार को मैसाचुसेट्स में एक कार्यक्रम में ये बात कहीं कि हमारे प्रांत की सफलता में प्रवासी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

# पांव पसार रहा ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ऐसे बचें




**अमृत विचार नेटवर्क।** बदलते वक्त के साथ ही भारत में डिजिटलाइजेशन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश में ई-कॉमर्स कंपनियों के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम भी तेजी से पांव पसार रहा है। एक सर्वे में पता चला है कि पांच में से एक शहरी भारतीय ऑनलाइन स्कैम का सामना करता है और इसके कारण वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। 20% शहरी भारतीय ऑनलाइन घोटालों के शिकार हुए हैं, जिनमें ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सबसे अधिक है। इस ऑनलाइन शॉपिंग घोटालों में नकली वेबसाइट फिशिंग ईमेल सोशल मीडिया विज्ञापन और नकली शिपिंग अलर्ट शामिल हैं। इसमें स्कैमर्स भुगतान जानकारी चुराने के लिए असली सेलर जैसी नकली वेबसाइट बनाते हैं। इसके बाद फिशिंग ईमेल पीड़ितों को नकली वेबसाइटों पर व्यक्तिगत डिटेल डालने के लिए बरगलाते हैं।

### ऐसे समझिए ऑनलाइन शॉपिंग स्कैम क्या है

स्कैमर्स किसी भी साइट की नकली और बिल्कुल हू-ब-हू वेबसाइट बनाते हैं, जिससे अक्सर लोग प्रभावित हो जाते हैं। स्कैमर्स ऐसी वेबसाइटों पर उत्पाद का प्रचार जमकर करते हैं क्योंकि वह जानते हैं खरीदार उत्पाद देखकर फंस जाएगा। इसके अलावा वे फर्जी इमेल भेजते हैं, जिसमें लिंक होता है, क्लिक करते ही लोग जाल में फंस जाते हैं।

### स्कैमर्स द्वारा इस्तेमाल के तरीके

- **नकली वेबसाइट :** स्कैमर्स असली ऑनलाइन रिटेलर्स की नकल करते हैं और लोकप्रिय वस्तुओं पर भारी छूट देते हैं। एक बार जब आप अपना भुगतान विवरण डालते हैं, तो वे आपके पैसे चुरा लेते हैं और गायब हो जाते हैं।
- **फिशिंग ईमेल :** इसमें स्कैमर्स विश्वसनीय कंपनियों (बैंक, क्रेडिट कार्ड) से ईमेल के रूप लिंक भेजते हैं। उनमें असली वेबसाइटों की नकल करने वाली नकली वेबसाइटों पर जाने वाले लिंक होते हैं। इन नकली साइटों पर अपनी जानकारी दर्ज करने से उनको आपकी व्यक्तिगत जानकारी मिल जाती है।
- **सोशल मीडिया विज्ञापन :** भ्रामक सोशल मीडिया विज्ञापन अविश्वसनीय डील के साथ नकली प्रोडक्ट या सर्विस को बढ़ावा देते हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने से आप नकली वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो जाते हैं, जहां आपको अपनी भुगतान जानकारी साझा करने के लिए धोखा दिया जाता है।
- **नकली शिपिंग अलर्ट :** ये अलर्ट, जो वैध शिपिंग कंपनियों से लगते हैं, लेकिन वास्तव में नकली वेबसाइटों के लिंक होते हैं। उन पर क्लिक करने से आपको अपनी शिपिंग जानकारी अपडेटट करने के लिए प्रेरित किया जाता है और अनजाने में आप अपने व्यक्तिगत विवरण स्कैमर्स को सौंप देते हैं।




### फ्रॉड से रहें सचेत, अपनाएं ये उपाय

- हमेशा सही ऑनलाइन रिटेलर्स से ही खरीदारी करें। यदि आप किसी स्टोर से परिचित नहीं हैं, तो खरीदारी करने से पहले उसकी वैधता की जांच करें।
- ईमेल या सोशल मीडिया विज्ञापनों में एम्बेड किए गए लिंक पर तब तक क्लिक न करें जब तक कि आप उनके सोर्स के बारे में पूरी तरह सुनिश्चित न हों।
- लिंक पर माउस घुमाने से वास्तविक गंतव्य वेबसाइट का पता चल सकता है।
- सुनिश्चित करें कि वेबसाइट URL खुदरा विक्रेता के नाम से मेल खाता हो और सुरक्षित कनेक्शन के लिए https से शुरू होता हो।
- कभी भी अविश्वसनीय वेबसाइटों पर व्यक्तिगत विवरण (नाम, पता, फोन नंबर, क्रेडिट कार्ड की जानकारी) साझा न करें।
- सुरक्षा की दृष्टि से डेबिट कार्ड की तुलना में क्रेडिट कार्ड बेहतर होते हैं।

# संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं

## मोदी बोले- यूक्रेन युद्ध में मासूमों की मौत पीड़ादायक, पुतिन ने युद्ध विराम को लेकर भारत के सुझावों की सराहना की

मॉस्को, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

मोदी ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का समाधान बातचीत से निकाला जाना चाहिए। नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। मोदी ने कहा शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है। मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और मंगलवार को पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी-पुतिन वार्ता से पहले वाशिंगटन में कहा हम भारत से आग्रह करेंगे, जैसा कि हम रूस से वार्ता करने वाले हर देश से करते हैं कि वह स्पष्ट करे कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता एवं यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य में, सोमवार को यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है।



मॉस्को में 22वें रूस-भारत शिखर वर्ता के दौरान चर्चा करते मोदी-पुतिन।

**मोदी के पुतिन से गले मिलने पर जेलेंस्की ने आपत्ति जताई :** इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मोदी के पुतिन से गले मिलने पर आपत्ति जताई। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा यूक्रेन में बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर रूसी मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें कैंसर के मरीज बच्चों पर निशाना साधा गया। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। उन्होंने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मॉस्को में ऐसे दिन दुनिया के सबसे बड़े खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखना बड़ा निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ अपनी अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि रूस के राष्ट्रपति की बात सुनने से उम्मीद बनी।




रक्षा एवं अनुसंधान रोसेटम मंडप में समुद्रीपोत का नमूना देखते मोदी।

### भात-रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है। मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी को एटमिक सिम्फनी भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का हृदय है।

### सुख-दुख का भरोसेमंद साथी है रूस : मोदी

**मॉस्को।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को रूस को भारत का सुख-दुख का साथी और सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके डीएनए में है। मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। हमारे रूसी दोस्त इसे द्रुजवा कहते हैं और हम हिंदी में इसे दोस्ती कहते हैं।

# पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी।** सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं।

भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था।

कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया।

### कठुआ मुठभेड़



छानबीन करते आर्मी के जवान।

### बारिश रुकते ही फिर तलाशी अभियान शुरू

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सोमवार देर रात अभियान को स्थगित कर दिया था लेकिन मंगलवार को इसे फिर से शुरू किया गया। सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त तलाशी दलों ने कठुआ, उधमपुर और डोडा सहित विभिन्न दिशाओं से अभियान शुरू किया है।

### जोरदार धमाके की आवाज आई थी : पूरनचंद

ग्रामीण पूरन चंद शर्मा ने बताया हमले से करीब 10 मिनट पहले एक गैर सैनिक बस वहां से गुजरी थी। हमने जोरदार धमाका सुना और शुरुआत में लगा कि टायर फटा है लेकिन कुछ देर बाद ही गोलीबारी की आवाज आने के महसूस हुआ कि मुठभेड़ शुरू हो गयी है।

# सिंगापुर में नाबालिग से दुष्कर्म में भारतीय को 13 साल जेल

सिंगापुर एजेंसी

- नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई, भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया

यहां की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए सोमवार को 13 वर्ष चार सप्ताह की जेल और नौ कोड़े मारने की सजा सुनाई है।

समाचार चैनल न्यूज एशिया की खबर के मुताबिक, राज कुमार बाला (42) को पीड़िता के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के अलग-अलग आरोपों के अलावा चिल्ड्रन एंड यंग पर्सन एक्ट के तहत भगोड़ों को शरण देने के मामले में भी दोषी ठहराया गया। दोषी बाला भारतीय मूल का नागरिक है, जिसके पास अब सिंगापुर की नागरिकता है और वह देश में एक बार का संचालन करता है। खबर के अनुसार, बचाव पक्ष के वकील रमेश तिवारी ने कहा कि उनके मुवक्किल ने अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया है।

## चीन पर साइबर हमलों का लगाया आरोप

**बीजिंग।** ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका ने मंगलवार को चीन पर ऑस्ट्रेलिया और अन्य स्थानों पर सरकारी एजेंसियों पर साइबर हमले करने का आरोप लगाया। इन पांच देशों को जासूसी गठबंधन फाइव आईज''कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेट/नेटवर्क मामलों के निदेशालय द्वारा फाइव आईज के सहयोगी देशों जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया की सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन का सुरक्षा मंत्रालय 'नेटवर्क ऑफ इंटरेस्ट' को हैक कर रहा है।

# फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद अगली सरकार बनाने की तैयारी में जुटे

पेरिस, एजेंसी

- चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को नहीं मिला था स्पष्ट बहुमत

फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद मंगलवार को नेशनल असेंबली में बातचीत के लिए जुटे, ताकि त्रिशंकु संसद बनने के बाद वे साथ मिलकर बहुमत वाली सरकार का गठन कर सकें।

संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली के लिए हुए चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल से सरकार का दैनिक कामकाज संभालते रहने को कहा। वहीं, पेरिस ओलंपिक शुरू होने में तीन सप्ताह से भी कम समय शेष है। मैक्रों वाशिंगटन में नाटो के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होंगे। चुनाव में कोई भी गुट सरकार बनाने के लिए आवश्यक बहुमत के करीब भी नहीं पहुंच पाया, जिससे यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के ठप्प हो जाने का खतरा बढ़ गया है। हालांकि, यूरोप में त्रिशंकु संसद बनना कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह स्थिति अभूतपूर्व है। सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले वामपंथी गठबंधन, 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' का कहना है कि उन्हें नयी सरकार बनानी चाहिए। गठबंधन में शामिल तीन मुख्य पार्टियों - कट्टर वामपंथी फ्रांस अन्बाउड, सोशलिस्ट्स और ग्रीन्स - ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार तलाशने के लिए बातचीत शुरू कर दी है।

# अमेरिका भारत से बोला- यूक्रेन संघर्ष समाधान में संप्रभुत्ता का हो सम्मान

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारत रणनीति साझेदार है जिसके साथ पूर्ण व स्पष्ट बातचीत हो सकती
- भारत की इस मसले पर सर्वजनिक टिप्पणी का रहेगा इंतजार

अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया। मिलर ने कहा भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा मैं मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की।

## बॉलीवुड हलचल

### कंगना रनौत ने मीना कुमारी की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने ट्रेजडी क्वीन, दिवंगत अभिनेत्री मीना कुमारी की तारीफ की है। रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कमल अमरोही निर्देशित फिल्म पाकीजा से मीना कुमारी की एक क्लिप शेयर की है। इसके साथ कंगना ने लिखा मैंने मीना जी के काम को ज्यादा नहीं देखा है, लेकिन मैंने बहुत कुछ पढ़ा है। वह अपने काम के लिए काफी मशहूर थीं। दुख से लेकर हंसी और फिर निराशा तक का यह रोंगटे खड़े कर देने वाला बदलाव सबसे बढ़कर है। उस दौर में दूसरी हीरोइंस को एक्ट्रेस कहने की हिम्मत कोई नहीं करता था, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री कहते थे कि वो सब हीरोइंस हैं, लेकिन एक्ट्रेस एक ही हैं- मीना कुमारी। कंगना बहुत जल्द फिल्म इमरजेंसी में नजर आने वाली हैं।



### अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का गाना दे ताली रिलीज हो गया है। श्लोक लाल के बोल और तनिष्क बागची की एड्रेनालाईन पैक रचना और दमदार गायकी के साथ, दे ताली प्रेरणादायक और प्रेरक गान है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्टअप और एविएशन पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास जैसे शानदार कलाकारों से सजी सरफिरा कैप्टन गोपीनाथ की किताब सिंपलीफ्लाई से प्रेरित है। यह फिल्म ग्रामीण महाराष्ट्र में एक शिक्षक के बेटे वीर जगन्नाथ म्हात्रे (अक्षय कुमार) की यात्रा का अनुसरण करती है।



### पवन सिंह और डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह का गाना रंगदारी रिलीज हो गया है। पवन सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पॉवर स्टार को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। पवन सिंह और मधु शर्मा की मुख्य भूमिका वाली इस फ़िल्म का जब से फर्स्ट लुक आया है तब से उनके फैंस और ऑडियंस का क्रेज देखते ही बन रहा है। इसी कड़ी में टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से पवन सिंह और अभिनेत्री डिम्पल सिंह पर फिल्माया नया सांग रंगदारी रिलीज किया गया है।

## डेमोक्रेटिक पार्टी सदस्यों की चिंताओं को गंभीरता से ले रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रभावशाली कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस राष्ट्रपति जो बाइडेन को राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवारों की दौड़ से हटाने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच उनके बारे में अपने सदस्यों की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुन रहा है।

कॉकस की अध्यक्ष और भारतीय अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेसनल प्रोग्रेसिव कॉकस (सीपीसी) अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी से संबद्ध एक समूह है। जयपाल ने कहा यह सच है कि डेमोक्रेट्स हमारे सदस्यों और घटकों के बीच बातचीत कर रहे हैं क्योंकि हम अपनी पार्टी की रक्षा करने के लिए सबसे अच्छे रास्ते पर विचार करते हैं।

**तैयारी** संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का होगा आयोजन

# न्यूयॉर्क में होगा भारतीय संस्कृति का प्रदर्शन

न्यूयॉर्क एजेंसी

- ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

न्यूयॉर्क के ऐतिहासिक लिंकन सेंटर में सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भारतीय संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन और साहित्यिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। वैश्विक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए शहर के प्रख्यात लिंकन सेंटर में 10 से 14 जुलाई तक इंडिया वीक आयोजित किया जाएगा जिसमें भारतीय संस्कृति की सुंदरता और जीवंतता की झलक देखने को मिलेगी। सप्ताह भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में देश के संगीत, नृत्य, कला, व्यंजन तथा अन्य क्षेत्रों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। 'इंडिया वीक' के मुख्य आकर्षण में प्रसिद्ध तालवादक पद्म भूषण पुरस्कार विजेता वीटी एच. विनायकराम, ग्रैमी-नामांकित गायिका प्रिया दर्शिनी की गीत प्रस्तुति, पीबॉडी पुरस्कार विजेता अभिनेता एवं लेखक आसिफ मांडवी, हास्य अभिनेता हरि कोंडाबोलू, एमी-नामांकित लेखक व हास्य कलाकार निमेश और अपर्णा नानचेरला की प्रस्तुति शामिल होगी। नानचेरला को रोलिंग स्टोन द्वारा 'द 50 फनीएस्ट पीपुल राइट नाऊ' में से एक नामित किया गया है। इसमें ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'आरआरआर' भी दिखायी जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन एस. एस राजमौली ने किया है। सप्ताह भर आयोजित होने वाले समारोह का मुख्य आकर्षण राजस्थानी लोक समूह 'एसएजेड' होगा जिसमें सुमित्रा दास गोस्वामी 'रंग-ए-थार' प्रस्तुत करेंगी।



इंडिया वीक आयोजन के तहत तैयारी करतीं छात्राएं।